✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 219 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 5 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



देवघर स्थित बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनकी पत्नी

# सोमनाथ : अटूट आस्था के शानदार 1000 वर्ष

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री, भारत सरकार



सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है...सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया हैः सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते। लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत। अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया। महमूद गजनवी लूटकर चला गया लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है। ये हमारा सौभाग्य (शेष पृष्ठ 11 पर)

# बिहार में तीन लाख आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी बनेगा आयुष्मान कार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे का विस्तार करते हुए श्रमिक और फ्रंटलाइन वर्करों को बड़ी राहत दी है। अब आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका, विशेष सशस्त्र पुलिस बल के जवान और भवन निर्माण कर्मकार बोर्ड में निबंधित श्रमिकों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इन सभी पात्र लाभार्थियों और उनके परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य सुरक्षा समिति से मिली जानकारी के अनुसार निर्णय से राज्य में 17 लाख से अधिक कामगारों के परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) शशांक शेखर ने बताया कि राज्य में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका से जुड़े कुल 268492 परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। इनके अलावा भवन निर्माण कर्मकार बोर्ड में निबंधित श्रमिकों के 1426 लाख परिवार भी इस योजना के दायरे में आ गए हैं। इन श्रमिकों का स्वास्थ्य बीमा श्रम संसाधन विभाग द्वारा कराया जाएगा। किसी श्रमिक के बीमार पड़ने पर इलाज से संबंधित बीमा कवरेज की राशि का भुगतान भी श्रम संसाधन विभाग करेगा। उन्होंने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी सेविका और (शेष पृष्ठ 11 पर)

### पांच लाख रुपये तक होगा मुफ्त इलाज



# सम्राट चौधरी का काम शानदार : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार की राजनीति के दिग्गज नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनी चौधरी के 90वें जन्मदिन के अवसर पर पटना स्थित उनके आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद शकुनी चौधरी को बधाई देने पहुंचे और उनके दीर्घायु-उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले शकुनी चौधरी का हाल चाल जाना और उनके राजनीतिक जीवन के लंबे अनुभव और योगदान को याद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शकुनी चौधरी के बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सराहना की। नीतीश कुमार ने कहा कि सम्राट चौधरी जिस तरह से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, वह काबिले-तारीफ है। उन्होंने शकुनी चौधरी से कहा कि उनका बेटा बेहद शानदार काम कर रहा है और आने वाले समय में राजनीति में बहुत आगे तक जाएगा। नीतीश कुमार ने कहा कि सम्राट चौधरी में प्रशासनिक समझ के साथ-साथ राजनीतिक सूझबूझ भी है। उनका काम करने का तरीका व्यवस्थित और प्रभावी है, जो उन्हें एक मजबूत नेता के रूप में स्थापित करता है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि सम्राट चौधरी भविष्य में राज्य की राजनीति में और बड़ी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने भी शकुनी चौधरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने शकुनी चौधरी के राजनीतिक जीवन, सामाजिक योगदान और उनके अनुभवों को राज्य के लिए अमूल्य बताया। शकुनी चौधरी का 90वां जन्मदिन सादगी के साथ मनाया गया। इस मौके पर बिहार भाजपा के अनेक सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शकुनी चौधरी से मिल कर उन्हें शतायु, स्वस्थ्य व सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दीपक जलाए गए साथ ही मुख्यमंत्री ने गुब्बारे भी उड़ाए।

## संक्षिप्त समाचार

### लालगंज थानाध्यक्ष और दारोगा निलंबित

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के लालगंज थाना के थानाध्यक्ष संतोष कुमार और दारोगा सुमन जी झा को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया है। दोनों पर चोरी के एक मामले में जब्त किए गए आभूषण और नकदी को छिपाने का गंभीर आरोप है। इस कार्रवाई की पुष्टि सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने की है।

### इकलौते बेटे ने लगाई फांसी

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** गोविंदपुर प्रखंड के तेतरिया गांव में रविवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान बिरजू साहू के इकलौते बेटे टार्जन कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना प्रभारी ने मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

### इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** बक्सर पुलिस ने ब्रह्मपुर चौरास्ता के समीप से जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसडीपीओ पोलत्स कुमार ने दी।

# रविवार और छुट्टियों के दिन भी खुले रहेंगे निबंधन कार्यालय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राजस्व का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रविवार और छुट्टी के दिन भी निबंधन कार्यालय खोलने का फैसला लिया है। राष्ट्रीय अवकाश को छोड़कर पूरे राज्य में अब निबंधन कार्यालय सभी दिन खुलेंगे। मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग की ओर से इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार का लक्ष्य केवल राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि आम लोगों के लिए निबंधन की प्रक्रिया को आसान बनाना है। नए साल में यह व्यवस्था जनवरी के लिए फिलहाल किया गया है लेकिन जो जानकारी मिल रही है, इस वित्तीय वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। अधिसूचना में जो जानकारी दी गई है कि अक्सर ऐसा देखा जाता है कि दफ्तरों की छुट्टी के कारण संपत्ति का निबंधन टलता है। अब सरकार ने ने जो व्यवस्था की है, उसके कारण नौकरी पेशा और व्यावसायिक लोगों को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि वह रविवार और छुट्टी के दिन भी आराम से निबंधन करा सकेंगे। सरकार को उम्मीद है कि नई व्यवस्था से निबंध के लिए लगने वाली भीड़ कमेगी और राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। हालांकि सरकार के फैसले का कितना असर राजस्व बढ़ाने में होता है, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल सरकार के फैसले पर रजिस्ट्री करने वाले कातिब सुभाष सिंह का कहना है कि लोगों को इससे लाभ मिलेगा और सरकार का भी राजस्व बढ़ेगा, क्योंकि छुट्टी के दिन जब खुलेगा तो लोग आसानी से अपना रजिस्ट्री का चालान कटा सकते हैं। हालांकि पहला संडे होने के कारण पटना रजिस्ट्री निबंधन कार्यालय के पास इक्के-दुक्के लोग ही दिखाई दिए।

# बिहार की पांच पत्थर खदानों के पट्टे निरस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पांच पत्थर खदानों से खनन की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है और पट्टे भी निरस्त हो चुके हैं। जिसके बाद इन खदानों से अवैध पत्थर खनन की आशंका बढ़ गई है। जिसे देखते हुए खान एवं भूतत्व विभाग ने संबंधित जिलों के खनन अधिकारियों को अतिरिक्त निगरानी का निर्देश जारी किए हैं। विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिलों को विशेष निगरानी के निर्देश जारी करने के साथ ही विशेष एहतियात बरतते हुए अलग से उडऩ दस्ता टीमें भी बनाई हैं, जो ऐसे खदानों की नियमित जांच करेगी। बता दें कि पांच खदानों के पट्टों की समयसीमा खत्म होने और वहां से खनन बंद होने के बाद फिलहाल केवल तीन खदानों से ही पत्थर खनन हो रहा है। इन तीनों खदानों का (शेष पृष्ठ 11 पर)

### शिक्षक नेता के निधन पर सीएम नीतीश ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष, पूर्व सांसद अरूण कुमार के पिता एवं घोसी से जदयू विधायक ऋतुराज कुमार के दादा ब्रजनंदन शर्मा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि ब्रजनंदन शर्मा ने संघ के अध्यक्ष के रूप में लगातार शिक्षकों के हित में काम किया है। वे शिक्षकों के बीच काफी लोकप्रिय थे और उनके सर्वमान्य नेता थे।

Best wishes to Dainik Bhaskar for completing successful 10 years.



MASAURHI CENTRAL SCHOOL
नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
FOR CLASSES: PRE. NURSERY TO STD. IX
Run by: DEVPYARI SEWA SANSTHAN
Based on C.B.S.E. Curriculum, New Delhi
17वां स्थापना दिवस
FREE Admission from Jan. to Feb.
ADMISSION OPEN 2025-2026
9430515174, 920428294
JEHANABAD ROAD, AMBIKA NAGAR, MASAURHI

।। सदैव समर्पित।। ।। सदैव समर्पित।।



05.01.1952 - 13.05.2024

श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी जयंती समारोह

सादर आमंत्रण

प्रिय स्नेहीजन,

अत्यंत विनम्र भाव से आपको सूचित करते हैं कि हमारे प्रेरणास्रोत, बिहार के पुनर्निर्माण के नायक और लाखों लोगों के प्रिय नेता श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी जी की जयंती के पावन अवसर पर एक विशेष जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

इस स्मृति समारोह का उद्देश्य उनके विराट व्यक्तित्व, राष्ट्र और राज्य के प्रति उनके अमूल्य योगदान तथा जनसेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण को श्रद्धापूर्वक याद करना है। सुशील जी ने अपने जीवनकाल में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

आपसे विनम्र आग्रह है कि इस भावुक क्षण में, जब हम उनके कृत्य और व्यक्तित्व को स्मरण कर रहे हैं, आप सभी उनके परिवार के सदस्य के रूप में उपस्थित हों और अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस समारोह को सुशोभित करें। आपकी उपस्थिति उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर हम उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर एक सार्थक विमर्श करेंगे और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लेंगे।

धन्यवाद!

दिनांक : 5 जनवरी, 2026 (सोमवार)
समय : 11 बजे पूर्वाह्न
स्थान : श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना

सुशील कुमार मोदी स्मृति एवं शोध संस्थान
स्थापना - 2024

सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान, पटना

# भिक्षुकों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ रही नीतीश सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की सड़कों पर अब भिक्षा मांगते हाथ, आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना' के तहत राज्य सरकार भिक्षुकों को न केवल समाज की मुख्यधारा से जोड़ रही है, बल्कि उन्हें छोटे कारोबार के लिए आर्थिक संजीवनी भी प्रदान कर रही है। अब तक सैकड़ों भिक्षुक इस योजना का लाभ उठाकर सम्मानजनक जीवन की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। इस संबंध में राज्य के समाज कल्याण विभाग का कहना है कि भिक्षुकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें दस हजार रुपए की एकमुश्त आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस राशि का उपयोग वे छोटे व्यवसाय या स्वरोजगार शुरू करने के लिए कर सकते हैं। अब तक कुल 544 भिक्षुकों को यह सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा सरकार उनके बैंक खाते खुलवाने, आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाने में भी पूरी मदद कर रही है। भिक्षुकों के पुनर्वास को गति देने के लिए राज्य में 6 सक्षम उत्पादक समूह कार्य कर रहे हैं। इन केंद्रों पर भिक्षुकों को उनकी रुचि के अनुसार स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें इनके द्वारा अगरबत्ती, दीया-बाती, नारियल झाड़ू, चप्पल और जूट के उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इन उत्पादों की बिक्री से जो भी आय होती है, उसे सीधे इनको बनाने वाले भिक्षुकों के बीच वितरित कर दिया जाता है जिससे उन्हें नियमित कमाई हो रही है। ऐसा करने से यह इनके आय का जरिया बन गया है जिससे भिक्षुकों में खुशी है। भिक्षावृत्ति को जड़ से खत्म करने के लिए राजधानी पटना समेत गया, नालंदा, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया, सहरसा, भागलपुर, मुंगेर और सारण जैसे 10 प्रमुख जिलों में 19 भिक्षुक पुनर्वास गृह चलाए जा रहे हैं। यहां भिक्षुकों के रहने, खाने और मुफ्त इलाज की उत्तम व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं बिहार सरकार 14 अन्य जिलों जैसे पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, औरंगाबाद, कटिहार आदि में भी नए पुनर्वास गृह और भोजपुर में 2 'हाफ वे होम' खोलने की तैयारी पर काम कर रही है।

# रोहतास, बिक्रमगंज, औरंगाबाद एवं कैमूर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का सफल आयोजन

**नेशनल मेडिको ऑर्गेनाइजेशन एवं नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सासाराम के तत्वावधान में आयोजन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नेशनल मेडिको ऑर्गेनाइजेशन एवं नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सासाराम यूनिट के तत्वावधान में समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर चार जिलों में व्यापक स्तर पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का सफल आयोजन किया गया। ये सभी शिविर गोपाल नारायण सिंह, गोविंद नारायण सिंह, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं भूपेंद्र नारायण सिंह के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में संपन्न हुए। रोहतास जिले में कुल 7 नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। डिहरी, कदरीगंज, शिव घाट, करवंदिया, मां ताराचंडी बस्ती, बेलहर एवं नवरत्न बाजार। बिक्रमगंज क्षेत्र में कुल 4 शिविर आयोजित किए गए। मनी गांव, धंगाई, बलुआही एवं सिकरिया। औरंगाबाद जिले में कुल 5 शिविर आयोजित किए गए। रामराज्य नगर, यमुना नगर, हनुमान नगर, अंबेडकर नगर एवं केशव नगर (गांधी मैदान)। कैमूर जिले में कुल 5 शिविर आयोजित किए गए। बिंद नगर, सीओ, गुरुद्वारा के पीछे, भगवानपुर एवं भोकहरी। इन सभी शिविरों का आयोजन एवं समन्वय प्रो. डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, कुलपति डॉ प्रो जगदीश सिंह, डॉ सुदीप, डॉ प्रो आलोक प्रताप सिंह, प्रो. डॉ. निपेंद्र आनंद, प्रो. डॉ. राहुल चंद्र, डॉ पुनीत कुमार सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह, डॉ मणिकांत कुमार, डॉ. वैभव श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। चिकित्सकीय सेवाओं में सक्रिय योगदान देने वालों में डॉ. अमित तिवारी, डॉ. श्वेतांशु, डॉ. मयंक गोहिल, डॉ गार्गी, डॉ सुमित रंजन, डॉ प्रियंका बिश्नोई, डॉ राहुल मित्तल, डॉ पारस खरबंदा, डॉ हर्ष मार्कंडेय, डॉ काजल खतरी, डॉ दिव्यांशु राणा, डॉ प्रेरणा सिंहा, डॉ गौरव, डॉ शुभम गुप्ता, डॉ अक्षत भारद्वाज, डॉ मैत्रेई, डॉ अमन राज, डॉ दीप्तांशु, डॉ नेहा, डॉ स्वाति, डॉ रौनक ब्रिज इंटर्न्स डॉ. राजू कुमार, डॉ. साक्षी कुमारी, डॉ. प्रीति पाल, डॉ. अपूर्वा जायसवाल, डॉ. तुषार गर्ग, डॉ. आस्था, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. प्रज्ञा परमीता, डॉ. मुस्कान कुमारी, डॉ. माधवी कुमारी, डॉ. नव्या वर्मा, डॉ. नितीश, डॉ. कुनाल कुमार, डॉ. प्रियंका, डॉ. आरती यादव, डॉ. संजू यादव, डॉ. पल्लवी कुमारी, डॉ. विमल कुमार सिंह, डॉ. विकाश कुमार (एक्सटर्न), डॉ. आसिफ इकबाल, डॉ. अभिरामा किशोर, डॉ. रंजय बाबू, डॉ. भाविक कुमार, डॉ. शहनवाज रही, डॉ. दिलीप कुमार (एक्सटर्न), डॉ. प्रथमेश चौधरी, डॉ. मोनू कुमार, अंकुर, रजनीश, अमन प्रेम, सेतु, दीपिका, अंशुमान सिंह, श्रेया, ऋषभ पटेल, अतुल्य अथवा अन्य छात्रों का भी साथ रहा। इस पूरे चिकित्सा कारवां को प्रो. डॉ. जितेंद्र कुमार एवं डॉ. मनीष कुमार द्वारा हरी झंडी (रेड फ्लैग संकेत) दिखाकर औपचारिक रूप से रवाना किया गया। इन शिविरों में कुल 120 छात्र-छात्राओं (पीजी, इंटर्न एवं अंडरग्रेजुएट्स) ने भाग लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाया। शिविरों में सामान्य रोग जांच, परामर्श, दवा वितरण एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया।

# चेयरमैन और सीइओ, रेलवे बोर्ड ने पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की तैयारियों का जायजा लेने मालदा टाउन स्टेशन का किया दौरा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने आज पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के मालदा टाउन रेलवे स्टेशन का दौरा किया और भारतीय रेलवे की ओर से देश को नए साल के तोहफे के तौर पर पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के उद्घाटन रन की तैयारियों का जायजा लिया। एकदिवसीय दौरे पर मालदा टाउन स्टेशन पर पहुंचे रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार के साथ पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देवस्कर, कई प्रमुख विभागों के प्रधान और मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता मौजूद थे। अध्यक्ष श्री कुमार ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के प्रमुख बुनियादी ढांचे और परिचालन मापदंडों की समीक्षा की। ताकि सेवा शुरू होने से पहले सुरक्षा, गुणवत्ता और सेवा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। इसके बाद उन्होंने मालदा टाउन स्टेशन का निरीक्षण किया और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा कर अब तक हुई प्रगति की सराहना की। साथ ही अधिकारियों को सुधार के लिए और कदम उठाने की सलाह दी।

# सुशील मोदी के जन्मदिवस पर जरूरतमंदों के बीच चश्मे वितरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** मां वैष्णव देवी सेवा समिति एवं मां ब्लड सेंटर परिवार के द्वारा चश्मा बैंक के माध्यम से एक सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, नेत्र विशेषज्ञ मनीष गुप्ता और अजय ऑप्टिकल्स के सहयोग से संचालित कैंप में कुल 95 लोगों का पावर चेक हुआ जिसमें 65 जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क पावर वाले चश्मे प्रदान किए गए। इससे पहले 30 नवंबर 2025 को रोशनी देने के अनोखे पहल के तहत पहले संस्करण में 55 लोगों को रोशनी मिली थी। यह सेवा कार्यक्रम बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्व. सुशील मोदी की धर्मपत्नी डॉ. जेस्सी मोदी ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, बिहार के अध्यक्ष संजय सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉ जेस्सी मोदी ने स्व. सुशील मोदी के सामाजिक सरोकारों, सेवा भाव और जनकल्याण के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए कहा कि वे सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा और सम्मान पहुंचाने के पक्षधर रहे। उनके जन्मदिवस पर जरूरतमंदों को दृष्टि सहायता उपलब्ध कराना उनके विचारों को सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संजय सरावगी ने मां वैष्णव देवी सेवा समिति द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्यों की सराहना की। कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि समिति के हर निस्वार्थ सेवा कार्य में तन मन धन से सेवा देता रहूंगा। मौके पर समिति के मुकेश हिसारिया ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं दृष्टि बाधित जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क पावर वाले चश्मे उपलब्ध कराकर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना, पढ़ाई-लिखाई, रोजगार एवं दैनिक कार्यों को सुगम बनाना तथा समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करना है। मौके पर समिति के नरेश अग्रवाल ने कहा कि चश्मा बैंक के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि कोई भी व्यक्ति केवल संसाधनों के अभाव में अच्छी दृष्टि से वंचित न रहे। मौके पर मनीष बनेटिया ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं सेवा आधारित कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के जरूरतमंद वर्गों को लाभ पहुंचाया जा सके। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जगजीवन सिंह, मुकेश हिसारिया, मनीष बनेटिया, जय प्रकाश, संजय तोतला, आलोक अग्रवाल, महावीर मोदी, मुकेश कांत, किशन बंका, मोनू जी, शंभु केशरी, सौरभ जी, डॉक्टर अमितेश अग्रवाल, गौतम मोदी, संजय अग्रवाल, राजेश बजाज, सुनील मित्तल, सतीश खेमानी सहित अनेक गणमान्य अतिथिगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्व. सुशील मोदी जी के अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अपने 'ब्रांड' के साथ पूरे देश में पहुंचना चाहती है मुजफ्फरपुर की 'हनी गर्ल' अनिता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की महिलाओं को पंख दिए हैं और 'हनी गर्ल' के नाम से मशहूर मुजफ्फरपुर जिले की रहने वाली अनिता कुशवाहा उन्हीं पंखों के साथ अपना 'ब्रांड' लिए देश के कोने कोने में पहुंचना चाहती है। 'हनी गर्ल'-अनिता कुशवाहा ने बातचीत के दौरान कहा कि करीब 23 साल तक कुटीर उद्योग के रूप में शहद का कारोबार करने के बाद अब वह खुद का ब्रांड बनाना चाहती है और देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाना चाहती है। पटना के गांधी मैदान में चल रहे ग्रामीण उत्पादों और सहकारी समूहों के मेले में अपने शहद के स्टॉल पर बैठी अनिता जिंदगी के ताने बाने बुनते हुए नई ऊंचाइयों के ख्वाब संजोए हुए है। करीब 23 साल तक कुटीर उद्योग के रूप में विभिन्न बिक्रेताओं को अपना शहद बेचने वाली 'हनी गर्ल' ने अपना खुद का ब्रांड 'अनिताज हनी' लांच कर दिया है और अब उसे बिहार की सीमाओं को लांघ कर देश भर में पहुंचाना चाहती है। अनिता कुशवाहा ने कहा कि महज 13 वर्ष की उम्र में मधुमखियों के दो बॉक्स के साथ उसने शहद बनाना शुरू किया था। पिता जनार्दन सिंह बाहर मजदूरी करते थे और मां रेखा देवी घरेलू महिला थी। अनिता घर की पहली लड़की थी जिसने स्कूल जाना शुरू किया। थोड़ी बड़ी हुई तो खुद पढ़ती थी और अपने से छोटे बच्चों को पढ़ाती थी। कुछ पैसे इकठ्ठे हुए तो मधुमक्खी पालन वाले दो बक्से खरीद लिए। अनिता का शहद बनाने का कारवां 2002 में ही शुरू हो गया। कुछ पैसे आये, धंधे में रुचि बढ़ी तो मुजफ्फरपुर के पास ही पूसा में मशहूर राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण लेने पहुंची और 'वर्ल्ड स्टार' नामक प्रोजेक्ट में उसे यूनीसेफ की तरफ से प्रथम पुरस्कार मिला। 2006 में अनिता को राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर से मिलने का अवसर मिला। इसके बाद 2007 में उसकी कहानी को एनसीईआरटी ने चौथी क्लास में शामिल किया। 'हनी गर्ल' अनिता करीब तेईस साल के सफर में दो बक्सों के मधुमक्खी पालन से 400 बक्सों तक पहुंच गई है। कई प्रकार के शहद बनाती है जिसमें लीची, तुलसी, जामुन, करंज शामिल है। 2024 में उसने अपना ब्रांड 'अनिताज' हनी के नाम से लांच किया है और ऐसे मार्केटिंग साथी की तलाश में है जो उसके नाम और ब्रांड को देश के कोने-कोने में पहुंचा दे। फिलहाल अपने पति संजय के साथ मिल कर उसने मुजफ्फरपुर शहर के मिठुनपुरा में एक दुकान खोली है और अपने सपनो को नई उड़ान देने को तैयार है।

# गिरनार फतह करेंगे बिहार पर्वतारोही



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के पर्वतारोही गुजरात के जूनागढ़ गिरनार पर्वत को फतह करने के लिए चयनित हुये हैं। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि गिरनार पर्वतारोहण के लिए महिला और पुरुष वर्ग के पर्वतारोही पर्वतारोहण में भाग लेंगे। महिला वर्ग की टीम लीडर ओम केशव सिंह कृति एवं पुरुष वर्ग का अंकित कुमार गुप्ता को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए हर पंचायत में खेल क्लब का गठन किया जा रहा है। मेडल लाओ नौकरी पाओ अभियान से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है। फाउंडेशन खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए पंचायत से लेकर राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित करेगा। टीम में दिव्या, समीर, ओम समेत दो दर्जन पर्वतारोही शामिल है।

# बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा का निधन, शिक्षकों में शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा के असामयिक निधन से प्रदेश भर के शिक्षकों में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार की राज्य एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने दिवंगत नेता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे शिक्षक समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रजनंदन शर्मा आजीवन शिक्षकों के अधिकार, सम्मान और हितों के लिए संघर्षरत रहे। उनका जाना शिक्षक आंदोलन के लिए एक गहरी क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष (शारीरिक शिक्षक प्रकोष्ठ) अशोक कुमार एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. ब्रजनंदन शर्मा एक सरल, संघर्षशील और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ शिक्षकों की आवाज़ को मजबूती से सरकार तक पहुंचाया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की है।

# महिलाओं की राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ाएगा शक्ति अभियान : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बेगूसराय जिले में आयोजित कांग्रेस के दो दिवसीय शक्ति अभियान के बुनियादी शिविर में आज दूसरे दिन प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने शिरकत की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं में राजनीतिक नेतृत्व और समझ को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसी प्रतिबद्धता और महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए शक्ति अभियान के तहत बड़े पैमाने पर कांग्रेस महिलाओं को लेकर बुनियादी शिविर का आयोजन कर रही है। देश में कांग्रेस ने महिलाओं को हमेशा राजनीतिक रूप से सशक्त करने का काम किया है और अब राज्य में भी महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने की ओर कदम बढ़ा रही है। कांग्रेस ने देश को पहली महिला राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री दिया है, इसलिए महिलाओं की उन्नति और बेहतरी के लिए हमारा गौरवशाली इतिहास रहा है और उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए पार्टी का यह महत्वपूर्ण शिविर आयोजित है। महिलाओं के हक के लिए बिहार कांग्रेस लगातार प्रतिबद्ध है और उनके लिए हमेशा संघर्ष करने की अपनी शपथ दुहराती है। शक्ति अभियान के दो दिवसीय बुनियादी शिविर को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष व पूर्व विधायक अमिता भूषण और युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास भी मौजूद रहे।

# प्रज्ञा निकेतन पब्लिक स्कूल में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** सासाराम के प्रज्ञा निकेतन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन वरीय उपसमहर्ता सह जिला शस्त्र पदाधिकारी, रोहतास ओम प्रकाश लाल एवं जेल अधीक्षक मंडल कारा, सासाराम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वरीय उपसमहर्ता ओम प्रकाश लाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। विद्यालय द्वारा किया गया यह आयोजन छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों का कल्पना लोक विचित्र होता है। उनके चिंतन में एक प्रवाह होता है जो उन्हें कुछ नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए विवश करता है। उनके द्वारा निर्मित कलाकृतियां इसका उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए काफी है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डा. हिमांशु त्रिपाठी ने अपने संबोधन कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान देना नहीं बल्कि नवाचार और सृजनात्मकता को बढ़ावा देना है। ये प्रदर्शनी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक ई संजय त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चे असीम ऊर्जा एवं शक्ति के स्वामी होते हैं। उनमें अनंत चिंतन की क्षमता होती है। वे अपनी विस्तृत सोच को साकार करने के लिए तत्पर होते हैं। उन्हें केवल सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। सही मार्गदर्शन के द्वारा उन्हें लक्ष्य की ओर प्रेरित करना विद्यालय का कार्य होता है। विद्यालय के सचिव संजीव त्रिपाठी ने भी बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों एवम मॉडलों की भूरि - भूरि प्रशंसा की तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संलग्न शिक्षकों की भी सराहना की।

मौके पर विद्यालय के शिक्षक कृष्णकांत पाण्डेय, उमाशंकर पाठक, राजीव रंजन, अभिषेक कुमार, चंद्र भूषण मिश्रा, जितेंद्र सिंह, इंद्रजीत नारायण सिंह, अजीत चौबे, मनीष कुमार,संजय सिंह, नरेंद्र सिंह, शीतल सिन्हा, सुषमा पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# काग्यू मोनलम चेन्मो का समापन, दीपों से जगमग हुई बुद्धनगरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** बोधगया के तेरगर मोनास्टरी स्थित काग्यूपा पवेलियन में आयोजित 40वां काग्यू मोनलम चेन्मो शनिवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर दी मारले मोनलम के तहत पूजा में शामिल हजारों भिक्षु, लामा और श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर नम आंखों से पूजा का समापन किया और विश्व शांति तथा जनकल्याण की कामना की। उल्लेखनीय है कि 17वें ग्यालवा करमापा उग्येन त्रिनले दोरजे की गैरमौजूदगी में यह काग्यू मोनलम चेन्मो आयोजित किया गया। हालांकि 17वें करमापा ने ऑनलाइन माध्यम से भिक्षुओं, लामाओं और श्रद्धालुओं के साथ अपने अनुयायियों को प्रवचन दिया और पूजा में भाग भी लिया। पूजा के आयोजन के दौरान तेरगर मोनास्टरी और आसपास के क्षेत्र में चहल-पहल देखने को मिली। आसपास के होटल और गेस्ट हाउसों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूजा में शामिल होने के लिए पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं के कारण ऑटो और इ-रिक्शा चालकों की भी अच्छी कमाई हुई।

# भारत माला परियोजना कार्य बाधित करने की चेतावनी

## भारत माला परियोजना में मुआवजा नहीं मिलने पर किसानों ने काम रोकने का लिया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।(कैमूर)।** भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे में किसानों ने बैठक कर एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य रोकने का निर्णय लिया। रामपुर प्रखंड में पसाई गांव के मोड़ पर रविवार को किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर एवं भारतीय किसान यूनियन कैमूर के द्वारा किसानों की बड़ी बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विमलेश पांडेय जिलाध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर एवं संचालन अभिमन्यु सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन कैमूर ने किया। बैठक में किसानों को भारत माला परियोजना में मुआवजा मिलने में विलंब सर्विस रोड एवं रामपुर प्रखंड में रैम्प बनाने की सहित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय ने कहा भारत माला परियोजना में किसानों को मुआवजा मिलने में जान बूझकर भू अर्जन विभाग लापरवाही कर रहा है। उन्होंने कहा किसानों के साथ बेइमानी करने के लिए भू अर्जन विभाग एवं एनएचएआई को खुला नहीं छोड़ा जाएगा। विमलेश पांडेय ने कहा किसानों को खेती करने के लिए सर्विस रोड बनाएं जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने पर्यटक क्षेत्र होने की वजह से रामपुर प्रखंड में एक्सप्रेस-वे में रैम्प बनाने की मांग की। सचिव अनिल सिंह एवं अभिमन्यु सिंह ने कहा सोमवार को जिलाधिकारी से वार्ता में संतोष जनक परिणाम नहीं निकला तो भारत माला परियोजना रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा भारत माला परियोजना में काम तेजी हो रहा है किसान मुआवजा के लिए भू अर्जन विभाग का चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा भू अर्जन विभाग की लापरवाही से किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाया है जो गंभीर समस्या है। बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एक सप्ताह में किसानों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया तो भारत माला परियोजना बंद कर दिया जाएगा। प्रस्ताव में सर्विस रोड रामपुर प्रखंड में रैम्प बनाने की सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक में किसानों की आवास की मुआवजा एवं स्थानीय लोगों को काम देने की मांग रखी गई। बैठक में मोबाइल नं. से जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय ने जिलाधिकारी से बात कर मिलने का समय सोमवार को सायं 5 बजे निश्चित किया गया। बैठक में रामपुर प्रखंड भगवानपुर चैनपुर चांद भभुआ के सैकड़ों किसान शामिल हुए। बैठक में ददन सिंह, मंटु पाण्डेय, अमित रंजन सिंह, विकी सिंह, टुनटुन सिंह, विनोद राम, त्रिलोकी पाण्डेय, अजय सिंह, जयनारायण सिंह, संतोष सिंह आदि सैकड़ों किसान उपस्थित थे।



# नयी खरीद पर फोकस, पुराने सामान को सहेजने में नगर पर्षद उदासीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** नगर पर्षद प्रशासन शहर में हर वर्ष साफ-सफाई के लिए विभिन्न उपकरण व वाहनों की खरीदी करता है और अमूमन प्रशासन का फोकस नयी खरीद पर ही रहता है। लेकिन पूर्व में खरीदी गयी मशीनें समुचित देखरेख के अभाव में जर्जर होती जा रही हैं जिससे जनता की गाढ़ी कमाई कबाड़ में तब्दील होती नजर आ रही है। इसकी पुष्टि नगर पर्षद परिसर में पड़े वाहनों के कलपुर्जे व कबाड़ के ढेर से साफ तौर पर होती है। नगर पर्षद में कई ऐसी मशीनें मौजूद हैं जिनकी खरीद तो कर ली गयी, लेकिन आज तक उनका उपयोग नहीं किया गया है। ये मशीनें अनुपयोगी होकर खुले में पड़ी हैं और कबाड़ के ढेर में शोभा बढ़ा रही हैं। नगर प्रशासन द्वारा सफाई, प्रकाश व पानी की व्यवस्था के लिए हर साल महंगी मशीनरी खरीदी जाती है, लेकिन कुछ ही समय बाद साफ-सफाई व अन्य कार्यों के लिए खरीदे गये वाहन, कचरा कंटेनर व मशीनें देखरेख के अभाव में कबाड़ में तब्दील हो जा रही हैं। मशीनों की न तो नियमित देखरेख की जाती है और न ही समय पर मरम्मत करायी जाती है। अधिकांश मशीनरी खुले आसमान के नीचे छोड़ दी गयी है जिससे बरसात व धूप के कारण वे खराब होती जा रही हैं। पुराने कबाड़ वाहन व सामान के कारण नगर पर्षद परिसर पूरी तरह कबाड़खाना नजर आ रहा है, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों का ध्यान रखरखाव की ओर नहीं जा रहा है।

# डीएम के निर्देश पर जिले के वर्ग आठ तक के बच्चों के पठन-पाठन पर रहेगा प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर से लगातार तापमान में गिरावट के कारण बच्चों को विद्यालय में पठन-पाठन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसको देखते हुए जिलाधिकारी रोहतास के निर्देश पर जिला के सभी विद्यालयों में प्री से लेकर वर्ग 8 तक के बच्चों के पठन-पाठन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा निर्गत पत्र के ज्ञापांक 04 दिनांक 04 जनवरी 2026 के अनुसार जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड के कारण कम तापमान की स्थिति बनी हुई है जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। इसलिए जिले के सभी निजी, सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं कोचिंग संस्थानों में वर्ग-8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 7 जनवरी 2026 तक प्रतिबंध लगाया जाता है। वर्ग 09 से 12वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वहान 10:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे के बीच संचालित की जाएगी। प्री-बोर्ड /बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाले विशेष कक्षाओं/परीक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा। उपयुक्त आदेश रोहतास जिला में 04 जनवरी से लेकर 07 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।

# शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के माथुरी पुल के पास जानकी देवी के दरवाजे पर बैठकर शराब पीने को मना करने पर तीन युवकों ने मारपीट की। उसे रेल लाइन पर ले जाते समय 112 के पहुंचने पर सभी भाग निकले। पुलिस के अनुसार इस संबंध में लालगंज निवासी लकी कुमार, काजू कुमार, बिट्टू कुमार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुकान खाली करने को लेकर मारपीट

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना के स्टेशन रोड में संतोष कुमार के साथ दुकान खाली करने को लेकर मारपीट की गई। पुलिस के अनुसार इस संबंध में मनीष कुमार, मिकी कुमार, जनक प्रसाद आदि ने मारपीट की। घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सावित्रीबाई फुले व बाबा साहब की जीवनी पर परिचर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय नगर भवन स्थित सम्राट अशोक सभागार में मेहतर सेवा संघ बिहार शाखा रोहतास के बैनर तले समाज सुधारक माता सावित्रीबाई फुले की जयंती एवं संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष शशि कुमार ने की जबकि संचालन नीलम देवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में युवा नेता अनुज कुशवाहा, पटना से आए डॉ. बाल्मीकि, वर्मा बागी, मध्य प्रदेश से आई अनुराधा देवी, उत्तर प्रदेश से आए राजेश रावत, वार्ड पार्षद सोनू चौधरी एवं ऊषा देवी, वरिष्ठ अधिवक्ता रवि कुमार तथा पूर्व चेयरमैन शंभू राम सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी अतिथियों ने माता सावित्रीबाई फुले एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। विधायक सोनू सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका थीं जिन्होंने महिलाओं में पढ़ने लिखने की अलख जगाई। वहीं बाबा साहब ने भारतीय संविधान में देश के प्रत्येक नागरिकों को समान अधिकार दिया तथा छुआछूत को अपराध बताया। वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में योगदान तथा डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मेहतर सेवा संघ की ओर से आगत अतिथियों को अंगवस्त्र, फूलों की माला एवं बुके भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वीर बसंत लाल, रमेश कुमार, धीरज कुमार, अमित पासवान, परमेश्वर कुमार, विनोद कुमार, विकास पासवान, मनोज रावत, अनीता देवी, प्रमिला देवी, चमेली देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।




# ग्रामीणों ने श्रमदान से बनायी कच्ची सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** जनप्रतिनिधियों नेताओं और सरकार की उदासीनता से त्रस्त होकर बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जोन्ही पंचायत के गोटपा गांव के ग्रामीणों ने गांव से मुख्य सड़क तक खुद श्रमदान कर कच्ची सड़क बना दी। ग्रामीण युवक गुड्डू कुमार सिंह, टुकटुक सिंह, मनोज कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बीते कई सालों से गांव से बाहर जाने का रास्ता खराब है। छात्र नौजवान बच्चे बूढ़े गांव से बाहर के सड़कों के सहारे लगभग 7 किलोमीटर घूम कर गांव के बाहर से रास्ता तय कर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। इसी रास्ते से होकर छात्रों को विद्यालय जाना तथा अपनी जरूरत को पूरा करना होता है। पंचायत के मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा नेताओं से कई बार गुहार लगाने, समस्या को बताने के बाद भी समस्या का हल नहीं हुआ। अंत में गांव के सैकड़ों लोगों ने चंदा इकट्ठा कर और श्रमदान देकर गांव से मुख्य सड़क तक लगभग 1 किलोमीटर का कच्ची सड़कें बनाई। उन्होंने बताया कि कच्ची सड़क बनाने से सैकड़ों लोगों को फायदा मिलेगा बच्चे नौजवान सभी इस सड़क से लाभ उठाएंगे। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया, विधायक, सांसद पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पंचायत के इस गांव में कोई भी कार्य नहीं हुआ है और न ही कभी घूमने आते हैं। इस कच्ची सड़क के बन जाने से काराकाट, बिक्रमगंज आदि गांव में जाने का रास्ता आसान हो गया। सड़क बनने से पहले जहां 7 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता था अब वह दूरी महज एक किलोमीटर का हो गया है। कच्ची सड़क बन जाने से गांव के बच्चे बूढ़े महिलाएं काफी खुश नजर आए। बताते चलें कि मिट्टी भरने का लगभग एक लाख रुपए का खर्चा गांव वालों ने खुद चंदा इकट्ठा करके लगाया है। मौके पर अनिल कुमार, संतोष कुमार, अशोक कुमार, नितेश कुमार, चंदन कुमार, मन्नू यादव आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पेंशनर एसोसिएशन अनुमंडल शाखा की बैठक स्थानीय कार्यालय में रविवार को शिवदर्श सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरकार के कर्मचारी विरोधी नीतियों की निंदा की गई। आरोप लगाया गया कि सरकार पेंशनधारियों व वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा में कटौती कर रही है। वर्ष 2020 कोरोना अवधि में 18 माह के बकाया महंगाई भत्ते का अब तक भुगतान नहीं किया गया। वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल रियायत पुनः बहाल करने, अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ओपीडी की विशेष व्यवस्था करने की मांग की गई। बैठक का संचालन मंत्री जगदीश सिंह ने किया। मौके पर भैरव राम, राधा प्रसाद सिंह, सी डी सिंह, इं. शिवदयाल सिंह, कृष्ण प्रसाद, गफ्फार अंसारी, जीउत शर्मा, मुमताज कुरैशी आदि मौजूद थे।

# तेंदुआ कला में सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती धूमधाम से मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के तेंदुआ कला में बहुजन समाज पार्टी, डिहरी विधानसभा के तत्वावधान में समाज सुधारक, नारी शिक्षा की जननी एवं भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय बसपा कार्यकर्ताओं ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बसपा रोहतास जिला प्रभारी संजय कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामाशंकर यादव, सोनी केसरी (जिला उपाध्यक्ष), पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश दास, प्रखंड अध्यक्ष लालबाबू दास, विकास मित्र सुरेंद्र, धर्मराज , रोशन कुमार, अमीरचंद देवराज एवं शिवशंकर राम मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने माता सावित्रीबाई फुले के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और महिला शिक्षा के क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि रामाशंकर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने समाज में शिक्षा के माध्यम से क्रांति लाई। उन्होंने महिलाओं और दलितों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया जो आज भी प्रेरणास्रोत है। आगत अतिथियों का स्वागत डिहरी विधानसभा अध्यक्ष रमेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। इन्द्रासनी देवी, फूल कुमारी देवी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के संदेश के साथ किया गया।




# आरपीएफ की सक्रियता से सामानों से भरा यात्री का बैग बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक प्रभारी डिहरी ऑन-सोन राम विलास राम को एक यात्री द्वारा दिए सूचना के आलोक में गाड़ी संख्या 12398 डाउन (नई दिल्ली गया महाबोधि एक्सप्रेस) के डिहरी ऑन-सोन स्टेशन आने के उपरांत उक्त गाड़ी के कोच संख्या एम-2 को ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार द्वारा अटेंड कर उनका छूटा हुआ ग्रे रंग का पिट्ठू बैग जिसमें एक सैमसंग टैब, एक हाथ की घड़ी, मोबाइल चार्जर, पहचान पत्र एवं एक पर्स जिसमें रखे 1700/- रुपया नगद था, को खोजबीन कर उतारा गया एवं इसकी सूचना यात्री को देते हुए बैग को सुरक्षित लाकर रेलवे सुरक्षा बल कार्यालय में रखा गया था। सूचना पर उक्त यात्री के पिता जितेंद्र नारायण सिंह पता-सिविल लाइन सासाराम वार्ड नंबर 16 थाना नगर सासाराम, जिला-रोहतास बिहार बैग लेने वास्ते रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कार्यालय में उपस्थित हुए एवं अपने बैग की पहचान करते हुए उसमें रखे सभी सामान सही सलामत पाए। बाद में उचित पहचान व सत्यापन करने के उपरांत उक्त बैग में रखे सभी सामान सहित सही सलामत फोटोग्राफी करते हुए जितेंद्र नारायण सिंह को सुपुर्द किया गया।



# 8 फरवरी को संत रविदास का राज्यस्तरीय छठिहार उत्सव पटना में

## संत गुरु रविदास महाराज जयंती को राजकीय समारोह घोषित करे सरकार : अशोक कुमार राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय रविदास नव निर्माण मंच द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का छठिहार जन्मोत्सव सह-सम्मान समारोह की तैयारी की महत्वपूर्ण बैठक मंच के प्रधान कार्यालय- राष्ट्रीय गंज, स्टेशन रोड, फुलवारी शरीफ पटना में हुई। बैठक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 8 फरवरी को पटना में राज्य स्तरीय भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाएगा जिसमें देश के विभिन्न राज्यों सहित विशेष रूप से बिहार के सभी जिलों से मंच के हजारों कार्यकर्ता और अनुयायी शामिल होंगे। समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को 'संत गुरु रविदास विरासत सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। अशोक कुमार राम ने आगे बताया कि संत गुरु रविदास जी का जीवन समता, समानता और सामाजिक न्याय का संदेश देता है जिसे जन-जन तक पहुंचाना और समाज में एकजुटता बनाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही साथ जब तक बिहार सरकार संत गुरु रविदास महाराज जी की जयंती की राजकीय समारोह घोषित नहीं करती है तब तक हम संवैधानिक तरीके से संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा से आग्रह के साथ निवेदन करते हैं। मंच परिवार को सरकार से आशा और विश्वास है हमारी मांग को मानते हुए घोषणा करेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। बैठक में राजेश कुमार, रामदीप दास, सुरेन्द्र राम, जीवन कुमार दास, शंभू रविदास, जितेंद्र रविदास, राम बाबू राम, रितेश रंजन, शंभू रविदास, उमेश कुमार दास मौजूद रहे।



# जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने के चलते घरों का पानी गिर रहा सड़क पर, लग रहा जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड के कुदरा-परसथूआ सड़क कई जगहों गड्ढा में तब्दील हो गयी है। सड़क के किनारे जलनिकासी का व्यवस्था नहीं होने के चलते घरों का पानी सड़क पर ही गिरता है। केवढी गांव के पास सड़क पर बड़ा गड्ढा उभर आया है जिससे हमेशा वहां हादसे हो रहे हैं। कुदरा आरओबी के बंद हो जाने के चलते सड़क पर वाहनों की संख्या काफी बढ़ गयी है। सड़क पर जाम के चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मालूम हो कि कुदरा-परसथूआ सड़क फोरलेन सड़क को परसथूआ के पास एनएच 30 से जोड़ती है। जिला व प्रखंड मुख्यालय से राज्य की राजधानी जाने के लिए यह सड़क सबसे उपयुक्त है। इसके चलते अधिकांश छोटे वाहन इसी रास्ते से आते जाते है। दो वर्ष पूर्व से कुदरा आरओबी में रिपेयरिंग के लिए भारी वाहनों पर रोक लगा दी गयी है। इसके लिए प्रशासन द्वारा आरओबी के दोनों तरफ ओवरहेड बैरियर लगाया गया है। इसके चलते लालापुर की तरफ आने जाने वाले सभी बड़े वाहन मोहनियां की तरफ से होकर इसी सड़क से आते-जाते हैं। वाहनों पर अधिक लोड के कारण सड़क कई जगहों पर टूट गयी है। इसी सड़क से सैकड़ों गांव के हजारों ग्रामीणों का प्रतिदिन जिला मुख्यालय या वाराणसी व सासाराम की तरफ आना जाना होता है। सड़क के जर्जर होने से अक्सर जाम लगा रहता है जिसमें यात्री बसें फंस जाती है और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# राज्य क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रोहतास की टीम ने खिताब जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कम्पलेक्स में रविवार को आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रोहतास जिले की पुरुष और महिला वर्ग की टीम ने चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि पटना में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के एथलीटों ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों का खिताब अपने नाम किया है तथा नववर्ष में जिले को एक बड़ी उपलब्धि दिलाई है। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 17 अंकों के साथ तथा महिला वर्ग में 77 अंकों के साथ टीम चैंपियनशिप के खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में डिहरी के प्रिंस राज मिश्रा ने प्रथम स्थान, बिक्रमगंज के संदीप यादव ने तीसरा स्थान, डिहरी के ही महेंद्र कुमार ने पांचवां स्थान, काराकाट के शशिकांत कुमार ने आठवां स्थान, तिलौथू के आनंद कुमार, काराकाट के रोहित कुमार की टीम ने यह खिताब दिलाया। वहीं महिला वर्ग में रिंकी कुमारी, अंशु कुमारी, शिम्पी कुमारी और माधुरी कुमारी की टीम ने 77 अंक बटोर कर यह खिताब अपनी टीम को दिलाया। वही व्यक्तिगत स्पर्धा में बालक अंडर 16 आयु वर्ग में डिहरी के अभिषेक तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की तथा उनके राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयन पर उन्हें शुभकामनाएं दी है। ज्ञातव्य हो कि इस प्रतियोगिता में रोहतास जिले की 25 सदस्यीय महिला और पुरुष खिलाड़ियों की टीम ने हिस्सा लिया था जिसमें पुरुष वर्ग में प्रिंस राज मिश्रा, महेंद्र कुमार, संदीप यादव, आनंद कुमार, रोहित कुमार, शशिकांत कुमार, महिला वर्ग में रिंकी कुमारी, सिंपी कुमारी, माधुरी कुमारी, श्रद्धा कुमारी, अंशु कुमारी, अंजू कुमारी बालक अंडर 20 आयु वर्ग में अमित कुमार, सूरज कुमार, अरबाज अंसारी, सुधांशु कुमार, अभिषेक कुमार और धीरज कुमार बालक अंडर 18 आयु वर्ग में लव कुश कुमार (संझौली) और आलोक कुमार (नोखा) बालक अंडर 16 आयु वर्ग में अभिषेक कुमार तिवारी (डिहरी) और पवन कुमार (पचपोखरी) बालिका अंडर 20 आयु वर्ग में अंजली कुमारी (सासाराम) बालिका अंडर 16 आयु वर्ग में सुमन कुमारी (सासाराम) और आराध्या कुमारी (तिलौथू) शामिल है। रोहतास जिले की टीम की इस नव वर्ष में बड़ी उपलब्धि पर रोहतास जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव कुश कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार यादव, राणा प्रताप सिंह, रानू कुमार सिंह, कुंदन कुमार, अंतिम राज, मिथिलेश कुमार, राकेश वर्मा आदि खेल प्रेमियों ने अपार शुभकामनाएं दी है। इस संबंध में सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि प्रिंस राज मिश्रा, संदीप यादव, महेंद्र कुमार तथा शशिकांत कुमार राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो झारखंड के रांची में जनवरी माह में आयोजित है में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।



# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पंचकोशीय साधना का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आर.एस.के. पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर, डिहरी के प्रांगण में 4 जनवरी 2026 से 8 जनवरी 2026 तक 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं पंचकोशीय साधना का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर विद्यालय प्रांगण से झारखंड मंदिर, डिहरी ऑन-सोन तक शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञ अनुष्ठान के कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से योग विज्ञान सभा तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक युग संगीत एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। इस आध्यात्मिक आयोजन में संपूर्ण भारतवर्ष से विश्व गायत्री परिवार के महान संत-मनीषियों का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने नगरवासियों एवं ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस यज्ञ अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर अपने जीवन को धन्य बनाएं तथा समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु संकल्पित हों।



## एक नजर

### सरौनी मुखिया ने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल का वितरण



**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के सरौनी पंचायत भवन में रविवार को सरौनी पंचायत के मुखिया पंकज कुमार यादव के द्वारा सैकड़ों गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। सादे समारोह में शिविर लगाकर मुखिया ने पंचायत के विभिन्न गांवों के 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल मुहैया कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके द्वारा निजी खर्च से जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। भीषण ठंढ में कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे एवं लोगों ने मुखिया के प्रति आभार जताया। मौके पर मौजूद समाजसेवी विकास सम्राट उर्फ विकास यादव ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने इस कार्य के लिए मुखिया पंकज यादव की सराहना भी किया। मौके पर सुधीर यादव,सुरेश प्रसाद यादव, मुंद्रिका यादव, दानीलाल पंडित,शमीम अंसारी, मंटू यादव,विकास पण्डित, रामजतन कुमार, रौशन मियां आदि मौजूद थे।

### कनकनी बढ़ने से घरों में दुबके लोग

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** शनिवार को कनकनी के बढ़ने से लोग शाम ढलते ही घरों में प्रवेश कर गए। कनकनी के कारण दिन भर लोग अलाव जलाकर बैठे रहे। इधर, कंडाके की ठंड को लेकर अलाव की व्यवस्था किए जाने की मांग भी तेज हो गई है। दत्तरौल पैक्स के अध्यक्ष सह भाजपा नेता श्रवण कुमार, कचना के बसंत पासवान सहित अन्य ने प्रशासन से हरेक गांव के मुख्य- मुख्य जगहों पर अलाव की व्यवस्था की मांग की है।

### नव वर्ष की शुभकामना के साथ हिसुआ के सर्वांगीण विकास की मांग



**हिसुआ (नवादा)/नबिटा संवाददाता।** रविवार को नववर्ष के अवसर पर समाजसेवी डॉ. रमेश कुशवाहा ने हिसुआ विधायक अनिल सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने हिसुआ के सर्वांगीण एवं चहुमुखी विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की। डॉ. कुशवाहा ने विशेष रूप से वार्ड संख्या 15 में थाना के सामने स्थित गली में लंबे समय से लंबित नाला निर्माण की समस्या को उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाला निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी और स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी। इस पर विधायक अनिल सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि यह कार्य उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और बहुत जल्द नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि हिसुआ का समग्र विकास उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से उन्हें लगातार अवगत कराते रहें, ताकि जनहित में योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। इस मुलाकात को लेकर स्थानीय लोगों में विकास की नई उम्मीद जगी है।

### मां सरस्वती प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए श्रद्धापूर्वक हुआ ध्वजारोहण



**नारदीगंज, नवादा/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के नारदीगंज पंचायत के पड़रिया गांव (बिचली टोला)में मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए रविवार को श्रद्धा पूर्वक ध्वजारोहण किया गया। मुख्य यजमान ग्रामीण अखिलेश कुमार सुमन व पुरोहित लवकुश पांडेय ने भूमिका निभाई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। ढोल बाजे के साथ ग्रामीण नगर भ्रमण कर वीर हनुमान जी की पूजा अर्चना की। ध्वजारोहण होते ही ग्राम वासियों द्वारा लहसुन,प्याज, मांस, मछली किसी प्रकार का नशा का सेवन वर्जित कर दिया गया। यज्ञ सुचारू रूप से संपन्न हो। इसके लिए एक समिति बनाई गई है। ग्रामीण रंजीत कुमार को यज्ञ समिति का अध्यक्ष,अखिलेश कुमार सुमन को सचिव राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। यज्ञ समिति के सचिव अखिलेश कुमार सुमन ने कहा मां सरस्वती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर श्री मद भगवत कथा भी आयोजित होगी। उन्होंने कहा आगामी 19 जनवरी को जल यात्रा, पंचांग पूजन,मंडप प्रवेश, एवं अग्नि मंथन के साथ यज्ञ शुरु किया जाएगा। कहा गया 20 जनवरी को वेदी पूजन, जलाधिवास, 22 जनवरी को वेदी पूजन,नगर भ्रमण का कार्य किया जाएगा। 23 जनवरी को महान्यास, 24 घंटे का अखंड कीर्तन एवं माता सरस्वती का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। 25 जनवरी को हवन,भंडारा के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। वही कथा 19 जनवरी से शुरु होगी,जो 24 जनवरी तक कथा वाचिका श्री वृन्दावन निवासी खुशी किशोरी जी के द्वारा किया जाएगा। यज्ञ का पूरा कार्यक्रम वाराणसी निवासी आचार्य लव कुश पाण्डेय के नेतृत्व में संपन्न किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष रंजीत कुमार, सचिव अखिलेश कुमार सुमन, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार,ग्रामीण अलखदेव यादव, राजकिशोर यादव, त्रिभुवन शर्मा, बाबूचंद प्रसाद, विपिन कुमार, दीपक कुमार, नीतीश कुमार, पंकज कुमार, निखिल ज्योति समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

निधन से शिक्षा जगत को हुई अपूरणीय क्षति

### खलिहान में चप्पल पहन कर जाने से उपजा विवाद, लोहे की खंती से सिर पर हमला

**रजौली /नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के मोहकामा गांव में धान के खलिहान में चप्पल पहनकर जाने से उपजे विवाद में दो महिलाओं ने एक पुरुष के सिर पर लोहे की खंती से वार कर दिया। इस घटना में पुरुष लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों द्वारा डायल 112 की टीम को सूचना देकर बुलाया गया। डायल 112 की टीम एवं परिजनों की सहायता से घायल व्यक्ति को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान मोहकामा गांव निवासी पारहो यादव के पुत्र शंकर यादव के रूप में हुई है। घायल व्यक्ति के सिर में गंभीर चोटें आई है,जिसका प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई व दवाई दिया गया है। वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद घायल शंकर यादव की पत्नी रेखा देवी ने बताई उसके खेत में बने धान के खलिहान में गांव के ही मनोहर यादव की पत्नी रुबिया देवी और मां मीणा देवी चप्पल पहनकर आई थी,जिसे हमारे पति द्वारा मना किया गया। इसी को लेकर विवाद हुआ और रुबिया देवी ने लोहे की खंती से सिर पर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित शंकर यादव ने कहा कि घटना को लेकर लिखित शिकायत थाना को दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

# बस-ट्रक की भीषण टक्कर में खलासी की मौत, दाह संस्कार से लौट रही थी बस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा–फतुहा मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के कामता हॉल्ट के समीप शनिवार देर शाम तेज रफ्तार बस और ट्रक के बीच आमने–सामने हुई भीषण टक्कर में बस के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सड़क पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिर ओपी थाना क्षेत्र के जमुआवां गांव निवासी 65 वर्षीय रामश्रय पंडित के निधन के बाद फतुहा में दाह संस्कार कर ग्रामीण बस से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कामता हॉल्ट के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के अतरामचक गांव निवासी स्वर्गीय बालेश्वर प्रसाद के 55 वर्षीय पुत्र विजय कुमार सिंह के रूप में की गई है, जो बस में खलासी के रूप में कार्यरत थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के समय खलासी विजय कुमार बस के दरवाजे पर खड़े थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि बस चालक सहित कुछ लोग नशे की हालत में थे, हालांकि पुलिस इसकी जांच कर रही है। बस में फंसे यात्रियों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया।

सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल खलासी को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद सड़क पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।

# बिहारशरीफ में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा की सराहनीय पहल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारत विकास परिषद की बिहार श्री शाखा की ओर से शहर के चिकित्सक डॉ. बालमुकुंद के सहयोग से प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने की घोषणा की गई। इस जनहितकारी अभियान का शुभारंभ रविवार को फीता काटकर किया गया।

उद्घाटन अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रो. रंजन आशुतोष शरण, बिहार श्री शाखा के सचिव रणजीत कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ. उदय देवराजन सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। विदित हो कि नई सराय निवासी एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. अखिलेश कुमार द्वारा लगभग पिछले दो वर्षों से प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को नियमित रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में पैला पोखर के दंत चिकित्सक डॉ. उदय देवराजन ने भी घोषणा की है कि वे प्रत्येक सोमवार को दांत संबंधी रोगों की निःशुल्क जांच करेंगे। भारत विकास परिषद द्वारा स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर परिषद के सदस्य विनोद कुमार गुप्ता, बिनीत कुमार, सिद्धनाथ प्रसाद, सूर्यमणि प्रसाद, डॉ. सचिन, डॉ. संतोष सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड व कोहरे के कारण 8 जनवरी तक विद्यालय बंद

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** नालंदा जिले में अत्यधिक ठंड और घने कोहरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार सुबह एवं शाम के समय कम तापमान तथा घना कोहरा बने रहने से छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने शैक्षणिक गतिविधियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत जारी आदेश के अनुसार नालंदा जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं कोचिंग संस्थान सहित) में कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर 08 जनवरी तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेश में कहा गया है कि कक्षा 9 एवं इससे ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे के बीच संचालित की जाएंगी। वहीं बोर्ड/प्री-बोर्ड परीक्षाओं के लिए संचालित विशेष कक्षाएं एवं परीक्षाएं इस आदेश से मुक्त रहेंगी। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें।

# आपदा पीड़ितों हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा 4 जनवरी 2026 को वारिसलीगंज प्रखंड के मोहीउद्दीनपुर ग्राम पंचायत स्थित सामुदायिक भवन परिसर में आपदा पीड़ितों को विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल अमन जैन, पी०एल०वी० अश्विनी कुमार, मोहीउद्दीनपुर ग्राम पंचायत के मुखिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।अपने संबोधन में लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल अमन जैन ने बताया कि आपदा पीड़ितों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु विधिक सेवा प्राधिकार का गठन नालसा के निर्देशानुसार किया गया है। उन्होंने कहा कि आपदा पीड़ितों के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से मुआवजा एवं अन्य कानूनी सहायता का प्रावधान है, जिसका लाभ पात्र आपदा पीड़ित प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकार से जोड़ने में सहयोग करें, ताकि उनका किसी भी प्रकार का शोषण न हो सके तथा उन्हें उनके विधिक अधिकारों की समुचित जानकारी मिल सके।

## रहुई में गांजा तस्करी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पुलिस ने रहुई थाना क्षेत्र के जगतनंदनपुर गांव में गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 500 ग्राम गांजा, 4 लाख 20 हजार रुपये नकद, एक चार पहिया वाहन और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जगतनंदनपुर गांव निवासी सुजीत कुमार (पिता–राजाराम यादव) और वैशाली जिले के चिनकोटा गांव निवासी संजय कुमार (पिता–स्व. भोला राय) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ललित विजय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जगतनंदनपुर गांव में अवैध रूप से गांजे का भंडारण, परिवहन और बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सुजीत कुमार के घर के पास स्थित किराना दुकान की तलाशी ली गई, जहां से 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में सुजीत कुमार ने खुलासा किया कि गांजे का सप्लायर संजय कुमार है, जो चार पहिया वाहन से इलाके से बाहर जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने वाहन का पीछा कर तुलसी चक गांव के पास उसे रोक लिया। वाहन की तलाशी में 4 लाख 20 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में संजय कुमार ने स्वीकार किया कि वह इस राशि से गांजा खरीदने जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। छापेमारी टीम में जेएसआई संतोष कुमार सुमन, सौरभ कुमार सहित रहुई थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## नवादा इप्टा का 19वां जिला सम्मेलन एक फरवरी को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के पांडेयगंगौट गांव में रविवार को वरिष्ठ रंगकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नवादा इप्टा का 19 वां जिला सम्मेलन 1 फरवरी 2026 को गया सिंह स्मृति धर्मशाला, पांडेयगंगौट में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इप्टा के 19 वां जिला सम्मेलन में जिसमें जिले के दर्जनों प्रतिनिधि, साहित्यकार, कलाकार और रंगकर्मी शामिल होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार व संस्कृतिकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि इप्टा हमेशा से अपनी कलात्मक प्रदर्शनों से जनता की आवाज बनती रही है। उन्होंने कहा कि इप्टा सम्मेलन के माध्यम से जनता के बीच में भाईचारे का पैगाम स्थापित करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव चन्द्रमौलि कुमार ने कहा कि यह सम्मेलन लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी।

# छोटा शेख़पुरा में ख्वाजा साहब का चिराग़ां मेला आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रविवार को ख़्वाजा साहब का उर्स मुबारक मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले चिराग़ां-मेला (रौशनी) के आयोजन से नरहट प्रखंड के छोटा शेख़पुरा में उल्लास का माहौल है। झूले, मीना बाज़ार तथा अन्य मनोरंजन साधनों से यहां का कर्बला मैदान सज-धज कर तैयार है।



सीमावर्ती मेसकौर प्रखंड के ऐतिहासिक सीतामढ़ी मेला के सम्पन्न होने के बाद मेला-ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले कारीगर, दुकानदार और झूला संचालक अब शेख़पुरा पहुंच चुके हैं और चिराग़ां-मेला में जुट गए हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम शेख़पुरा में चिश्तिया सिलसिले के सुप्रसिद्ध संत हज़रत ख़्वाजा अब्दुल्लाह चिश्ती की लगभग 500 वर्ष पुरानी दरगाह शरीफ़ स्थित है। वे 15वीं शताब्दी में सूफी आंदोलन के दौरान शेख़पुरा तशरीफ़ लाए थे। अजमेर शरीफ़ के ख़्वाजा मोइन उद्दीन चिश्ती के विचारों से प्रेरित होकर मानव मूल्यों,सद्भाव तथा भाइचारगी के प्रचार-प्रसार के लिए वे शेख़पुरा तशरीफ लाये थे और जीवनपर्यंत भेदभाव-रहित समाज की स्थापना,समानता,आपसी प्रेम और भाइचारगी के लिए कार्य करते रहे। आज भी उनकी दरगाह शरीफ़ श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है जहां सभी समुदाय के लोग चादर चढ़ाकर अपनी श्रद्धा के सुमन अर्पित करते हैं।उनके वंशज आज भी इस दरगाह शरीफ के गद्दीनशीं हैं और उनकी सूफी परम्परा तथा सद्भाव और भाईचारगी के मिशन को बढ़ाने में लगे हुए हैं। दरगाह शरीफ़ के वर्तमान गद्दीनशीं एवं मोतवल्ली मौलाना ऐनउद्दीन चिश्ती ने बताया कि प्राचीन परंपरा के अनुसार इस दरगाह शरीफ़ पर अरबी माह रज्जब की 14वीं और 15 वीं तारीख़ को उर्स मुबारक का आयोजन किया जाता है जिसमें बिहार और झारखंड सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ज़ायरीन (श्रद्धालु) शामिल हो कर मिन्नतें माँगते हैं और ऐसी मान्यता है कि ख़्वाजा साहब की दुआ से उनकी मुरादें पूरी होती हैं।

## नालंदा में कल्याण विभाग की योजनाओं से बदली तस्वीर, सैकड़ों लाभुकों को मिला सीधा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में जिला कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025 में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से नालंदा जिले में सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान हेतु अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दर्ज कुल चार मामलों—बिन्द थाना कांड संख्या 26/22, सिलाव थाना कांड संख्या 186/22, नूरसराय थाना कांड संख्या 433/22 एवं नगरनौसा थाना कांड संख्या 190/23—में मृतकों के आश्रितों को जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिचारी के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जिससे पीड़ित परिवारों को स्थायी आजीविका का सहारा मिला। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत महादलित टोलों में सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड निर्माण हेतु तीन चयनित स्थलों का प्रस्ताव मिशन निदेशालय को भेजा गया, जिस पर निर्माण एजेंसी को आवंटन भी प्रदान कर दिया गया है। बिहारशरीफ प्रखंड के महानंदपुर मौजा में नवनिर्मित भवन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति आवासीय विद्यालय मुढ़ारी, हरनौत का संचालन किया जा रहा है, जहां वर्तमान में 195 छात्र अध्ययनरत हैं। सभी छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र एवं शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसलामपुर प्रखंड में डॉ. भीमराव अम्बेडकर कल्याण छात्रावास (100 क्षमता) का निर्माण पूर्ण कर 98 छात्रों का नामांकन किया जा चुका है। वहीं सिलाव प्रखंड के सब्बैत मौजा में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग बालिका आवासीय विद्यालय का सफल संचालन हो रहा है। इसके अतिरिक्त बिहारशरीफ प्रखंड के राणा विगहा मौजा में 100 क्षमता वाले पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास का निर्माण पूर्ण कर नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जहां जनवरी माह से छात्रों का आवासन प्रारंभ होगा। जिला प्रशासन ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा, आवास एवं रोजगार के माध्यम से सशक्त बनाना है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को डीएम ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर के विद्यार्थियों की शानदार शैक्षणिक सफलता को सम्मान देने के लिए राजगीर अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईआईटी-जेईई और नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



वर्ष 2025 के परीक्षा परिणामों में सीओई राजगीर के 16 विद्यार्थियों का चयन देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में हुआ। इसके अलावा 18 विद्यार्थियों ने एनआईटी, दो ने आईआईआईटी, दो ने एम्स और 13 विद्यार्थियों ने विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया। सरकारी विद्यालय आधारित इस शैक्षणिक पहल को ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए नालंदा की गौरवशाली शिक्षा परंपरा को याद किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के सपनों को साकार करने में आज के विद्यार्थियों की भूमिका निर्णायक होगी।

कार्यक्रम में बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड से आए चयनित विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को भावनात्मक और यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन कन्हैया सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# नारदीगंज में समाजसेवी डॉ अनुज सिंह ने किया कंबल वितरण

## प्रखंड के विभिन्न गांवों के हजारों जरूरतमंद हुए लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला के नारदीगंज स्थित त्रिवेणी एजुकेशनल रेडफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में जिला के प्रख्यात शिक्षाविद, मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष व समाजसेवी अनुज सिंह और संजय कुमार सिंह के तरफ से कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में नारदीगंज प्रखंड के कई गाँव बस्ती है सहित कई गाँव के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। वही कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई।बताते चलें कि डॉ अनुज सिंह के द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार जिला के कई स्थानों में कंबल वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष भी बढ़ती ठंड को देखते हुए उनके द्वारा कंबल वितरण करके लोगों को ठंड से बचाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य से गरीबों के चेहरे पर एक खुशी आ जा रही है। इस दौरान नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों के हजारों की संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं एवं जरूरतमंद उपस्थित रहे। इस दौरान करीब हजार से पंद्रह सौ के बीच जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध कराए गए । मौके पर मौजूद डॉ अनुज सिंह ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरा कार्य नहीं है। ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना हम सबों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। समाज के हर सक्षम लोगों को हर आगे आकर गरीबों की मदद करने चाहिए। सर्दी से बचाव के लिए भी गरीबों की मदद करनी चाहिए। मौके पर उपस्थित मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल के उपनिदेशक



संजय कुमार सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना ही धन का सदुपयोग है। इनके आशीर्वाद से ही आज हमारा मॉडर्न आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर नारदीगंज पूर्व प्रमुख गौरी शंकर सिंह, जेपी चौधरी, ब्रह्मदेव मांझी, पचाढ़ा पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार के साथ-साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भयंकर ठंड में कंबल प्राप्त करके सभी लाभार्थियों ने अपने गगनभेदी जय-जयकार से समस्त नारदीगंज विद्यालय परिसर को गुंजायमान करके अपनी प्रसन्नता जाहिर की।

# तैलिक समाज की मांगों को पूरा करने का प्रयास होगा : विस अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** तैलिक समाज की समस्याओं को दूर करने सहित उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बालक यशराज को भव्य समारोह के बीच साइकिल यात्रा पर रवाना किया जाएगा। शहीद जवान मनोज कुमार साव के गांव में स्मृति द्वार बनवाने की पहल की जाएगी। विकास के लिए कई काम हो रहे हैं व कई कराए जाएंगे। विष्णुपद कॉरिडोर के लिए 10 जनवरी को बैठक होगी। ड्रोन से सर्वे हो गया है। काशी विश्वनाथ कोरिडोर बनानेवाली कंपनी ही विष्णुपद व महाबोधि कॉरिडोर बनाएगी। उक्त बातें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को गया जी में कहीं। शहर के मगध कॉलोनी रोड नंबर 12 में गया जिला तैलिक साहू सभा की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में डॉ. कुमार ने कहा कि शहर में जाम से मुक्ति के लिए दो ओवरब्रिज व एक आरओबी बनेगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने साथ दिया है। हम सभी साथ-साथ हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए गया जिला तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए मांगों से अवगत कराया गया। समारोह में नवादा के शहीद जवान मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह का संचालन बिहार प्रदेश तैलिक साहू सभा कार्यकारिणी सदस्य छोटन साव ने किया। सभा को विभिन्न प्रखंड अध्यक्षों ने संबोधित किया।

## तैलिक साहू समाज द्वारा बिहार विधानसभा अध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया जी।** जिला तैलिक साहू सभा गया जिला की ओर से बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अजय कुमार साहू के निजी आवास पर संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता अजय कुमार साहू ने की। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि तैलिक साहू समाज का सहयोग उन्हें लगातार मिलता रहा है और बिहार तेजी से बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तैलिक साहू सभा के लोगों को पार्टी में विभिन्न पदों पर शामिल कराया गया है और यह समाज हर समय संगठन के लिए तैयार रहता है। कार्यक्रम का संचालन बिहार प्रदेश तैलिक साहू सभा के कार्यकारिणी सदस्य छोटन साव ने किया। इस अवसर पर तैलिक साहू समाज के जिला एवं शहर स्तर के महिला और पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में छोटन साव, महिला अध्यक्ष पुष्पा साहू, जिला युवा अध्यक्ष गुड्डू साव, भारतीय जनता पार्टी जिला ओबीसी अध्यक्ष कृष्णा साव, संरक्षक दुर्गा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, रवींद्र प्रसाद, जिला सचिव रंजीत कुमार, बोधगया प्रमुख पति सुदेश साव, नगर पंचायत अध्यक्ष फतेहपुर रवि साव, मुखिया वीरेंद्र साव, बेलागंज पंचायत समिति पति दीपू साव, अर्जुन साव, कोषाध्यक्ष अरुण साव, जिला संगठन महामंत्री जवाहर प्रसाद तथा श्रवण प्रसाद शामिल रहे।

## 25 लाख की लागत से होगा लाल बाबा तालाब का सौंदर्यीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के वार्ड संख्या छह स्थित लाल बाबा तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य एक सप्ताह में शुरू हो जाएगा। 24 लाख 95 हजार की लागत से इस तालाब का सौंदर्यीकरण होगा। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संवेदक को वर्क ऑर्डर भी मिल गया है। तीन से चार माह में काम पूरा हो जाएगा। वार्ड छह के पार्षद रफिया गजाला ने बताया कि इस तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए कई बार बोर्ड की बैठक में आवाज उठाई। कई माह बीत जाने के बाद टेंडर की सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब कार्य शुरू होने वाला है। मो. वसीम ने बताया कि इसके लिए एक साल से अधिक हो गया।

पहले सुबोध कुमार इंजीनियर थे। उनसे इसकी मापी कराई गई थी। इतने दिनों बाद अब यह कार्य शुरू होने वाला है। जूनियर इंजीनियर विश्वनाथ से रविवार को बात भी हुई है। उन्होंने कहा कि संवेदक को काम शुरू करने के लिए कहा गया है। एक सप्ताह में काम शुरू हो जाएगा। स्थानीय लोगों के लिए होगा रमणिक स्थल। लोगों ने बताया कि यह तालाब अभी सुखा है। बारिश के दिनों में इस तालाब में पानी भर जाता है। यह अभी जीर्ण अवस्था में है। कहीं-कहीं सीढ़ी बनी हुई है। इसका सौंदर्यीकरण होने के बाद यह रमणिक स्थल हो जाएगा। यहां पहले भी सौंदर्यीकरण कराया गया था, लेकिन घाट सही नहीं बना हुआ है। कोट लाल बाबा तालाब का सौंदर्यीकरण जल जीवन हरियाली योजना से होगा। इसकी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संवेदक को वर्क आर्डर मिल गया है। एक सप्ताह में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## संत जोसेफ मॉडर्न स्कूल की जीत, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

### सर्वोदय क्रीड़ा परिषद तरवां क्रिकेट टूर्नामेंट 2026

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** सर्वोदय क्रीड़ा परिषद तरवां द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के सातवें नॉकआउट मुकाबले में रविवार को संत जोसेफ मॉडर्न स्कूल तरवां की टीम ने वजीरगंज थाना क्रिकेट क्लब को 53 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच में संत जोसेफ मॉडर्न स्कूल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए और वजीरगंज थाना की टीम के सामने 165 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए वजीरगंज थाना की टीम 14.5 ओवर में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार संत जोसेफ मॉडर्न स्कूल की टीम ने मुकाबला 53 रनों से जीत लिया। सर्वोदय क्रीड़ा परिषद तरवां के अध्यक्ष रामाशंकर यादव उर्फ हप्पू यादव द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रिंस यादव को प्रदान की गई। इस अवसर पर टूर्नामेंट के अंपायर मंटू कुमार और संजीत कुमार, स्कोरर आदित्य कुमार, कमेंटेटर निरंजन कुमार, संत जोसेफ मॉडर्न स्कूल के निदेशक अभिषेक कुमार सहित टूर्नामेंट के सभी आयोजक सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शकों ने मैच का आनंद लिया।

## बैडमिंटन खेलने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आठ लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के आंती गांव में बैडमिंटन खेलने को लेकर दो पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना सामने आई है। मामले को लेकर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्रथम पक्ष के अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उनके मिल के सामने करीब दस गज की दूरी पर बैडमिंटन का नेट लगाकर खेल शुरू कर दिया गया था जिससे आम लोगों के आने-जाने का रास्ता अवरुद्ध हो रहा था। यह स्थिति करीब एक माह से बनी हुई थी। मना करने पर दूसरे पक्ष द्वारा मारपीट की गई। वहीं, दूसरे पक्ष के ओम कुमार ने आरोप लगाया कि वे लोग बैडमिंटन खेल रहे थे, तभी खेल रोकने का प्रयास किया गया जिससे विवाद बढ़ गया। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि इस मामले में कांड संख्या 1/26 व 2/26 दर्ज किया गया है। प्रथम पक्ष से रवि कुमार, ओम कुमार, अमन कुमार व आनंद कुमार तथा दूसरे पक्ष से अनिल कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह व मंजू देवी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा के महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को जन्मदिन पर दी गई बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय जनता पार्टी बिहार-झारखंड क्षेत्रीय संगठन के महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उनसे मुलाकात कर बुके तथा मां दुर्गा की तस्वीर देकर उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सफल जीवन की कामना की। डॉ. मिश्रा ने कहा कि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी संगठन के प्रति पूर्णतः समर्पित, अनुशासित और कर्मठ नेता हैं। उनके कुशल संगठनात्मक नेतृत्व में बिहार-झारखंड क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती मिली है। वे कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक के रूप में सदैव प्रेरणा देते हैं और संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री त्रिपाठी का सरल स्वभाव, दूरदर्शी सोच और कार्यकर्ताओं के प्रति संवेदनशीलता उन्हें विशिष्ट बनाती है। पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में उनका योगदान अतुलनीय है। डॉ. मिश्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठन आने वाले समय में और अधिक सशक्त होगा तथा समाज और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में नई उपलब्धियां हासिल करेगा। बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## खिताबी मुकाबले में टिकारी टाइगर्स ने टीपीएल-2 ट्रॉफी अपने नाम की



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** राज इंटर कॉलेज के मैदान में टिकारी प्रीमियर लीग (सीजन- 2) का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। खिताबी मुकाबले में टिकारी टाइगर्स ने टिकारी चार्जर्स को कड़े संघर्ष में 7 रन से हराकर टीपीएल दो का ट्रॉफी अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टिकारी टाइगर्स ने 12 ओवर में 4 विकेट पर 129 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम के कप्तान लवसन ने फाइनल में शानदार पारी खेलते हुए 38 गेंदों पर 77 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिकारी चार्जर्स की शुरुआत बेहद खराब रही। हालांकि इसके बाद अनिरुद्ध ने शानदार संघर्ष करते हुए 18 गेंदों पर 48 रन की तूफानी नाबाद पारी खेली और मैच को आखिरी ओवर तक खींच ले गए, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पाने के कारण चार्जर्स की टीम 12 ओवर में 7 विकेट पर 122 रन ही बना सकी और खिताब से चूक गई। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार टाइगर्स के कप्तान लवसन और सीरीज का पुरस्कार ब्लास्टर्स के मुन्नी को दिया दिया। अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया।

# गया में पहली बार शिक्षा मेले का आयोजन

### देशभर के 30-35 शिक्षण संस्थानों की सहभागिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बिहार के ऐतिहासिक शहर गया जी में पहली बार तकनीकी एवं उच्च शिक्षा को लेकर एक भव्य दो दिवसीय शिक्षा मेला एजूकेशन फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिक्षा मेला 10 एवं 11 जनवरी, 2026 को होटल जी.आर. इंटरनेशनल नगमतिया रोड, गया जी में संपन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को देशभर के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों की जानकारी देना तथा उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना है। इसमें भाग लेने वाले शिक्षण संस्थानों के उच्च पदाधिकारी और प्रतिनिधि विधार्थियों को विभिन्न कोर्स, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, तकनीकी शिक्षा और केरियर विकल्पों के बारे में सामने जानकारी देंगे। शिक्षा मेले में सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत या उतीर्ण मैट्रिक, इंटरमीडिएट और स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं को नि शुल्क प्रवेश की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजक ने बताया कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। आने वाले छात्र-छात्राओं को एक जगह देश के प्रमुख शिक्षण संस्थाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन, 206, द्वितीय तल्ला, आशियाना टावर, एग्ज़ीबिशन रोड, पटना के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। मेले में समस्त भारत से 30-35 प्रतिष्ठित कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के उच्च पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे जो विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, तकनीकी शिक्षा एवं करियर विकल्पों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी देंगे। शिक्षा मेले में सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण मैट्रिक, इंटरमीडिएट एवं स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क प्रवेश की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजकों के अनुसार यह मेला ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा क्योंकि उन्हें एक ही स्थान पर देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। वहीं सवेयर सवेवेयर एजुकेशन के अनिल कुमार सिन्हा, धनबाद के प्रसिद्ध शिक्षाविद जावेद अंसारी, आरा के चर्चित शिक्षा सलाहकार संदीप कुमार एवं जननेता टिंकू गोस्वामी की भी सहभागिता रहेगी। आयोजकों ने बताया कि गया जिलान्तर्गत सभी मुखिया, सरपंच एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की गई है। शिक्षा के क्षेत्र में यह आयोजन गया जिले के लिए एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है, जो विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में यह आयोजन गया के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य विधार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान देते हैं।

## मारपीट मामले में चार आरोपित गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं को लेकर पुलिस ने रविवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता स्पष्ट रूप से देखने को मिली है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चट्टी मोहल्ला में पूर्व में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस लगातार जांच कर रही थी। इसी क्रम में रविवार को छापेमारी कर इस मामले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान महेंद्र चौधरी, संजय चौधरी और राजीव कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपियों पर आपसी विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर शेरघाटी थाना क्षेत्र के गढ़ मोहल्ला में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की एक अलग घटना में भी पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में मिंटू यादव नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष के अनुसार गढ़ मोहल्ला में हुए विवाद के बाद स्थिति को देखते हुए पुलिस ने त्वरित हस्तक्षेप किया और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद आरोप सही पाए जाने पर उसे भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। मारपीट और आपसी विवाद से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, मारपीट मामले में चल रहा था फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** पुलिस ने एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुरमांवा गांव निवासी अर्जुन राम के रूप में हुई है। वह मारपीट के एक पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। कोंच थाना प्रभारी सुदेह कुमार ने बताया कि शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि वारंटी अर्जुन राम अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर एसआई अभिषेक कुमार ने पुलिस बल के साथ कुरमांवा गांव में अर्जुन राम के घर पर छापेमारी की। पुलिस की मुस्तैदी के कारण वारंटी को भागने का मौका नहीं मिला और उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद नियमानुसार अभियुक्त की कोविड-19 जांच कराई गई। स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद रविवार को जेल भेजा गया।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से चीफ जस्टिस ने किया गेस्ट हाउस का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया जी।** गया जी शहर में न्यायविदों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त भव्य गेस्ट हाउस का निर्माण किया गया है। नवनिर्मित गेस्ट हाउस का उद्घाटन शनिवार की शाम पटना से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चीफ जस्टिस आफ इंडिया सूर्यकांत ने किया। उद्घाटन को लेकर नवनिर्मित गेस्ट हाउस को रंग बिरंगे बल्बों से दुल्हन की तरह सजाया गया। बताया गया कि इस गेस्ट हाउस में एक प्रेसीडेंशियल सुइट के साथ 10 सूट कमरा, 10 एकल सूट, जिम, डाइनिंग हॉल, वेटिंग एरिया, गार्डन, वाहनों की पार्किंग, वाई-फाई की सुविधा, समुचित प्रकाश व आरामदेह बिस्तर की सुविधा सहित अन्य आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन के मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदन किशोर कौशिक, डीएम,एसएसपी सहित कई न्यायिक पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। आयोजित उद्घाटन समारोह के अवसर पर न्यायिक कर्मचारी गण भी शनिवार की सुबह से ही तैयारी में जुटे रहे। गेस्ट हाउस का निर्माण होने से देश के विभिन्न भागों से गया जी आने वाले न्यायिक पदाधिकारी को करने के लिए उत्तम सुविधा की सहूलियत मिलेगी। गया जी में यह न्यायिक पदाधिकारी के लिए पहले गेस्ट हाउस है।

## बृजनंदन शर्मा के निधन से शिक्षक समाज मर्माहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के आजीवन अध्यक्ष रहे शारदे बृजनंदन शर्मा के निधन की सूचना से पूरा शिक्षक समाज मर्माहत है। उनके अतिरिक्त शिक्षा वृत्ति से जुड़े सभी प्रमुख और जन साधारण लोगों ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अपनी संवेदना और गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद बेलागंज (गया) के प्रधानाध्यापक और शिक्षाविद मोहम्मद अबरार आलम ने कहा कि वह एक शिक्षकों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने अनवरत शिक्षकों की मांगों और समस्याओं पर सरकार से आंदोलन कर समाधान दिलाया है। उन्होंने कहा कि वैसे शिक्षक नेताओं पर बिहार के शिक्षकों को गर्व है। इनके निधन से पूरे शिक्षक समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। शिक्षक नेता एवं सेवानिवृत रंगनाथ शर्मा ने कहा कि स्व. शर्मा शिक्षा तथा राजनीति के क्षेत्र में काफी लोकप्रिय और सक्रिय कार्य करते थे। शिक्षक रण विजय सिंह ने कहा कि उनके प्रयास से ही प्राथमिक और मध्य विद्यालयों का सरकारीकरण हुआ था। प्रधानाध्यापक दिग्विजय प्रसाद सिंह ने कहा कि वह सदा शिक्षक समाज के हृदय में बसे हुए रहेंगे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता व ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के संचालक हिमांशु शेखर, जद यू के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सिंह, शिक्षक नेता अरविंद कुमार, राजेश कुमार राजू, मदन प्रसाद आदि ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संगीन मामलों में फरार अभियुक्त राजू गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मानपुर।** मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शनिवार की देर रात भदेजा गांव के बधार में छापेमारी कर कुख्यात बदमाश राजू पासवान को गिरफ्तार कर लिया। वह आर्म्स एक्ट और जानलेवा हमले के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी के अनुसार गिरफ्तार राजू के खिलाफ स्थानीय थाने में कुल नौ मामले दर्ज हैं। इनमें रंगदारी, गोलीबारी, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। केस के अनुसंधानकर्ता एएसआइ हरीश झा ने बताया कि राजू और उसके भाई मसूदन पासवान के खिलाफ उनके पड़ोसी जामुन चौधरी ने जानलेवा हमले की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित रात गुजारने के लिए गांव के बाहर बधार में छिपा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य सहयोगियों की तलाश में जुट गयी है।

## वाराणसी के चिकित्सकों ने 100 लोगों का किया निःशुल्क इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामगढ़।** रविवार की दोपहर उत्क्रमित मध्य विद्यालय ऊपरी के परिसर में निः शुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक ग्रामीणों ने पहुंच इलाज के साथ निशुल्क दवा प्राप्त किये। पहली बार विद्यालय पर लगे इस कैंप को लाने में बीएचयू में कार्यरत सुल्तानपुर डेरा के राम इकबाल यादव के पुत्र डॉ श्रीकांत यादव की अहम भूमिका रही, जिन्होंने अपने साथ बीएचयू के सात सदस्यीय डॉक्टरों की टीम के साथ ग्रामीण परिवेश में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जांच के दौरान चिकित्सकों ने शुगर, बीपी, सर्दी, जुखाम, बुखार सहित कई तरह के इलाज के साथ दवा वितरित किया। बताते चलें श्रीकांत लगभग छह साल पहले एमबीबीएस की पढ़ाई कर वाराणसी के बीएचयू में कार्यरत होते हुए एमएस की पढ़ाई कंप्लीट की हैं। अपने साथ काम कर रहे साथी चिकित्सकों के साथ उन्होंने पहली बार निःशुल्क सेवा के माध्यम से गांव के लोगों को राहत देने का निर्णय लिया और शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों की टीम में डॉ उमंग अग्रवाल, डॉ वैष्णव कृष्णा, डॉ राहुल रंजन, डॉ रूपाली शर्मा, डॉ अमन देव अग्रवाल, डॉ सिमरन मालवीय शामिल रहे। समाजसेवी सह शिक्षक प्रहलाद यादव, राधेश्याम यादव व विजय सिंह ने गांव के चिकित्सक द्वारा की गयी इस पहल को काफी सराहा।

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जज्बा पैलेस के सभागार में रविवार की शाम अनुमंडल प्रशासन के सौजन्य से एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद और डीएसपी सुरेन्द्र सिंह, निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग शामिल हुए। आये हुए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। वहीं मनोरंजन के लिए हास्य कलाकारों ने भी कई प्रकार के मनोरंजक चुटकीला सुनाकर लोगों को हसने पर विवश कर दिया। वहीं कार्यक्रम में पहुंची गायिका ने दिल दिया है जान भी देंगे, ए वतन तेरे लिये गानों की प्रस्तुति किया।

CMYK

संपादकीय

# यह संवेदनहीनता और शर्मनाक है

देश के सबसे स्वच्छ शहर में जहरीले जल से बेगुनाहों की मौतों का आंकड़ा बढ़कर 15 तक जा पहुंचा है, लेकिन सरकार अभी भी अधिकृत तौर पर चार मौते ही मान रही हैं। इंदौर के यह हादसा अब शर्मिंदगी का विषय बन गया है कि खुद के साफ होने पर गर्व करने वाले शहर में लोगों को साफ पानी तक नसीब नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे राजनेताओं और प्रशासन की हद दर्जे की लापरवाही और संवेदनहीनता सामने आई है। इस बीच हाई कोर्ट ने भी जनहित याचिका स्वीकार करते हुए सुनवाई की तारीफ 6 जनवरी तय की है। इस बीच राज्य सरकार ने भी इस मामले में कोर्ट में अपनी स्टेटस रिपोर्ट पेश कर दी है। इस मामले में इंटरविनर ( हस्तक्षेप कर्ता ) गोविंद सिंह बैस की ओर से मीडिया के पब्लिकेशन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस पर कोर्ट ने कुछ भी टिप्पणी करना उचित नहीं समझा। उधर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी मामले में संज्ञान लेते हुए मध्य प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। इस बीच जमीनी हालात यह हैं कि भागीरथपुर बस्ती में दूषित पानी से प्रभावित 16 बच्चों समेत 201 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। सभी 15 लोगों की जान दूषित पानी की वजह से ही गई है। इसकी पुष्टि एमजीएम मेडिकल कॉलेज की लैब रिपोर्ट से हो गई।इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा का कहना है कि डिटेल्ड रिपोर्ट का इंतजार है। मेडिकल कॉलेज में कल्चर टेस्ट भी किया जा रहा है। यह मुद्दा अब राजनीतिक रंग भी लेने लगा है। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लिए परीक्षा की घड़ी बताया। उमाजी ने कहा कि इस पाप का घोर प्रायश्चित करना होगा। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि साफ पानी अहसान नहीं, जीवन का अधिकार है। इस अधिकार की हत्या के लिए बीजेपी का डबल इंजन, उसका लापरवाह प्रशासन और संवेदनहीन नेतृत्व पूरी तरह जिम्मेदार है। मप्र कुशासन का एपीसेंटर बन चुका है। भोपाल में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर नगर भोपाल निगम और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को इन मौतों का जिम्मेदार ठहराया। इसे लेकर छोटे तालाब के गंदे पानी में नाव पर बैठकर घंटे वाले मंत्री के पुतले को वही दूषित पानी पिलाया। इसके बाद उसी गंदे पानी में पुतले को डुबाया और नारे लगाए।इंदौर की इस दिल दहलाने की घटना के बाद राज्य के अन्य शहरों में भी पानी की सार्वजनिक टंकियों की जांच हो रही है। हालांकि उसमें खाना पूर्ति ज्यादा है। यह बात अब साफ हो चुकी है कि इंदौर की उस बस्ती में पेयजल और सीवर के पानी की सप्लाई एक साथ हो रही थी। ज्यादातर शहरों में पेयजल की लाइनें टूटी-फूटी हैं। उन्हें बरसों से बदला नहीं गया है। ऐसे में एक ही लाइन से पीने का पानी और गंदा पानी दोनो बह रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसका कारण सरकारी अमले की दिलचस्पी काम करने से ज्यादा माल कमाने में है। इस पूरे घटनाक्रम ने राज्य में पेयजल स्थिति की पोल खोल कर रख दी है। लीपापोती के लिए सरकार ने प्रति मृतक दो लाख रू. की मदद का ऐलान किया है, लेकिन सिस्टम की गलती के कारण जिन लोगों ने अपनी जानें गंवाई हैं, उसका क्या मुआवजा होगा। अगर सरकार ने इस पूरे प्रकरण को अभी भी गंभीरतापूर्वक नहीं लिया तो हमे इससे भी ज्यादा भयानक हादसे के लिए तैयार रहना चाहिए।

# अहर्निश सक्रिय रहने वाले राजनेता थे सुशील कुमार मोदी


शैलेन्द्र कुमार ओझा
आप्त सचिव
उप मुख्यमंत्री,
बिहार सरकार

सुमन कुमार झा
निजी सहायक
स्वास्थ्य व विधि मंत्री ,
बिहार सरकार


किसी भी राजनेता का वास्तविक मूल्यांकन केवल उसके बाह्य व्यक्तित्व, भाषण शैली या पदों से नहीं किया जा सकता। उसका सही आंकलन उसके आंतरिक व्यक्तित्व, वैचारिक दृढ़ता और समाज व राष्ट्र के उत्थान में दिए गए योगदान के समग्र अध्ययन से ही संभव है। इस दृष्टि से जब हम सुशील कुमार मोदी के राजनीतिक जीवन को देखते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि वे केवल सत्ता की राजनीति करने वाले नेता नहीं थे, बल्कि विचार, संगठन और कर्म के संतुलन का जीवंत उदाहरण थे।

सुशील मोदी के आंतरिक व्यक्तित्व के निर्माण में उनके मातृ संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। आंतरिक व्यक्तित्व का मूल तत्व व्यक्ति की वैचारिक प्रतिबद्धता और उसी के अनुरूप विकसित उसकी कार्यपद्धति होती है। सुशील मोदी जीवनपर्यंत अपने विचारों और कार्यशैली पर अडिग रहे। वे सफलता और असफलता की परवाह किए बिना, निरंतर अपने कार्य में संलग्न रहते थे। उनका राजनीतिक जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची राजनीति केवल अवसरों का लाभ उठाने का माध्यम नहीं, बल्कि सतत साधना है।

अक्सर यह प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति चौबीसों घंटे काम कैसे कर सकता है? इसका उत्तर स्वयं सुशील मोदी के जीवन में निहित है। उनका मानना था कि काम केवल शरीर से नहीं, बल्कि मन और बुद्धि से भी होता है। वे सोते-जागते, चलते-फिरते, खाते भी राजनीति और प्रशासन के विषयों पर चिंतन करते रहते थे। आवास या कार्यालय से निकलने के बाद भी वे सहयोगियों को फोन कर बताते कि किसी निर्णय में थोड़ा परिवर्तन और बेहतर परिणाम लाया जा सकता है। यह उनके निरंतर सक्रिय मानसिक और बौद्धिक जीवन का परिचायक था। इसी कारण उन्हें एक ÷अहर्निश सक्रिय÷ राजनेता कहा जा सकता है।

इन्हीं विशेषताओं के बल पर सुशील मोदी बिहार की राजनीति तक सीमित नहीं रहे, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक प्रभावशाली और निर्णायक नेता के रूप में स्थापित हुए। आज के अनेक युवा नेता उनके राजनीतिक अनुशासन, संगठन क्षमता और वैचारिक स्पष्टता से प्रेरणा लेते हैं।

सुशील कुमार मोदी का जन्म 5 जनवरी 1952 को पटना में हुआ। किशोरावस्था में ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए। आगे चलकर कॉलेज जीवन में उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई। वर्ष 1974 के ऐतिहासिक जेपी आंदोलन में उनकी सक्रिय भागीदारी ने उनकी राजनीतिक यात्रा की मजबूत नींव रखी। यह वही दौर था जब देश में लोकतंत्र और सामाजिक परिवर्तन की चेतना नई ऊंचाइयों को छू रही थी।

वर्ष 1990 के बिहार विधानसभा चुनाव में सुशील मोदी पहली बार पटना सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। यह लालू प्रसाद यादव के उभार का समय था और जनता दल सत्ता में था। उस समय भारतीय जनता पार्टी बिहार में अपेक्षाकृत कमजोर स्थिति में थी, लेकिन सुशील मोदी ने विपक्ष में रहते हुए भी स्वयं को एक गंभीर, तार्किक और सशक्त नेता के रूप में स्थापित किया।



1990 से 2000 तक हुए लगातार विधानसभा चुनावों में उनकी जीत ने उन्हें भाजपा के कद्दावर नेताओं की पंक्ति में खड़ा कर दिया। लालू प्रसाद यादव और बाद में राबड़ी देवी के शासनकाल में वे भाजपा का प्रमुख चेहरा बने। उन्होंने विधानसभा में तीखे, तथ्यात्मक और साहसी सवाल उठाए। चारा घोटाले जैसे बड़े भ्रष्टाचार मामलों को लेकर उनकी मुखर भूमिका ने उन्हें जनता के बीच एक ईमानदार और निर्भीक नेता के रूप में स्थापित किया।

2005 का विधानसभा चुनाव बिहार की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ लेकर आया। भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) के गठबंधन ने वर्षों से चले आ रहे लालू-राबड़ी शासन को सत्ता से बाहर किया। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने और सुशील कुमार मोदी उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री के रूप में सरकार का अहम स्तंभ बने। इस सरकार ने बिहार में विकास की नई दिशा तय की, जिसमें सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।

2010 में नीतीश कुमार और सुशील मोदी की जोड़ी को जनता ने भारी बहुमत से पुनः सत्ता सौंपी। इस चुनाव में भाजपा ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में सुशील मोदी ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2013 में राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं और नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ लिया। इस दौर में सुशील मोदी विपक्ष में आ गए। 2015 में महागठबंधन की सरकार बनी, तब भी वे विपक्ष की भूमिका में रहे और लालू प्रसाद यादव तथा तेजस्वी यादव पर भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर लगातार हमलावर रहे।

2017 में भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते नीतीश कुमार ने महागठबंधन छोड़कर पुनः भाजपा के साथ सरकार बनाई। सुशील कुमार मोदी एक बार फिर उपमुख्यमंत्री बने। यह उनकी राजनीतिक सक्रियता का चरम काल कहा जा सकता है। उन्होंने गठबंधन की राजनीति को संतुलन और समझदारी से संभाला।

2023ङ्क24 तक आते-आते वे स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने लगे और उनकी सक्रिय राजनीतिक और चुनावी राजनीति में भूमिका कम हो गई। भाजपा ने बिहार में नई पीढ़ी के नेताओं को आगे बढ़ाया। हालांकि नीतीश कुमार की भूमिका अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन सुशील मोदी की अनुपस्थिति में गठबंधन राजनीति में स्पष्ट रूप से चर्चा हो ही जाती है।

सुशील कुमार मोदी उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री और जीएसटी- जीएसटी कौंसिल में रहते हुए उन्होंने बिहार सहित देश की वित्तीय स्थिति को सुधारने में ऐतिहासिक योगदान दिया। लालू प्रसाद की 'जातीय समीकरण' आधारित राजनीति के मुकाबले मोदीङ्कनीतीश की 'विकास मॉडल' वाली राजनीति ने बिहार की दिशा बदल दी। भाजपा और जदयू के रिश्तों को बनाए रखने में वे एक मजबूत सेतु की तरह कार्य करते रहे।

सुशील मोदी का सबसे बड़ा योगदान भाजपा के संगठन को मजबूत करना रहा। वे मानते थे कि पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त किया, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी और उन्हें चुनावी प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाया। उनकी रणनीतियां,जातीय संतुलन, सामाजिक समीकरण और जमीनी वास्तविकताओं पर आधारित होती थीं।

वे केवल भाषणों के नेता नहीं थे, बल्कि चुनावी प्रबंधन, संसाधनों के कुशल उपयोग और विपक्ष की रणनीतियों का जवाब देने में भी दक्ष थे। उनका विपक्ष पर हमला संयमित, तथ्यपूर्ण और तार्किक होता था, जो जनता पर गहरा प्रभाव छोड़ता था।

सुशील कुमार मोदी बिहार की राजनीति के एक प्रमुख और प्रभावशाली नेता रहे हैं। वे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने लंबा कार्यकाल निभाया। उन्होंने आर्थिक सुधार, राजकोषीय संतुलन और विकास योजनाओं को मजबूती दी। वे अपनी स्पष्टवादी छवि, भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े रुख और तथ्यों के साथ राजनीति करने के लिए जाने जाते थे। संसद सदस्य के रूप में भी उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर बिहार के मुद्दों को उठाया। बिहार की राजनीति को नई दिशा देने में योगदान दिया।

सुशील कुमार मोदी की वर्षों की राजनीति बिहार के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। छात्र नेता से लेकर विधायक, लोकसभा सदस्य, उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद तक की उनकी यात्रा संघर्ष, अनुशासन और समर्पण की प्रेरक कहानी है। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं हैं, फिर भी उनका योगदान बिहार की राजनीति में सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका राजनीतिक जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# नागरिक श्रेणी के सिद्धांत से ख़त्म होंगी असमानता

**जाति,मजहब के नाम पर कही कोई सामाजिक-राजनीतिक संगठन नहीं होगा (वैवाहिक विज्ञापन तक में भी इनका जिक्र नहीं होना चाहिए) किसी दुकान, मकान पर इनका इस्तेमाल नहीं होगा। टोपी, पगड़ी, चोटी लगाना अपराध नहीं होगा पर इसे धार्मिक प्रतीक नहीं माना जाएगा। अगर इनके प्रतिक के आधार पर कोई सामाजिक, राजनीतिक, संगठन बनाता हैं, दुकान मकान पर तस्वीर लगाता हैं तो यह अपराध माना जाएगा। स्कूल, संसद और कोर्ट में यह निषिद्ध होगा। शिक्षा, नौकरी, राजनीति,ठेका, सरकारी योजना इन सब कों आर्थिक आधार पर आरक्षित रखा जाएगा। किसी के पूर्वजों की जाति पूछना जघन्य अपराध होगा। अतः भारत को विकसित होना है। दुनिया से आगे निकलना है। अपने सभी सामाजिक बुराइयों को पीछे छोड़ते हुए आगे बढ़ना है तो एक बार इस प्रकार से सोचने की आवश्यकता है।**

डॉ. संजीव कुमार

जाति आधारित अपराध, धार्मिक अपराध, धर्म परिवर्तन के नाम पर हिंसा। यह ऐसे अपराध है जो इस देश का पीछा नहीं छोड़ रहे। हमने इस देश को आगे बढ़ाने और दुनिया के साथ खड़े होने के लिए बहुत प्रयोग किये परंतु सफलता अभी भी हमारे आसपास नहीं दिखाई दे रहा है। हमने छुआछूत और अस्पृश्यता मिटाने के लिए दलित और आदिवासियों को आरक्षण दिया। इस आरक्षण की सुविधा को देखते हुए पिछड़ी जातियों ने भी अपने हक अधिकार के लिए सरकार से सवाल किया नतीजन और उन्हें भी आरक्षण प्रदान किया गया। फिर समाज में मांग उठी की क्या सवर्ण गरीब नहीं है, तो हमने उनके लिए भी आरक्षण की व्यवस्था कर दी। पर सवाल अब भी वही का वही है की क्या इससे समाज में फैली ऊंच नीच की भावना मिट गई? समाज में समानता आ गई ? धार्मिक सुधारों और उनके संरक्षण के लिए हमने अनेकों कमेटियां बनाई पर आज भी अल्पसंख्यक धर्म तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिस पर सिर्फ और सिर्फ राजनीति ही की जा रही है। समाज के हर हिस्से का गरीब व्यक्ति समझ नहीं पा रहा है कि उसकी मूल समस्या क्या है। वह मंदिर मस्जिद और जाति की लड़ाई में उलझा हुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय और असमानता की समस्या उसकी जिंदगी को दिन प्रतिदिन नरकीय बना रही हैं।

आज देश जाति और धर्म की सड़ांध से बजबजा रहा है। सैकड़ों राजनीतिक पार्टियों हजारों समाज सुधारक संगठन जाति, धर्म के नाम पर अपनी- अपनी रोटियां सेक रहे है। जबकि इनसे देश का कभी उद्धार नहीं हुआ है। आज हर व्यक्ति अपने धर्म और जाति पर बेवजह गर्व करके एक दूसरे को नीचा दिखाने का कार्य कर रहा है। हम सब जानते है सबके इतिहास धूमिल हैं। यह लोग कालांतर में ना कभी मिलकर एक साथ रहे थे ना भविष्य में एक-दूसरे के साथ मिलकर रहेंगे। गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने अपनी पुस्तक राष्ट्रवाद में लिखा है कि भारत और एशिया की समस्या यह है कि वह कभी अपने अतीत से बाहर नहीं निकलना चाहता। ऐसा इसलिए है क्योंकि सब के अतीत शर्मिंदगी और नकारापन से भरे हुए हैं फिर भी सभी अपने लिए झूठा गर्व ढूढ़ लाते है। अगर सब लोग इतने ही महान थे तो हजारों साल तक यह देश अनेक विदेशी आक्रांताओं का गुलाम क्यों रहा ? आज देश आजाद है, सारी शक्ति अपने हाथ में है पर लगता है जैसे समस्याएं और बढ़ती जा रही है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, देशभक्त राजनेताओं और विद्वान युग पुरुषों ने हमारे मुल्क को समृद्ध और एक साथ रहने के लिए एक महान संविधान बना कर दिया परन्तु हम आज भी एक दुसरे से लड़ते आ रहे हैं।

आज देश में विवाद के तीन प्रमुख विषय है। आरक्षण, जाति,और पारंपरिक सत्ता। इसलिए वक्त आ गया है इनके समूल विनाश का। एक ऐसी व्यवस्था निर्मित करने की आवश्यकता है जो इन सब का अंत करके एक समृद्ध भारत का स्वप्न पूर्ण कर सके। अतः जरुरत है देश के सभी नागरिकों



को आर्थिक आधार पर पहचान देने की,एक ऐसी पहचान जिसमे किसी के कुल, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र का कोई महत्व नहीं होगा। भारत के सभी नागरिकों को आर्थिक आधार पर चिन्हित कर उनके विकास के लिए योजनाएं निर्मित होंगी और समय-समय पर उनमे संशोधन होता रहेगा। बाबा साहब ने देश की जाति समस्या पर कहा था कि 'वर्ण व्यवस्था एक ऐसी बहु मंजिला ईमारत की तरह है जिसमे कोई सीढ़ी नहीं है, जो जिस मंजिल पर पैदा होगा उसे वही मरना है। ना कोई ऊपर जा सकता है ना ही कोई नीचे आ सकता है'। परन्तु इस नागरिक श्रेणी में साल-दर-साल में श्रेणी की स्थिति में जरुरत परिवर्तन होगा। जो जैसा परिश्रम करेगा वह वैसी श्रेणी में पहुंचेगा। इस नागरिक श्रेणी का एक परिकल्पित उदाहरण स्वरुप मैंने निर्मित किया है।

श्रेणी 1 ऐसे नागरिक जिनकी सम्पत्ति एक अरब से अधिक हो

श्रेणी 2 पचास करोड़ से एक करोड़ तक

श्रेणी 3 एक करोड़ से पचास लाख तक

श्रेणी 4 पचास लाख से दस लाख तक

श्रेणी 5 दस लाख से नीचे - आरक्षण

आरक्षित वर्ग की श्रेणी 5 में दस से पांच लाख तक 5 फीसदी, पांच लाख से तीन लाख तक में 10 फीसदी, तीन से एक लाख तक में 15 फीसदी, एक लाख से नीचे तक में 25 फीसदी आरक्षण दिया जाए।

श्रेणी 5 में आने वाले नागरिकों को समाज की मूलधारा में लाने हेतु सरकार का पूरा ध्यान होना चाहिए। इन्हें ही आरक्षण, मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित सभी सुविधाओं में सामान अवसर प्रदान करने की व्यवस्था दी जानी चाहिए। भारत के सभी नागरिकों को सम्पत्ति में हिस्सा, सुविधा यहां तक कि रेलवे और हवाईजहाज की यात्रा में छूट भी इसी आधार पर प्रदान होना चाहिए। नागरिक श्रेणी के पहचान के तौर पर पांच प्रमुख रंग के प्रमाण पत्र ही नागरिकों के पहचान होंगे, इसके अतिरिक्त (कुल, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र) उनकी कोई पहचान नहीं होगी। पहला सफ़ेद, दूसरा पीला, तीसरा हरा और चौथा नीला तथा पांचवा लाल कार्ड बना होगा। हम जानते है गांव में आज भी बस्तीयां होती हैं। पाठक बस्ती, मिसिर बस्ती, यादव बस्ती, चमार बस्ती, नाई बस्ती, जोलहा बस्ती, पंजाबी टोला , मल्लाह बस्ती, इत्यादि जो की जाति पोषक हैं। इसे समाप्त करना हैं तो कॉलोनी बनानी होगी। ए ब्लॉक, ब ब्लॉक जहां जाति धर्म के नाम पर लोग बिखरे नहीं होंगे।

जाति,मजहब के नाम पर कही कोई सामाजिक-राजनीतिक संगठन नहीं होगा (वैवाहिक विज्ञापन तक में भी इनका जिक्र नहीं होना चाहिए) किसी दुकान, मकान पर इनका इस्तेमाल नहीं होगा। टोपी, पगड़ी, चोटी लगाना अपराध नहीं होगा पर इसे धार्मिक प्रतीक नहीं माना जाएगा। अगर इनके प्रतिक के आधार पर कोई सामाजिक, राजनीतिक, संगठन बनाता हैं, दुकान मकान पर तस्वीर लगाता हैं तो यह अपराध माना जाएगा। स्कूल, संसद और कोर्ट में यह निषिद्ध होगा। शिक्षा, नौकरी, राजनीति,ठेका, सरकारी योजना इन सब कों आर्थिक आधार पर आरक्षित रखा जाएगा। किसी के पूर्वजों की जाति पूछना जघन्य अपराध होगा। अतः भारत को विकसित होना है। दुनिया से आगे निकलना है। अपने सभी सामाजिक बुराइयों को पीछे छोड़ते हुए आगे बढ़ना हैं तो एक बार इस प्रकार से सोचने की आवश्यकता है।

देश को हमे ऐसे राजनीतिज्ञों के हाथों में बिल्कुल नहीं छोड़ना चाहिए जो हमें सिर्फ धर्म और जाति के चश्मे से देखते हैं, क्योंकि हम चाहे कितनी भी दुनिया - जहां की बाते कर ले भूखे पेट को सिर्फ रोटी ही शांत कर सकती है और इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। किसी पुरानी समस्या का समाधान मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृषभ**
उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेने के लिये दिन काफी शुभ है। मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना लाभकारी होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मिथुन**
सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकारी प्रवृत्ति के लोगों को आलोचना झेलनी पड़ सकती है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कर्क**
जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। दिन आपके लिये काफी अच्छा है बस अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें। काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी।

**सिंह**
आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा।

**कन्या**
आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**तुला**
नया काम शुरू करने के लिये दिन शुभ नहीं है। कार्यक्षेत्र में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपका रुझान कम हो सकता है।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। परिवार में शान्ति का वातावरण रहेगा।

**धनु**
नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन बेहद शुभ है। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में स्थापित होगी।

**मकर**
आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना माँगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी रहेगा।

**कुंभ**
अपने स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। आपकी कोई बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**मीन**
आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे।

# टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर बैठक

## टीबी हारेगा, पंचायत जीतेगी का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सौरिया में टीबी मुक्त पंचायत को लेकर बैठक आयोजित की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यक्षमा के क्षेत्रीय प्रबंधक कमलेश कुमार, मुखिया निरंजन प्रसाद मंडल, बीएचएम भवेश रंजन सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए।

बैठक में 2025 की उपलब्धि शून्य रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए वर्तमान वर्ष में बेहतर परिणाम देने की कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गई।वहीं फिर से कांस्य पदक के साथ रजत प्राप्त कराने का संकल्प लिया गया। इस दौरान कर्मियों ने सामुहिक रुप से टीबी हारेगा- सौरिया जीतेगा का संकल्प के साथ कार्य करने का बीड़ा उठाया। बीएचएम ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर प्रखंड के सौरिया पंचायत का चयन हुआ था। इसको लेकर 2024 में प्रशंसनीय कार्य भी हुआ। जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत के मुखिया को कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया था। लेकिन 2025 में हमारी उपलब्धि शून्य रही। इसलिए रजत पदक से वंचित रह गये। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत घोषित होने की पहली शर्त है कि प्रति एक हजार आबादी में 30 लोगों के बलगम



जांच में किसी को टीबी का लक्षण नहीं होना है। उन्होंने बताया कि सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने आगामी वर्ष में सिल्वर पदक जीतने का संकल्प लिया है।आर.एम ने कहा कि टीबी एचआइवी से भी खरनाक होता है। बैठक में बीसीएम शंभु कुमार, सीएचओ लक्ष्मीनारायण मीना, एसटीएस विकास कुमार, लैब टेक्निशियन अरुण कुमार, एएनएम दीपशिखा सहित पंचायत के सभी आशा एवं आशा फेसिलेटर मौजूद रहे।

# बाला शाह के मजार पर दो दिवसीय उर्स मेला का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** थाना से सटे अवस्थित हजरत बाबा बाला शाह की मजार पर कमिटि की ओर से चादरपोशी के साथ दो दिवसीय सालाना उर्स पारंपरिक रुप से शुरू हुआ। कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों की संख्या में दूर-दूर से अकीकदमंद चादरपोशी के लिए जुटे थे। सुबह मजार परिसर में कुरान खानी के बाद दोपहर 3 बजे चादरपोशी की रस्म अदा की गई।

इस दौरान राज्य के विभिन्न भागों सहित पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल और झारखंड से भी लोग पहुंकर मजार पर मत्था टेककर मन्नतें मांगीं। उर्स को लेकर मजार परिसर रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। उर्स के पहले शनिवार को मौलानाओं ने भाईचारे और इंसानियत का संदेश देते हुए समाज में मिलजुल कर रहने की अपील की। भीड़ नियंत्रण एवं शांति-व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। रविवार को कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया गया है। जिसमें सोनम वारसी और परवेज वारसी अपने फन का प्रदर्शन करेंगे। प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।बताया जाता है कि मजार पर मांगी मन्नते अवश्य पूरी होती है।इसीलिए लोग दूर-दूर से आकर मन्नत मांगते हैं और मन्नत पूरी होने पर दोबारा आकर फातिहा पढ़ते है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मजार दशकों से हिंदू-मुस्लिम एकता का केंद्र बना हुआ है। शाम में आयोजित 'सीरत-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस' में शिरकत करते हुए मौलाना सिद्दिक हसन, मुजफ्फर हुसैन, शाहनवाज कादरी सहित अन्य उलेमाओं ने बाबा बाला शाह के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। तो वहीं इंसानियत एवं आपसी भाईचारे के महत्व को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर परिसर में विशाल मेला लगाया गया।जिसमें विभिन्न प्रकार की दर्जनों दुकाने सजी हुई है। अकीकदमंदों की सुविधा के लिए कमिटि की ओर से पेयजल, बिजली, साफ -सफाई की हरसंभव व्यवस्था की गयी है।

# 29 लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान उदामारेखा फोरलेन से ग्रामीण देशी शराब बरामद किया है।थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला ने बताया कि पक्की सड़क पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो आदमी एक बोरा में 39 लीटर देशी शराब लेकर जा रहा था।

जिसमें से एक आदमी अँधेरे का फायदा उठा कर भाग गया और दुसरा आदमी जिसका नाम पप्पू कुमार पिता मुन्ना लाल साह ग्राम-सिरनिया थाना-मुफ्फसिल जिला -कटिहार निवासी को शराब के साथ पकड़ा गया। उसे विधिवत गिरफ्तार कर बरामद शराब एवं मोटरसाइकिल के साथ थाना लाया गया है और अग्रिम कार्यवाई की जा रही है।

## भीष्ण ठंड में राजद जिला अध्यक्ष ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ विधान सभा क्षेत्र के लताकी गांव में राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष इरफान आलम तथा उनकी धर्मपत्नी गुलनाज प्रवीण उनके माता पिता के द्वारा गरीब बुजुर्ग पुरुष महिलाओं के बीच इस ठंड के मौसम में ठंड से बचाव के लिए गरम पोशाक सहित कंबल का वितरण जिला अध्यक्ष इरफान आलम एवं उनकी मैडम के कर कमलों द्वारा वितरित किया गया तथा उन पिता तुल्य बूढ़े बुजुर्गों और माता तुल्य बूढ़ी महिलाओं को कंबल देकर सम्मानित किया गया जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि जमुआ विधान सभा क्षेत्र ग्राम लताकी गांव मेरा जन्मभूमि है इसलिए हमारा दायित्व बनता है।

# प्रखंड सभागार में जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पहली बार जनता दरबार का आयोजन किया गया।भूमि से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आयोजित इस जनता दरबार में कुल सात मामलों आये। जिसमें छः मामले का निष्पादन किया गया।

मौके पर अंचलाधिकारी मो. इस्माइल ने सभी मामलों का ऑन द स्पॉट निबटारा किया। एक मामले लंबित रहे जिसकी सुनवाई अगली तारीख में की जाएगी। स्थान परिवर्तन का दिखा असर - इससे पूर्व थाना परिसर में आयोजित होने वाला जनता दरबार पहली बार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में



आयोजित हुआ। पर्याप्त स्थान एवं बैठने की व्यवस्था के कारण आज की सुनवाई सुचारू तरीके से संपन्न हुई। वहीं इस बदलाव को लेकर आवेदकों में भी काफी खुशी देखी गई। सरकार और विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार अब इसका आयोजन प्रखंड मुख्यालय में ही होगा।

# झामुमो छात्र मोर्चा में शामिल हुए सैकड़ों विद्यार्थी

## गिरिडीह में झारखंड छात्र मोर्चा का एक दिवसीय सम्मेलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विवाह भवन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के छात्र विंग का एकदिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी समाज, राज्य और देश का भविष्य हैं। विद्यार्थियों को अपने आप में में किसी भी विषय या मुद्दा पर सवाल करने की क्षमता विकसित करना चाहिए।

कोई कुछ कह दे तो उस पर आँख मूंदकर विश्वास नहीं करना चाहिए। विश्व प्रसिद्ध भौतिक वैज्ञानिक न्युटन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सेव नीचे ही क्यों गिरा? उन्होंने सोंचा, उनके मन में सवाल आया तो उन्होंने गुरूत्वाकर्षण के नियम का आविष्कार किया। मोबाइल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोबाइल युवाओं में साकारात्मक और नाकारात्मक दोनों प्रभाव डाल रहा है। आप साकारात्मक दिशा में आगे बढ़ें। देश में पिछले ग्यारह साल की राजनीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोई चाहता है कि भारत एक रंग में रंग जाए तो ये कदापि नहीं हो सकता। भारत को पूरा विश्व अखंडता में एकता का देश के रूप में जानता है। यही हमारे देश की खुबसूरती है। सभा को झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है। उन्होंने मंत्री सुदिव्य कुमार के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि गिरिडीह में विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज बहुत जल्द चालू होगा। झामुमो के वरिष्ठ नेता जमुआ के पूर्व विधायक केदार हाजरा ने कहा कि एक अच्छा विद्यार्थी ही अच्छा नागरिक बनता है। झारखंड छात्र मोर्चा के नेता अभय कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों विद्यार्थी जेसीएम में शामिल हुए। मंत्री सुदिव्य कुमार ने सभी को माला पहनाकर और झामुमो का पट्टा पहनाकर शामिल करवाया। छात्र नेता अभय कुमार ने संगठन को पूरी ताकत से मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज अंसारी, महानगर अध्यक्ष रॉकी सिंह, जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुमित कुमार, जिला सह सचिव दिलीप कुमार, राकेश कुमार सिंह, मोनू सिंह, अभय सिंह, मेहताब मिर्जा सहित कई गणमान्य नेता मौजूद थे। कार्यक्रम में बड़ी यादव, डब्लू यादव, सुमेर वर्मा, आदित्य यादव, बिट्टू यादव, आशीष सिंह, रोहित मंडल, अंकित राज, राज पांडे, आशीष यादव, शिवम देव, रंजन वर्मा, विशाल झा, आर्यन वर्मा, प्रिंस प्रभाकर, सुजीत मंडल, पंकज साव, सागर, बंटी यादव, रोहन तूरी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा जन सवालों की उपेक्षा : राजेश

## महेंद्र सिंह शहादत दिवस पर कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्र तथा राज्य सरकार लगातार जन सवालों की उपेक्षा कर रही है। ऐसे में कॉमरेड महेंद्र सिंह जैसे जननायक का जनसंघर्ष का रास्ता ही जनता के लिए सही विकल्प है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के समाजवादी सपनों को साकार करने के संकल्पों के साथ महेंद्र सिंह के संघर्षों से मिले संदेशों को भी याद कर 16 जनवरी को फारवर्ड ब्लाक का बेंगाबाद प्रखंड का पहला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने आज सिजुआ कोल्हरिया में स्थानीय ग्रामीण मजदूरों के साथ आयोजित एक बैठक के दौरान कही, जिसका आयोजन 16 जनवरी



बेंगाबाद कार्यक्रम को लेकर किया गया था यहां कार्यक्रम की अगुवाई पार्टी नेता छोटेलाल यादव तथा लखन कोल ने करते हुए स्थानीय जनता की विभिन्न समस्याओं को रखा तथा मौजूद लोगों ने भी अपनी बातें रखीं। इस पर यादव ने कहा कि, देश और झारखंड के सभी जननायकों ने हमें शोषण के विरुद्ध, अपने हक के लिए लड़ना सिखाया है। मौजूदा समय सरकार जनता के सवाल हल नहीं कर रही। इसलिए अब हमें अपने सवालों पर लड़ाई शुरू करनी होगी। महेंद्र सिंह जैसे जननायक का जन संघर्ष का रास्ता हमारे लिए निश्चित ही एक पथ प्रदर्शक का काम कर रहा है मौके पर सभी गांव टोला में संगठन निर्माण करने, पार्टी संगठन का सदस्यता अभियान चलाने तथा 16 जनवरी को बढ़-चढ़कर बेंगाबाद कार्यक्रम में भाग लेने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में कार्यक्रम की सफलता के लिए जनसंघर्ष कोष का भी अभियान चलाया जाएगा इस दौरान मुख्य रूप से छोटेलाल यादव, लखन कोल, दिनेश शर्मा, अर्जुन कोल, धनेश्वर कोल, अरुण कुमार, शनिचर कोल, कारू कोल, सुभाष कोल, पवन कुमार, रामेश्वर कोल, पूरन कोल, रवि कुमार, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, राजेश कोल, दीपक कुमार कोल, कुमार कोल, ईश्वर कोल, डोमन कोल, डेगन कोल, किशोर कुमार, राहुल कुमार, भातु कोल, भीम कोल, लूटन कोल, सुनील कुमार कोल एवं अन्य मौजूद थे।

# केरेडारी में कंपनी प्रबंधन पर गरजे जयप्रकाश, आंदोलन दबाने की साजिश का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड के जोरदाग गांव स्थित झुमरी टांड़ धरना स्थल पर पहुंचकर मांडू के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने चल रहे आंदोलन से जुड़े पूरे मामले की जमीनी हकीकत जानी। मौके पर ग्रामीणों से बातचीत के बाद उन्होंने कंपनी प्रबंधन पर जमकर भड़ास निकाली और तीखा हमला बोला।



पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि कंपनी के डर और दबाव में ग्रामीणों को धरना स्थल तक आने से रोका जा रहा है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन कंपनी प्रबंधन उसे कुचलने का प्रयास कर रही है। जयप्रकाश भाई पटेल ने दो टूक कहा कि इस पूरे मामले को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आंदोलन को दबाने वाली ताकतों के खिलाफ निर्णायक और व्यापक लड़ाई लड़ी जाएगी। पटेल ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक ग्रामीणों को उनका हक और न्याय नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा और वे हर स्तर पर ग्रामीणों के साथ खड़े रहेंगे।

# नवनियुक्त शिक्षकों व अधिकारियों का हुआ सम्मान, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका : ओम प्रकाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इचाक हजारीबाग।** प्रखंड के बरका खुर्द पंचायत भवन में रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में इचाक पूर्वी क्षेत्र के नवनियुक्त सहायक आचार्य, बरका खुर्द पंचायत के प्लस टू हाई स्कूल के सहायक शिक्षक, इनकम टैक्स ऑफिसर, रेवेन्यू इंस्पेक्टर समेत विभिन्न विभागों में चयनित अधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



सम्मान समारोह में मुख्य रूप से निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता, पंचायत मुखिया सीता कुमारी, पंसस प्रदीप मेहता, उवि बरका खुर्द के पूर्व प्रधानाध्यापक बैजनाथ प्रजापति, वर्तमान प्रधानाध्यापक श्रीकांत मेहता, समाजसेवी अशोक मेहता, अयोध्या प्रसाद मेहता, कमल प्रसाद मेहता, पंकज मेहता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर बरका खुर्द से प्लस टू शिक्षक रवि कुमार मेहता, हाई स्कूल शिक्षक बद्री प्रसाद मेहता, सहायक शिक्षक विजय कुमार यादव, विनोद प्रसाद मेहता, रतनपुर से प्रमोद पांडे, काला द्वार से रणविजय कुमार, सहायक आचार्य के रूप में लखन प्रसाद मेहता, देवेंद्र प्रजापति, शैलेश कुमार, विकास पांडे, व्यास राम, जयशंकर प्रजापति, अनिल कुमार, संजय कुमार मेहता, महेंद्र प्रसाद मेहता, सुनील सिंह, जयप्रकाश राम, गिरधारी कुशवाहा, प्रभा कुमारी, महेंद्र राम सहित अन्य को सम्मानित किया गया। इसके अलावा रेवेन्यू इंस्पेक्टर अनिल कुमार, इनकम टैक्स विभाग में पदस्थापित मिथिलेश मेहता, बीएसएफ में चयनित राम मेहता, बलराम कुमार मेहता तथा नीतीश कुमार को भी सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं। वे बच्चों के चरित्र, संस्कार और ज्ञान के माध्यम से एक सशक्त, समृद्ध और विकसित राष्ट्र की नींव रखते हैं। उनके परिश्रम से ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में मुखिया सीता कुमारी, पंसस प्रदीप मेहता, पूर्व प्राचार्य बैजनाथ प्रजापति, प्राचार्य श्रीकांत मेहता सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीं नवनियुक्त शिक्षकों और अधिकारियों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आयोजकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# बोरोपार सिक्कट में सावित्री बाई फुले जयंती पर रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

## महिला शिक्षा और सामाजिक समानता का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती शनिवार को बोरोपार सिक्कट वार्ड संख्या-3 में सामाजिक जागरूकता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह 11 बजे बोरोपार सिक्कट से सेमापुर तक एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया।

रैली के दौरान महिला शिक्षा, सामाजिक समानता, जाति-भेद उन्मूलन और भाईचारे से जुड़े नारे लगाए गए।रैली के समापन के बाद आयोजित कार्यक्रम में विचार-विमर्श, नाटक और गीतों की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर वक्ताओं और कलाकारों ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके शिक्षा




आंदोलन और महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए ऐतिहासिक प्रयासों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक और गीतों के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों, पितृसत्ता और भेदभाव पर करारा प्रहार किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रीना देवी एवं जयमंती कुमारी ने किया। इस दौरान फुलेश्वर ऋषि, दीपक, पूजा, खुशबू, नुरेशा खातून, जीतेन्द्र पासवान, निशा भारती, अंजली कुमारी, विवेक सहित अन्य लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने जोतिबा फुले और फातिमा शेख के साथ मिलकर लड़कियों और वंचित समाज के लिए शिक्षा के द्वार खोले। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक विरोध, अपमान और अत्याचार के बावजूद सावित्रीबाई फुले ने हार नहीं मानी और शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त हथियार बनाया। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि आज भी शिक्षा, संगठन और संघर्ष के रास्ते पर चलकर ही एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना संभव है। अंत में 'जय भीम' और 'जय सावित्री' के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# लायंस क्लब कटिहार की ओर से लगाया गया नि:शुल्क पेयजल शिविर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से आयोजित श्री मद भागवत कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के सेवार्थ पेयजल शिविर लगाया गया है। अध्यक्ष लायन काजल महासेठ ने कहा कि 7 दिवसीय इस भागवत कथा मे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालू आ रहे। श्रद्धालु की सेवा करने का मौका लायंस क्लब को मिला है इसके लिए सभी सदस्य बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे।

क्लब के पीआरओ लायन प्रिया गुपा के हवाले से जानकारी दी गई कि काफी संख्या मे श्रद्धालु इस शिविर का लाभ ले रहे। पूर्व अध्यक्ष लायन अनिल चमरिया, पंकज पूर्वे, संतोष गुप्ता, नरेश साह, आलोक सिंहा कोषाध्यक्ष अंकिता सरकार के साथ ज्योत्स्ना साह, निधि भगत, पुरुषोत्तम मोदी, देवराज शर्मा, सुमन किठानिया आदि सदस्य सहयोग दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### क्राइम मीटिंग में इंस्पेक्टर ने दिए कई निर्देश

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अंचल कार्यालय में रविवार को क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने की। इंस्पेक्टर ने अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निपटारे,अवैध शराब,मादक पदार्थ पर रोक, रात्रि गश्त, और नए कानूनों के तहत तकनीकी साक्ष्यों (जैसे वीडियोग्राफी, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य) के संग्रह पर जोर देते हुए थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए। ताकि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके। बैठक में मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता,भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार,इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा पुरूषोतमपूर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी कंगली के मो लाडले सिकटा के नितीश कुमार मौर्या, बलथर के लालदेव दास रीडर शिव कुमार सुरेंद्र कुमार मुन्ना कुमार,जयशंकर यादव आदि मौजूद रहें।

### खाद दुकान पर छापेमारी,एक दुकान का लाइसेंस रद्द

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में उर्वरक की कालाबाजारी रोकने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग ने शनिवार को बड़े पैमाने पर छापेमारी की। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रमेश कुमार गुप्ता एंव भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार की संयुक्त कारवाई में नगरदेही के प्रदीप खाद बीज भंडार खुदरा उर्वरक विक्रेता के दुकान का निरीक्षण किया गया। इस दौरा प्रदीप खाद बीज भंडार मैं काफी अनियमित पाई गई। जिसे बीएओ के द्वारा उक्त दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया गया। बीएओ ने बताया कि नगरदेही बॉर्डर के समीप रात के अंधेरे में खाद की तस्करी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा था। जांच के दौरान उर्वरक दुकान में काफी गड़बड़ी पाई गई है।



### ओवरलोड गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के आरोबी पुल के समीप बीती रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तिरुपति शुगर मिल में गन्ना आपूर्ति के लिए जा रही ओवरलोड गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की जान बाल-बाल बच गई लेकिन सड़क किनारे लगाए गए लाखों रुपये की लागत वाले हाईटेक सीसीटीवी कैमरे का पोल सहित पूरी तरह नुकसान हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पटखौली थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पटखौली थाने की पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर थाना लाय। इस संबंध में पटखौली थानाध्यक्ष हृदयानंद सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से नगर परिषद प्रशासन द्वारा लगाया गया हाईटेक सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त हुआ है। मामले की जानकारी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा को दे दी गई है। विभागीय स्तर पर आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया कि ओवरलोड गन्ना लदी ट्रॉली के कारण सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त हुआ है। इस मामले में चीनी मिल प्रबंधन को नोटिस भेजा जा रहा है। तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों ने ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। दूसरी बगहा वाल्मीकि मुख्य नगर मुख्य सड़क पर बाल्मीकि नगर वाले स्टेशन के पास एक ओवरलाइडेड ट्रैक्टर ट्रॉली बिजली पोल से टकरा कराई थी जिससे बिजली का पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था हालांकि इस घटना में भी किसी के जान माल की क्षति नहीं हुई।

### बिजली पोल से गिरकर बिजली मिस्त्री की मौत

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौरंगिया थाना क्षेत्र के मदनपुर बेलहवा पंचायत के बेलहवा गांव में शनिवार की रात बिजली मरम्मत करते गिरकर एक बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। मृत बिजली मिस्त्री विश्वनाथ महतो (50 वर्ष) बेलहवा गांव निवासी है। जानकारी के अनुसार, बेलहवा गांव में बिजली आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिलने पर विश्वनाथ महतो मरम्मत कार्य के लिए मौके पर पहुंचे थे। वे गोस्वामी इलेक्ट्रिकल एजेंसी के तहत पिछले करीब 12 वर्षों से विद्युत विभाग में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि जैसे ही वे बिजली पोल पर चढ़ने लगे, अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वह पोल से नीचे गिर पड़े। गिरने के बाद वे अचेत हो गए । स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें संभालने का प्रयास किया गया, लेकिन मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही नौरंगिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया । इधर, घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु एवं सहायक अभियंता अमित कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि विश्वनाथ महतो गोस्वामी इलेक्ट्रिकल एजेंसी के संविदा कर्मी थे और विभागीय प्रावधानों के अनुसार उनके परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर विभाग को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। विश्वनाथ महतो को तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। विश्वनाथ परिवार में एकमात्र कामहू सदस्य था उसकी मौत से पूरे परिवार के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वही घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए शिक्षक-अभिभावक समागम आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोलंकी बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, छपरा में द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए शिक्षक-अभिभावक समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास को लेकर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार तिवारी ने नववर्ष के अवसर पर प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण उन्नयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक, अभिभावक और प्रशिक्षण संस्थान के समन्वय से ही भावी शिक्षकों को एक बेहतर दिशा दी जा सकती है। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं एवं उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों ने शिक्षक-अभिभावक समागम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से प्रशिक्षुओं की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन व भविष्य की योजना को लेकर सकारात्मक वातावरण बनता है। समागम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां अभिभावकों ने महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की।



### सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने किया कंबल वितरण

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेड क्रॉस सोसाइटी जूनियर विंग, बिहार के कन्वेनर एवं सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सीपीएस कल्याणपुर परिसर में रेड क्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से 50 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई, जब महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर, व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद सीपीएस कल्याणपुर पहुंचे और डॉ. हरेंद्र सिंह के साथ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए। यह आयोजन सेवा, करुणा और मानवीय संवेदना का जीवंत उदाहरण बन गया। सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना को साकार करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी निरंतर मानवता की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। आपदा, संकट और कठिन परिस्थितियों में निस्वार्थ सेवा के साथ-साथ समाज को सजग और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से संगठन द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर यह संदेश उभरकर सामने आया कि सच्चा उत्सव वही है, जो समाज के कमजोर वर्ग के जीवन में राहत और मुस्कान ला सके। जब जनप्रतिनिधि और समाजसेवी एक मंच पर आकर कार्य करते हैं, तब सेवा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न रहकर समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि सेवा केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्म में अभिव्यक्त होती है। रेड क्रॉस सोसाइटी, सीपीएस ग्रुप और माननीय सांसद द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है।

# ऑस्ट्रेलिया के परमट्टा के पूर्व मेयर व वर्तमान काउंसलर समीर पांडेय का भरहोपुर में स्वागत







**छपरा//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑस्ट्रेलिया के परामट्टा शहर के पूर्व मेयर एवं वर्तमान काउंसलर (पार्षद) समीर पाण्डेय का एकमा नगर पंचायत क्षेत्र के भरहोपुर गांव में अपने ननिहाल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बताया गया है कि परामट्टा, ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य में स्थित है और सिडनी महानगर क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यह क्षेत्र सिटी ऑफ परामट्टा लोकल गवर्नमेंट एरिया का प्रमुख केंद्र है। समीर पाण्डेय अपने ननिहाल में मामा देवता दुबे के आवास पर पहुंचे थे, जहां भाजपा व लोजपा (रा) नेताओं, बुद्धिजीवियों आदि के द्वारा अंगवस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश कुमार सिंह, भाजपा के एकमा नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश, मांझी मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार मिश्रा, चितरंजन सिंह, ओम प्रकाश सिंह, शिक्षक कमल कुमार सिंह सेंगर, देवता दुबे आदि अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान आस्ट्रेलिया व भारत के आपसी संबंधों, बीते दिनों पीएम नरेंद्र मोदी की आस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान समीर पांडेय से मुलाकात करने आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी क्रम में एकमा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व लोजपा (रा) के प्रदेश महासचिव कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना ने अपने समर्थकों के साथ भरहोपुर गांव पहुंच कर समीर पांडेय को अंगवस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। इस अवसर पर समीर पाण्डेय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लगभग 15 वर्षों के बाद एकमा की धरती पर आकर इस प्रकार का स्नेह और सम्मान मिलना उनके लिए अत्यंत भावुक क्षण है। उन्होंने इसके लिए अपने चाहने वालों और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कामेश्वर कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि समीर पाण्डेय परसागढ़ तिवारी टोला निवासी शत्रुघ्न पांडेय के पुत्र है, लेकिन उनका अधिकांश समय भरहोपुर गांव में उनके मित्र देवता दुबे के घर बीता है। उन्होंने कहा कि भारतीय पृष्ठभूमि से आने वाले पहले मेयर के रूप में समीर पाण्डेय ने ऑस्ट्रेलिया में न केवल अपना, बल्कि भारत का भी नाम रोशन किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पार्टी नेता एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से भी समीर पाण्डेय के घनिष्ठ संबंध हैं। गांव आगमन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में देवता दुबे, कृष्ण सेवक दुबे, जिला लोजपा (रा) युवा अध्यक्ष विशाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। वहीं देर रात तक क्षेत्र के लोगों का समीर पांडेय के मुलाकात करने आने का सिलसिला जारी रहा।

# लौरिया में सीओ पर हमला मामले में 11 महिलाओं समेत 14 गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लौरिया थाना क्षेत्र के दूबौलिया ग्राम में भूमि सीमांकन एवं आंशिक बेदखली की कार्रवाई के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा हिंसक विरोध एवं सीओ व पुलिस पदाधिकारियों पर हमला मामले में पुलिसिया कार्रवाई आरंभ हो गयी है। पुलिस ने रातभर की कार्रवाई में 11 महिला समेत 14 लोगो को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शनिवार को बी.एल.डी.आर. वाद संख्या 109/25-26 (मनोज कुमार जयसवाल बनाम बंसराज राम) में भूमि सुधार उप समाहर्ता, नरकटियागंज के न्यायालय से पारित आदेश के अनुपालन में लौरिया अंचल अधिकारी दंडाधिकारी के रूप में पुलिस बल के साथ दूबौलिया गांव पहुंचे थे। प्रशासन की टीम द्वारा भूमि का सीमांकन एवं आंशिक बेदखली कर दखल कब्जा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी दौरान बंसराज राम के पक्ष के लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। विरोध कर रहे लोगों ने दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों के साथ धक्का-मुक्की एवं मारपीट की, जिससे अंचल अधिकारी लौरिया सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस बल ने संयम और तत्परता दिखाते हुए हालात पर काबू पाया। मामले में जख्मी सीओ एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवानों का इलाज कराया गया। सीओ की ओर से लौरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिसमें कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापामारी कर 11 महिला समेत 14 लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# बाल वैज्ञानिक आशीष व प्रियंका ने राज्य स्तर पर बनाई पहचान, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने किया सम्मानित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जहां आज के दौर में अधिकांश छात्र-छात्राएं पढ़ाई को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित रखते हैं, वहीं सारण जिले के दो होनहार बाल वैज्ञानिक आशीष और प्रियंका ने विज्ञान को समाज से जोड़कर जिले का मान- सम्मान बढ़ाया है। इन दोनों छात्रों का चयन द्वितीय बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम- 2025 में स्टेट अवार्डी के रूप में हुआ है। छपरा शहर स्थित विशेश्वर सेमिनरी के छात्र आशीष तथा मढ़ौरा के नरहरपुर गांव स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा प्रियंका ने अपने शोध प्रोजेक्ट के माध्यम से राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस संबंध में साइंस फॉर सोसायटी के जिला समन्वयक यशपाल कुमार सिंह ने बताया कि जब विज्ञान केवल पाठ्य पुस्तकों की सीमाओं को लांघकर समाज की धड़कनों से जुड़ता है, तब वह शोध मात्र नहीं बल्कि वह संवेदना, समाधान और संस्कार बन जाता है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम पटना स्थित श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में 30 एवं 31 दिसंबर 2025 को आयोजित किया गया था। परियोजनाओं की व्यावहारिक उपयोगिता और सामाजिक महत्व को देखते हुए दोनों का चयन राज्य स्तर पर किया गया है। इस उपलब्धि पर समग्र शिक्षा के जिला परियोजना पदाधिकारी राजेश मांझी ने आशीष और प्रियंका को मोमेंटो, प्रमाण- पत्र एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया है। वहीं समग्र शिक्षा की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियंका रानी ने दोनों बाल वैज्ञानिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। जबकि एकेडमिक समन्वयक सह प्राचार्य पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आशीष का शोध विषय खेतों में पाए जाने वाले खरपतवारों के अध्ययन एवं उनके वैकल्पिक उपयोग पर आधारित था, जबकि प्रियंका का प्रोजेक्ट बायोचार के माध्यम से मृदा अपरदन रोकने और मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने पर केंद्रित था। कार्यक्रम में दोनों बाल वैज्ञानिकों के गाइड शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, जितेंद्र कुमार, प्राचार्य राजू गुप्ता सहित कई शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# नेपाल के धनुषा जिले की मस्जिद तोड़फोड़ के खिलाफ बीरगंज में आक्रोश

## सरकार को दी मोहलत–न्याय नहीं मिला तो होगा बड़ा आंदोलन



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के धनुषा जिले के कमला नगरपालिका वार्ड संख्या-6 में स्थित एक मस्जिद में हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर सीमावर्ती शहर बीरगंज में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। आज इस घटना के विरोध में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बीरगंज के व्यस्त घंटाघर चौक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान 'धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करो' जैसे नारे लगाए गए।प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन लोगों का आक्रोश स्पष्ट रूप से झलक रहा था। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यथाशीघ्र दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल सरकार को मोहलत दी जा रही है, लेकिन धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार धनुषा जिले की यह घटना सोशल मीडिया पर की गई एक कथित आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी से शुरू हुई, जिसके बाद असामाजिक तत्वों द्वारा मस्जिद में तोड़फोड़ की गई। बताया जा रहा है कि मस्जिद में तोड़फोड़ के साथ-साथ पवित्र धार्मिक ग्रंथ को भी क्षति पहुँचाए जाने की आशंका है, हालांकि इस संबंध में प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नेपाल पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक आरोपी पर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी पोस्ट करने का आरोप है। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसे प्रशासन की सक्रियता से नियंत्रित कर लिया गया। वहीं बीरगंज में हुए प्रदर्शन को देखते हुए घंटाघर चौक सहित आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक कहा कि वे हिंसा के नहीं, बल्कि न्याय और शांति के पक्षधर हैं, लेकिन अगर न्याय में देरी हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के नाम का किया आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति ने अपने राष्ट्रीय कार्यक्रम को बड़े ही श्रद्धा एवं आत्मिक भाव से मिसकौट मोहल्ला स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी देवी लाल शाह के आवासीय परिसर मे उनकी मूर्ति समक्ष किया। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने राष्ट्र ध्वज फहराया।सभी ने समूह मे राष्ट्र गान प्रस्तुत किया फिर समता मूलक राष्ट्र निर्माण का संकल्प कराया गया। देवीलाल साह की मूर्ति के साथ सभी सेनानियो के चित्र पर उपस्थित सभी लोगो ने पुष्प अर्पण कर उन्हे नमन किया। उक्त अवसर पर देवीलाल शाह के चित्र के अलावा उनके सेनानी पुत्र रामेश्वर शाह एवं जिले के अन्य कई स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र लगाए गए थे। ठंड के बावजूद भी काफी संख्या मे सेनानी परिवार के सदस्यो के साथ अन्य संगठन के लोग शामिल हुए । कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा उपाधीक्षक शशिकला कुमारी ने की। स्वागत करते हुये आयोजक संजीव साह ने कहा के मेरे दादा देवी लाल साह ने गाधी जी को बंजरिया पंडाल की जमीन दान दी थी जहां आज गांधी आश्रम बना है।आश्रम का शिलान्यास गाधी जी ने किया था।अध्यक्षीय संबोधन में शशिकला कुमारी ने कहा कि देश हमेशा सेनानियों के त्याग बलिदान का ऋणी रहेगा ।हम उनके कर्ज को तभी उतार पाएंगे जब उनके परिकल्पना का राष्ट्र निर्माण कर पाएंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने राष्ट्रीय कार्यक्रम की रूपरेखा पर बताया कि सेनानियों की महिमा करना और उन्हे सम्मान देना माना अपने आप को सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि देश ने तो तरक्की किया लेकिन सबसे बड़ा संकट मूल्यो का पतन होना है ,और जब तक मूल्यो को पुनर्स्थापित नहीं किया जाएगा तब समतामूलक राष्ट्र नहीं बन सकता है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी पेंशन ,चिकित्सा, ट्रेन और बस में मुफ्त यात्रा एवं सभी सरकारी कामों सुविधा और प्राथमिकता देने की मांग की।

# ई-रिक्शा चालकों का आक्रोश, 8 जनवरी से हड़ताल की घोषणा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। चालकों का आरोप है कि उन्हें नगर निगम, रेलवे स्टेशन और राज देवढी परिसर में अलग-अलग विभागों द्वारा लगातार कौड़ी (टैक्स) वसूली के झंझट में डाला जा रहा है। ई-रिक्शा ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान और महासचिव युसुफ अंसारी ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में चालकों से 41 रुपये राज देवढी परिसर में 25 रुपये और रेलवे स्टेशन परिसर में प्रत्येक 12 घंटे पर 20-20 रुपये वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा, वाहन में पैसेंजर का लगेज होने पर अतिरिक्त 41 रुपये वसूला जाता है। चालकों का आरोप है कि टैक्स वसूली करने वाले ठेकेदार के कर्मचारी दुर्व्यवहार करते हैं। कई बार यह समस्या डीएम, एसडीएम, महापौर, नगर आयुक्त और अन्य अधिकारियों के समक्ष उठाई गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। पिछले वर्षों में संघ ने 21 अक्टूबर 2024 और 27 जनवरी 2025 को हड़ताल की थी, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। इसी कारण संघ ने अब 8 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल और समाहरणालय पर धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। ई रिक्शा ऑटो चालक संघ ने एक सिटी-एक टैक्स समेत विभिन्न मांगो को लेकर हड़ताल की घोषणा की है। संघ के नेताओं ने कहा कि टैक्स वसूली करने वाले ठेकेदार के कर्मी चालकों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। तत्काल इस पर रोक लगाते हुए टैक्स वसूली करने वाले कर्मियों का आई कार्ड अनिवार्य किया जाए।

# डब्ल्यूजेएआई की सारण जिला इकाई का गठन, सर्वसम्मति से अध्यक्ष सहित 11 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित




**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूजेएआई) की सारण जिला इकाई का गठन रविवार को नगर पालिका चौक स्थित होटल अशोका ग्रांड के सभागार में आयोजित आमसभा की बैठक में संपन्न हुआ। बैठक सौहार्दपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं सकारात्मक वातावरण में आयोजित हुई, जिसमें जिले के बड़ी संख्या में वेब पत्रकारों ने भाग लिया। आमसभा में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अमित रंजन व राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) मधूप मणि पिक्कू पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, सारण जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ. विद्याभूषण श्रीवास्तव ने चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराया। बैठक में सर्वसम्मति से सारण जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ ऐसे पत्रकारों को सौंपी गई, जो लंबे समय से सक्रिय, प्रतिबद्ध व निष्पक्ष पत्रकारिता में संलग्न रहे हैं। सारण जिला डब्ल्यूजेएआई की सर्वसम्मति से घोषित पदाधिकारियों की सूची में अध्यक्षः सुरभित दत्त सिन्हा, उपाध्यक्षः के. के. सिंह सेंगर, सचिवः गणपत आर्यन, संयुक्त सचिवः रंजन श्रीवास्तव व कोषाध्यक्षः कबीर अहमद के अलावा कार्यकारिणी सदस्यः पंकज कुमार, मनोकामना सिंह, संजय कुमार पाण्डेय, मनोरंजन पाठक, धर्मेंद्र रस्तोगी व रणजीत सिंह के नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त संगठन के विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में डॉ. अमित रंजन, चंदन कुमार व डॉ. विद्याभूषण श्रीवास्तव को शामिल किया गया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अमित रंजन ने कहा कि हखअक वेब पत्रकारों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने, उनके अधिकारों की रक्षा करने व डिजिटल पत्रकारिता में पेशेवर मानकों को स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। वहीं राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) मधूप मणि पिक्कू ने संगठनात्मक विस्तार को समय की मांग बताते हुए नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं। चुनाव अधिकारी डॉ. विद्याभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि डब्ल्यूजेएआई की सारण जिला इकाई पत्रकारों के हित संरक्षण, प्रशिक्षण, संवाद व एकजुटता के लिए जिले में प्रभावी भूमिका निभाएगी। आमसभा में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि 21 फरवरी 2026 को छपरा में एक राष्ट्रीय मीडिया सेमिनार सह वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के वेब पत्रकार और मीडिया विशेषज्ञ भाग लेंगे। बैठक के अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरभित दत्त सिन्हा ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि डब्ल्यूजेएआई सारण जिला इकाई निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता के मूल्यों पर मजबूती से कार्य करेगी। इस अवसर पर वेब मीडिया के पत्रकार राम बाबू कुमार सिंह, मनीष कुमार, अतुल कुमार श्रीवास्तव, ब्रज बिहारी प्रसाद, जितेंद्र कुमार, पंकज श्रीवास्तव, संतोष कुमार बंटी, रॉकी सिंह सहित कई वरिष्ठ व युवा पत्रकार मौजूद रहे।

# तिलकुट की सोंधी खुशबू से महक उठा बाजार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** शहर का मुख्य बाजार अब गुड़ और तिल की सोंधी खुशबू से महक उठा है। जगह-जगह पर कारीगर तिल कूट रहे हैं। तिलकुट की मांग बढ़ते ही धम्म-धम्म की आवाज और सोंधी महक से शहर गुलजार हो गया है। शहर की बात की जाए तो 50 से अधिक तिलकुट का थोक व छोटे-छोटे दुकान सड़क किनारे लग गई है। अगर बात की जाए तिलकुट के व्यापार की तो महज दो माह में लाखों का तिलकुट का व्यापार होती है। बता दें शहर में तिलकुट के कई दुकान हैं, लेकिन शहर का जीतोंद्र तिलकुट व्यवसाय के लिए प्रसिद्ध है और यहां तिलकुट की बड़ी मंडी सजती है। स्थानीय लोग तो इस व्यवसाय से जुड़े ही हैं लेकिन गया के अलावा दूसरे जिले से भी यहां कारोबार के लिए पहुंचते हैं। जो भाड़े पर जगह लेकर कारोबार करते है। एक दुकानदार एक दिन में कम से कम पांच से आठ हजार तक की बिक्री कर लेते हैं। सिर्फ शहर में 50 से अधिक तिलकुट के दुकान है। जबकि फुटकर व मिठाई के दुकान में भी तिलकुट का कारोबार होता है। इतना ही नहीं जिले के अन्य बाजार में भी तिलकुट थोक में खरीद कर छोटे-छोटे दुकानदार ले जा रहे है। दुकानदार जीतेंद्र कुमार ने बताया कि यहां के व्यापारियों के लिए पूरे ठंड के मौसम में काम करते हैं। इसके लिए व्यापारी उन्हें अग्रिम के साथ साथ अच्छी खासी मजदूरी के साथ यहां रहने खाने की भी सुविधा देते हैं ताकि वे अधिक से अधिक उत्पादन उनके लिए कर सकें। बताया कि वह 10-12 कारीगर व मजदूर के साथ यहां तिलकुट निर्माण कार्य किया जाता है। आगामी 15 जनवरी तक यह तिलकुट का निर्माण अनवरत चलता है

**मकर संक्राति की मिठाई है तिलकुट**

यू तो नवंबर माह से ही तिलकुट की सोंधी खुशबू से वातावरण खुशनुमा हो जाता है लेकिन मकर संक्राति का मुख्य मिठाई तिलकुट माना जाता है। मकर संक्राति पर तिलकुट का सेवन किया जाता है। तिलकुट की बिक्री ठंड में ज्यादा होती है, क्योंकि इस मिठाई में तिल का प्रयोग किया जाता है। वैज्ञानिक महत्व है कि तिल गरमी प्रदान करती है। इसलिए ठंड में तिलकुट का लोग सेवन करते है

क्या है बाजार में तिलकुट का भाव

गुड का तिलकुट 250 से 300 रुपये किलो
चीनी का तिलकुट 240 से 280 रुपये किलो
खोआ तिलकुट 300 से 400 रुपये किलो
पापरी रॉल तिलकुट 300 से 350 रुपये किलो

## बसों का पार्किंग स्थल बना गया जीटी रोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** जीटी रोड जिले के लोगों की लाइफलाइन मानी जाती है। यह सड़क दिन-प्रतिदिन अतिक्रमण की चपेट में आती जा रही है। शहर के औरंगाबाद से हरिहरगंज जाने वाला मुख्य मार्ग बसों का पाकग स्थल बन गया है। रामाबांध बस स्टैंड के पास इसी सड़क पर बस संचालक अपनी बसों को खड़ी करते हैं। करोड़ों की लागत से बने स्टैंड में कोई बस खड़ी नहीं करना चाहता है। स्थिति यह है कि सड़क पर जाम लग रहा है। इससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। बस स्टैंड के बाहर रांची, हरीहरगंज, नवीनगर, हजारीबाग, वाराणसी, पटना, गया, जहानाबाद, पलामू समेत अन्य जगहों के लिए बसें खुलती हैं। अत्यधिक बसें सड़क के दोनों तरफ ही खड़ी रहती है। इसको न तो कोई रोकने वाला है और न कार्रवाई करने वाला। जब कभी अधिकारी एक्शन में आते हैं कार्रवाई करते हुए वाहनों से जुर्माना वसूलते हैं। ओबरा, दाउदनगर, अंबा में भी सड़कों पर ही बसों को लगाया जाता है। जसोईया मोड़, बारुण के केशव मोड़, मदनपुर के शिवगंज व मदनपुर मुख्यालय में जीटी रोड पर ही बड़ी व छोटी वाहनों का पाकग होती है। स्थिति यह होती है कि हमेशा दुर्घटना होती रहती हैं। इतना होने के बावजूद भी परिवहन विभाग के अधिकारी चैन की नींद सोए रहते हैं। एमवीआई औरंगाबाद ने बताया कि जो भी यात्री बस सड़क पर वाहनों को खड़े करते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



## विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने किया 'बल्क जिम' का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज।** शहर के नोनिया टिलहा स्थित बल्क जिम का उद्घाटन स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने किया। विधायक ने कहा कि आज भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित खान-पान के बीच शरीर को स्वस्थ और फिट रखना एक बड़ी चुनौती है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और आधुनिक संसाधनों से युक्त जिम का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने ने जिम की आधुनिक मशीनों का निरीक्षण किया और युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों और कसरत में लगानी चाहिए। शहर में इस तरह के आधुनिक जिम खुलने से स्थानीय युवाओं को फिटनेस के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसी अवसर पर स्थानीय लोगों ने दस ट्रेनों के ठहराव के लिए ज्ञापांक सौंपा, विधायक ने आश्वासन दिया कि दिल्ली जाऊंगा तो इस संदर्भ में रेल मंत्री से मिलकर बात करूंगा, साथ ही सभी नहीं तो कुछ ट्रेनों का ठहराव जरूर मंजूरी दिलवाऊंगा। जिम संचालक अबू तलहा ,गुंजन कुमार एवं मो अदनान ने बताया कि यहां वेट ट्रेनिंग, कार्डियो और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के लिए आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही अनुभवी ट्रेनर की देखरेख में लोग सुरक्षित तरीके से कसरत कर सकेंगे।स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए कहा कि रफीगंज में इस तरह के प्रतिष्ठान के खुलने से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

उद्घाटन के मौके पर डॉ अबू सफवान, पूर्व मुखिया भोला चौधरी, हाजी जमील अख्तर, पूर्व सैनिक मो मुमताज, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आरिफ राजा, जदयू नेता विजय विश्वकर्मा, डायरेक्टर ब्राइट लाइफ पब्लिक स्कूल विनोद कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य मो जुबैर, सहित शहर के कई गणमान्य लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## पुलिस ने शराब व कारोबारी को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर एवं विसुनगंज थाने की पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में विसुनगंज थाने की पुलिस ने शराब के नशे में हो हंगामा कर रहे एक शराबी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया कि अलुआ बीघा गांव निवासी राजीव कुमार को शराब के नशे में हो हंगामा करते हुए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक का मेडिकल जांच कराकर कानूनी प्रक्रिया हेतु उसे न्यायालय भेजा गया।इधर मखदुमपुर थाने की पुलिस ने शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## नियोजित माध्यमिक शिक्षकों ने प्रोन्नति व वरीयता को लेकर जताया असंतोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** जिले के नियोजित माध्यमिक शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर स्थित माध्यमिक शिक्षक डॉ. राकेश रंजन के आवास पर आयोजित की गई। बैठक अनुग्रह इंटर विद्यालय, औरंगाबाद के समीप संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता उच्च विद्यालय जम्होर के माध्यमिक शिक्षक डॉ. राकेश रंजन ने की। माहौल गंभीर था, स्वर संयमित थे, लेकिन शब्दों में वर्षों की प्रतीक्षा और पीड़ा साफ झलक रही थी।

बैठक की शुरुआत शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा निर्गत आदेश पत्रांक 4206 एवं 4207 की विस्तृत चर्चा से हुई। उपस्थित शिक्षक नेताओं ने इन आदेशों पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए सरकार की नीति को दोषपूर्ण बताया। उनका कहना था कि 20 वर्षों से अधिक सेवा देने के बावजूद नियोजित माध्यमिक शिक्षकों को वरीयता और प्रोन्नति का लाभ न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह न केवल शिक्षकों के साथ अन्याय है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुशासन की अवधारणा पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। शिक्षक नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की दोहरी शिक्षा नीति ने शिक्षकों को अलग-अलग संवर्गों में बांट दिया है, जिससे शिक्षक समुदाय खंडित हो गया है। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश रंजन एवं सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के तहत औरंगाबाद जिला परिषद माध्यमिक शिक्षकों के लिए जिला परिषद शिक्षक नियमावली 2020 की कंडिका 7 एवं 8 को छह माह के भीतर पूर्ण रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, जिला परिषद की नियोजन इकाई ने अब तक इस आदेश का अनुपालन नहीं किया है। इस आदेश के अवमानना वाद में भी संबंधित प्राधिकार द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए गए। स्थिति की समीक्षा के उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जिला परिषद माध्यमिक शिक्षक नियमावली 2020 के आलोक में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु पुनः एमजेसी (मिसलेनियस ज्यूडिशियल केस) दायर किया जाएगा। इस प्रक्रिया में औरंगाबाद जिले के विशुद्ध नियोजित माध्यमिक शिक्षक याचिकाकर्ता होंगे। यह भी तय किया गया कि इस मामले में पटना उच्च न्यायालय के वरीय एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ता से विधिक मार्गदर्शन और सेवा ली जाएगी। आगे की व्यापक कार्ययोजना और रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से 8 जनवरी 2026 को नियोजित माध्यमिक शिक्षकों की एक और बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में डॉ. राकेश रंजन, याचिकाकर्ता सत्येंद्र नारायण सिंह, डॉ. राम किशोर, अमरजीत कुमार, मनोज कुमार, उदय कुमार, विनय कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, कमलेश कौशल, अमलेश कुमार, केश रंजन कुमार, निरंजय कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। यह बैठक एक संकेत है—संयमित संघर्ष का, और अधिकारों के लिए एक बार फिर न्याय के दरवाजे खटखटाने की तैयारी का।

## जहानाबाद में फातिमा क्लिनिक की ओर निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**जहानाबाद।** जहानाबाद के फातिमा क्लिनिक द्वारा रविवार को शेखआलमचक चौक पर निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में खून जांच सहित कई आवश्यक जांचें पूर्णतः निःशुल्क रखी गईं, साथ ही मरीजों को मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं।

इस शिविर में बतौर विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. नुसरत जबीन उपस्थित रहीं। वे बिहार सरकार की अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं और पूर्व में महावीर कैंसर संस्थान सहित पटना, दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। उन्होंने शिविर के माध्यम से महिलाओं की निःशुल्क जांच की। डॉ. नुसरत जबीन ने बताया कि आज के समय में महिलाओं में बांझपन (इनफर्टिलिटी) एक बड़ी समस्या बनकर उभर रही है, जिसका इलाज वे सरल और कम खर्च में करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं बड़े अस्पतालों में जाने से डरती हैं, उन्हें अधिक खर्च का भय रहता है। ऐसे में यह शिविर उनके लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प है। शिविर से जुड़े मरीज यदि आगे इलाज के लिए क्लिनिक आती हैं, तो उन्हें विशेष छूट और रियायती सुविधाएं दी जाएंगी। वहीं हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. फैज अहमद जो वर्तमान में मेदांता अस्पताल पटना से जुड़े हैं और पूर्व में इंद्रप्रस्थ अस्पताल में सेवाएं दे चुके हैं, ने भी मरीजों की जांच की। उन्होंने बताया कि आज के समय में सड़क दुर्घटनाओं और ट्रॉमा से जुड़े मामलों में वृद्धि हो रही है, जबकि जहानाबाद में ट्रॉमा सेंटर जैसी सुविधाएं सीमित हैं। उन्होंने कहा कि फातिमा क्लिनिक में आधुनिक मशीनों की सहायता से कम बजट में बेहतर इलाज और जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।डॉ. फैज अहमद ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बुजुर्गों, महिलाओं और ऐसे लोगों तक पहुंचना है, जो अस्पताल जाने से हिचकते हैं। शिविर में पंजीकृत मरीजों को भविष्य में भी क्लिनिक पर इलाज कराने पर विशेष छूट दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में जहानाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे और स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

## नबालिग बच्ची को लेकर फरार हुए आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के सरेन गांव निवासी युवक विक्रम पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि विक्रम पासवान के विरुद्ध एक नाबालिक बच्ची को बहला फुसलाकर ले भागने का मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नाबालिक बच्ची को सकुशल बरामद कर युवक विक्रम पासवान को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा का 106 वर्ष की उम्र में निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**जहानाबाद।** जिले के मनियामा गांव निवासी वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के आजीवन अध्यक्ष घोषित ब्रजनंदन शर्मा का 106 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही जिले सहित पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही यह सूचना उनके गांव और जिले में पहुंची, हर ओर मातम छा गया और लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक गांव की ओर उमड़ पड़े। ब्रजनंदन शर्मा का पार्थिव शरीर सुबह उनके पैतृक गांव मनियामा लाया गया, जहां लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात पार्थिव शरीर को जहानाबाद शिक्षक संघ कार्यालय लाया गया, जहां बड़ी संख्या में शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान पूरा जहानाबाद जिला शोक और संवेदना के वातावरण में डूबा नजर आया। बताया जाता है कि करीब 70 वर्षों तक बिहार शिक्षक संघ का नेतृत्व करने वाले ब्रजनंदन शर्मा केवल एक संगठन के अध्यक्ष नहीं थे, बल्कि वे बिहार के लाखों शिक्षकों की आवाज, संघर्ष और सम्मान का प्रतीक थे। उन्होंने ऐसे दौर में शिक्षक आंदोलन को मजबूती दी, जब शिक्षकों की सामाजिक प्रतिष्ठा और आर्थिक सुरक्षा गंभीर चुनौतियों से जूझ रही थी। केंद्रीय वेतनमान, शिक्षक अधिकारों और सम्मानजनक जीवन की लड़ाई में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। उनकी संगठनात्मक क्षमता का आलम यह था कि उनके एक आह्वान पर ही शिक्षक आंदोलन "करो या मरो" की तर्ज पर खड़ा हो जाता था और सरकार को भी वार्ता के लिए विवश होना पड़ता था। उनके निधन की खबर फैलते ही राज्यभर के शिक्षकों, शिक्षा संगठनों और शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। जिले के कई स्थानों पर शोक सभाओं का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। ब्रजनंदन शर्मा के पुत्र पूर्व सांसद अरुण कुमार और पूर्व मंत्री अनिल कुमार ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि उनकी कर्मठता, अनुशासन और संघर्षशील नेतृत्व के कारण ही वे पिछले सात दशकों तक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने रहे। परिवार में उनके पुत्रों के अलावा अतरी विधायक और घोसी विधायक ऋतुराज जैसे पोते भी शामिल हैं।

## उत्तर कोयल नहर आंदोलन के 354 दिन पूरे

### वर्षगांठ को लेकर किसान मजदूर मोर्चा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर को चालू कराने की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा द्वारा रफीगंज प्रखंड परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप जारी धरना प्रदर्शन अपने 354वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसी क्रम में धरना की वर्षगांठ मनाने को लेकर किसान मजदूर मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लड्डु खान ने की, जबकि संचालन सिद्धी यादव एवं तुलसी यादव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में वक्ताओं ने बताया कि उत्तर कोयल नहर की विभिन्न शाखाओं—आगरा, कोटवारा, चेई नवादा सहित कुटकुट डैम—के सर्वेक्षण एवं नहर संचालन की मांग को लेकर 15 जनवरी 2025 से लगातार धरना प्रदर्शन जारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक नहर में पानी नहीं आएगा, तब तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा। किसान नेताओं ने कहा कि 354 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक प्रशासन या सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसी उपेक्षा के विरोध में 15 जनवरी 2026 को धरना की वर्षगांठ बड़े पैमाने पर मनाने का निर्णय लिया गया है। वर्षगांठ के अवसर पर किसानों की एक विशाल रैली धरना स्थल से निकलकर महाराजगंज एवं बस स्टैंड होते हुए पुनः धरना स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। बैठक में लड्डु खान, डॉ. तुलसी यादव, सिद्धी यादव, सत्येंद्र यादव, डॉ. शिवनंदन यादव, संतोष गिरी, विष्णुदेव यादव, जयप्रकाश प्रजापति, बृजेश यादव, रणधीर सिंह, रामप्रवेश यादव, राजकुमार शर्मा, कमलेश कुमार नीरज, अजय यादव, उपेंद्र प्रसाद, युगल किशोर सिंह, रामखेलावन सिंह, भोला प्रसाद वर्मा, नीतीश मिश्रा, महेश यादव, बालकुमार सिंह, अवधेश यादव, रामविलास मांझी, नागदेव यादव, बिगन यादव, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खलिहान में लगी आग से लाखों की फसल जल कर खाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड के कचनामा पंचायत अंतर्गत सबदलपुर गांव स्थित एक खलिहान में आग लग जाने से लाखों रुपए की फसल एवं नेवारी जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुरेंद्र रजक किसी ग्रामीण का बटाइदारी खेती करते हैं। जिनका खलिहान में बिजली के शार्ट सर्किट से एकाएक आग लग गया। आग लगने से खलिहान में रखें 4 बीघा धान की फसल एवं नेवारी जलकर राख हो गई। पीड़ित ने बताया की चार बीघा का धान का फसल खलिहान में रखा था जो आग में जलकर नष्ट हो गया हैं। वहीं ग्रामीणों एवं दमकल विभाग की टीम के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी द्वारा जिले के राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेशनल गोल्ड मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और सम्मान देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में खेल और शिक्षा जगत से जुड़े कई लोग उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में सलोनी कुमारी, अनीता कुमारी, नंदनी कुमारी और रवि रंजन कुमार शामिल रहे। इन सभी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पूरे जिले में गर्व का माहौल है। इस सम्मान समारोह में जहानाबाद जिला रग्बी कोच अविनाश कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी ने खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके कोच के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता के पीछे उसके कोच का मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि जहानाबाद के खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग भविष्य में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और देश का नाम रोशन कर सकें।सम्मान समारोह के अंत में खिलाड़ियों ने इस सम्मान के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी और अपने कोच के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आगे भी बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

## कोइलवां में सावित्रीबाई फुले जयंती पर श्रद्धांजलि, गरीबों के बीच कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कोइलवां गांव में देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में श्रद्धा और विचार के संग मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता चाहत अन्वी ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने किया। समारोह की शुरुआत प्रगतिशील लेखक संघ के साहित्यकार सतेन्द्र के नेतृत्व में सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य वक्ता वसी अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले सामाजिक क्रांति की जीवंत प्रतीक थीं। उन्होंने अंधविश्वास, रूढ़िवाद, ऊंच-नीच और विधवा उत्पीड़न जैसी कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए शिक्षा की मशाल जलाई। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त हथियार मानते हुए उन्होंने जीवनभर महिलाओं, गरीबों और वंचितों के अधिकारों की आवाज बुलंद की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संजय श्याम, नवेंदु प्रियदर्शी और सोनी कुमारी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष खड़ा करने की नींव रखी, जिसका प्रभाव आज हर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। प्रो. ललन ठाकुर, मो. जौहर, मुमताज दानिश, दीपा प्रसाद, सुनील कुमार और राजनंदन प्रसाद ने भी उनके शिक्षा क्षेत्र में किए गए सतत योगदान को याद किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन जगनारायण सिंह विकल ने किया। समारोह के समापन पर गरीब परिवारों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया।

## जदयू नेता सड़क दुर्घटना में घायल, सीएचसी में कराया गया इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज–बराही पथ पर केराप पुल के समीप शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में जदयू नेता एवं पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा घायल हो गए। बताया जाता है कि वे लुक्का गांव में एक दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर अचानक आए कुत्ते के बच्चे को बचाने के प्रयास में उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और वे गिर पड़े। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें टेम्पू के माध्यम से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार, विजय विश्वकर्मा के हाथ और पैर में चोटें आई हैं, हालांकि उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जदयू कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों का अस्पताल में तांता लग गया।

## लोकधुनों से गूंजा जहानाबाद, सांस्कृतिक मंच ने रचा कला उत्सव






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**जहानाबाद।** जिला कला एवं सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में लंबे अंतराल के बाद एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकनृत्य, लोकगीत और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों ने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। स्थानीय कलाकारों को मंच मिलने से उनमें खासा उत्साह देखने को मिला। दर्शकों और अतिथियों ने कार्यक्रम की भरपूर सराहना की।

जिला कला एवं सांस्कृतिक मंच के सचिव बृजेश मिश्रा ने बताया कि यह मंच कला से जुड़े स्थानीय कलाकारों के लिए एक खुला और स्थायी मंच है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को नियमित रूप से प्रस्तुति और अभ्यास का अवसर प्रदान करना है। इसी क्रम में प्रत्येक माह रविवार को ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई है, जिससे कलाकारों को निरंतर रिहर्सल और अभ्यास का अवसर मिल सके और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिले। उन्होंने आगे कहा कि यह मंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त जरिया है। स्थानीय कलाकार ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रशासनिक संदेशों और जनहित के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार भी करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् डॉ. एस.के. सुनील उपस्थित रहे। उन्होंने छोटे-छोटे कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह मंच स्थानीय प्रतिभाओं के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है और वे प्रयास करेंगे कि इस मंच को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। वहीं वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि वे लंबे समय से कला मंच से जुड़े हैं और स्थानीय कलाकारों को जीवित रखने एवं आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हर उत्सव और कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को अवसर मिलना चाहिए, जिससे उनका मनोबल बढ़े। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गौतम प्रसाद एवं अलबेला का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्था, संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी निभाई।

# 255 करोड़ से होगा सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

## टेंडर की प्रक्रिया हुई पूरी, यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** मां सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी अब रेलवे विकास के एक नए स्वर्णिम अध्याय की ओर बढ़ रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य में तेजी आ गई है। पहले स्वीकृत 242 करोड़ रुपये की राशि में 13 करोड़ 76 लाख 58 हजार 508 रुपये की बढ़ोतरी के बाद अब इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल लागत करीब 255 करोड़ रुपये हो गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने की योजना है। यह परियोजना न केवल




यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं देगी, बल्कि जिले के आर्थिक, औद्योगिक और पर्यटन विकास को भी नई गति प्रदान करेगी। पुनर्विकास के तहत सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय स्वरूप दिया जाएगा। रेलवे द्वारा जारी नक्शे के अनुसार स्टेशन का मुख्य भवन 11,230 वर्गमीटर क्षेत्र में चार तल्लों पर बनेगा। इसके अलावा 5,633 वर्गमीटर में सेकेंडरी स्टेशन भवन विकसित किया जाएगा। वहीं 900 वर्गमीटर में पार्सल भवन और 200 वर्गमीटर में मर्चेंट ऑफिस का निर्माण होगा। स्टेशन परिसर में अत्याधुनिक वेटिंग हॉल, रिटायरिंग रूम, वातानुकूलित प्लेटफॉर्म, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। पूरे परिसर को धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप सजाया जाएगा, ताकि स्टेशन में प्रवेश करते ही यात्रियों को जनकनंदिनी सीता की नगरी की अनुभूति हो सके। नई सुविधाओं से स्टेशन को एयरपोर्ट जैसी आधुनिकता से लैस किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर, लिफ्ट, अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, डिजिटल डिस्प्ले, सुगम आवागमन के लिए चौड़े कॉरिडोर और स्वच्छ व सुव्यवस्थित कॉनकोर्स एरिया विकसित किए जाएंगे। इसके साथ ही वातानुकूलित यात्री निवास, उच्च स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर प्रबंधन प्रणाली से स्टेशन का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। रेलवे का उद्देश्य यहां से प्रतिदिन गुजरने वाले यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

# परीक्षा पे चर्चा को लेकर बच्चों में उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** परीक्षा पे चर्चा में जिला के विद्यालयों में बच्चों के साथ ही शिक्षकों और अभिभावकों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के बाद चयनित बच्चे, शिक्षक व अभिभावक से प्रधानमंत्री ऑनलाइन परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना व विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास का विकास करना है। 1 दिसंबर से रजिस्ट्रेशन शुरूहै जो 11 जनवरी तक चलेगा। करीब एक माह का समय बीत जाने के बाद बच्चों के साथ शिक्षक व अभिभावकों की इसमें रूचि कम दिख रही है। 4 जनवरी तक जिले से लक्ष्य के विरुद्ध 32.84 फीसदी ही रजिस्ट्रेशन हो सका है। नौवें संस्करण में पहली बार विस्तृत पैमाने पर रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। बेगूसराय जिला को निर्धारित 201059 लक्ष्य में से 4 जनवरी तक 66019 रजिस्ट्रेशन हुआ है जिसमें 57033 विद्यार्थियों, 8185 शिक्षक व 801 अभिभावकों ने रजिस्ट्रेशन किया है। रजिस्ट्रेशन कराने में बेगूसराय फिलहाल 13 वें स्थान पर है। बताया गया कि परीक्षा पे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वालों को अनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्नों का जवाब देना होता है। शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावकों को प्रधानमंत्री से प्रश्न पूछने का अवसर दिया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इसमें वर्ग 6 से 12 तक के ही बच्चे भाग ले सकते हैं। इस संबंध में बीआरसी के लेखापाल अरविंद कुमार शर्मा ने सभी प्रधान को निर्धारित तिथि 11 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन कराने का निदेश दिया है ताकि विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा किया जा सके। जो स्कूल अभी तक निबंधन में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं,उन्हें चिन्हित किया जा रहा है।

# चमथा में जल्द खुलेगा पुलिस पिकेट : डीआईजी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक आशीष भारती ने पब्लिक की मांग पर चमथा दियारा में पुलिस पिकेट खोलने का आदेश निर्गत किया है। शनिवार को कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में बछबारा थाना क्षेत्र के चमथा दियारा में पुलिस पिकेट की मांग आम जनता द्वारा की गई थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री भारती ने बछवाड़ा थाना के दियारा क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था को सुनिश्चित करने पर सहमति जताई है। साथ ही इसे बेहतर करने के लिए दादूपुर में कार्यरत पुलिस कैंप में पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवम वाहन की तुरन्त व्यवस्था करने का आदेश पुलिस अधीक्षक को दिया है। साथ ही दियारा क्षेत्र में पुलिस पिकेट हेतु भवन को चिन्हित करने हेतु भी निर्देशित किया है। बछवाड़ा थाना के दियारा क्षेत्र में भवन का बंदोबस्त होते ही अविलंब दियारा में पुलिस पिकेट की शुरुआत की गई।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ पटना के प्रदेश अध्यक्ष 95 वर्षीय ब्रजनंदन शर्मा का निधन हो गया। श्री शर्मा के निधन पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डा. सुरेश प्रसाद राय ने गहरा शोक व्यक्त किया। डा. राय तथा प्राच्य प्रभा के प्रबंध संपादक चंद्र किशोर कुमार उनके पटना स्थित आवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया। पूर्व सांसद अरूण कुमार, पूर्व मंत्री बिहार सरकार डा. अनिल कुमार एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर कुमार तथा परिवार के अन्य शोक संतप्त सदस्यों से मिलकर सांत्वना दी। शोक व्यक्त करते हुए डा. राय ने कहा कि स्मृतिशेष श्री शर्मा एक संगठनकर्ता के साथ -साथ एक कुशल मार्गदर्शक और मेरे अभिवावक भी थे। उन्होंने शिक्षक कर्मचारी के हितों की रक्षा करने के लिए अपने आपको समर्पित कर दिया। जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उमानंद चौधरी ने श्री शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री शर्मा शिक्षकों के गार्जियन स्वरूप थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिवार को असीम वेदना को सहन करने के लिए शक्ति प्रदान करें। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष भगीरथ प्रसाद राय, मंजू सिंह, जिला सचिव रणजीत कुमार, सदस्य राज्य कार्य समिति डा. सुदर्शन कुमार, कोषाध्यक्ष फैजुर रहमान, संयुक्त सचिव डक्टर अर्चना, अपूर्व घोष, सुशील कुमार चौधरी, गणेश झा, कंचन कुमारी, जिला मूल्यांकन परिषद् अध्यक्ष मो सलीमउद्दीन, सचिव सुधीर सिंह, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य चंद्र भूषण प्रसाद सिंह, अरूण कुमार हरि, नीरज कुमार, जिला मिडिया प्रभारी साकेत रंजन भारती, बेगूसराय अनुमंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार झा, बलिया अनुमंडल सचिव शमीम अख्तर, बेगूसराय अनुमंडल सचिव अरविंद कुमार, पूर्व संयुक्त सचिव राजेन्द्र नारायण सिंह सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष, सचिव अनुमंडल अध्यक्ष सचिव ने शोक व्यक्त किया।

# महिलाओं को राजनैतिक रूप से बनाया जायेगा सशक्त : अमिता भूषण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसकी आनुषंगिक संगठन युवा कांग्रेस ने शक्ति अभियान के तहत नेतृत्व सृजन अभियान कार्यशाला का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की सशक्त और राजनैतिक सहभागिता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश स्तर पर आयोजित इस कार्यशाला में पूरे राज्य के अलग अलग जिलों से लगभग 70 महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिन्होंने रतनपुर के स्पलास रिसर्ट में दो दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। पूर्व विधायक अमिता भूषण के विशेष संरक्षण में आयोजित इस राज्य स्तरीय महिला नेतृत्व सृजन कार्यशाला को महिलाओं को राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने की



दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान विविध माध्यमों से शक्ति अभियान की राज्य समन्वयक ऋचा सिंह और राष्ट्रीय समन्वयक असमा परवीन ने महिलाओं को नेतृत्व के गुण और गुर सिखाए। कार्यक्रम के समापन समारोह में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश कुमार ने विशेष सत्र को संबोधित किया। राजेश कुमार ने कहा कि बिहार में महिलाओं के बीच राजनैतिक जागरूकता की कमी नहीं है। जरूरत है उसे सही दिशा और मार्गदर्शन की। हमारी शक्ति टीम इस दिशा में जो प्रयास कर रही है वह अद्भुत है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से इस अभियान के लिए उन्होंने हर संभव सहायता का भरोसा दिया। श्रीमती भूषण के प्रति भी अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु आभार प्रकट किया। समापन समारोह के मौके पर जिले भर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए जिन्हें अमिता भूषण ने नव वर्ष के मौके पर सम्मानित करते हुए अपनी शुभकामनाएं भी दी। श्रीमती भूषण ने आगे भी ऐसे आयोजनों के लिए अपनी ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ रजनीकांत पाठक, गरीब दास, नीरज कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक सिंह, अभय सिंह, पुष्कर गौतम आदि भी कार्यक्रम को संबोधित करने बालों में रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह जिला पार्षद अमित कुमार, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, धर्मराज सहनी, यशवंत कुमार राकेश सिंह, रेणु कुमारी, महिला अध्यक्ष गायत्री देवी, रूबी शर्मा, पूर्व महासचिव सावर कुमार, मोहित सिंह, कुष्मेश कुमार पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह, संजीव कुमार, अशोक राय, मिथिलेश सिंह, सचिदानंद सिंह, रामस्वरूप पासवान, राकेश सिंह, गोपाल सिंह, अजय कुमार सिंह, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मो जफर, जय प्रकाश गुप्ता, श्रीकांत राय, राम पदार्थ यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव के पुरवारी टोला निवासी रामाशीष महतों के पुत्र रंजीत महतों को वीरपुर पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगूसराय न्यायालय भेज दिया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि रंजीत महतों के खिलाफ बेगुसराय न्यायालय से एस टी नम्बर 299/20 आर्म्स एक्ट के तहत वारंट जारी किया गया था।

## शिक्षक का निधन

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत में शुक्रवार की रात्रि हार्ट अटैक से शिक्षक का निधन हो गया। पिपरा डीह प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक 42 वर्षीय मोहम्मद अकबर अली पिता मोहम्मद इस्लाम वार्ड नंबर 16 के निवासी थे। उनके भाई ने बताएं कि भाई शिक्षक कबीर ने बताएं कि रात में खाना खाकर सोया और सुबह सोये ही रह गए। मौत की खबर सुनकर सभी शिक्षक पहुंचे उनके निवास स्थान पर पहुंच कर पूर्व तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर ग्रामीण एवं शिक्षक मो कुद्दुस आलम, शिक्षक पवन कुमार, शिक्षक नेता रवि कुमार उर्फ बम बम अमरदीप कुमार, सुबोध कुमार, शिक्षिका इला मैडम, पिपरा देवास हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल सिंह, प्रधानाध्यापक अशोक सिंह, मो. रिजवान आलम, शिक्षक महबूब आलम, शिक्षक विक्रम कुमार, समाजसेवी मुकेश कुमार, आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों के लिए लगेगा शिविर

## पीएचसी भगवानपुर में यूडीआईडी कार्ड के निर्माण हेतु मेडिकल टीम की हुई प्रतिनियुक्ति

**7 जनवरी को लगेगा शिविर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड में दिव्यांगजनों के लिए प्रखंड स्तर पर जांच शिविर आयोजित करने का आदेश मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने निर्गत किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए हेल्थ मैनेजर आशुतोष गांधी ने बताया कि पीएचसी भगवानपुर में यूडीआईडी कार्ड के निर्माण हेतु मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है। वे 7 जनवरी को शिविर में सुबह 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक दिव्यांगता जांच कार्य सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांग यूडीआईडी कार्ड बनवा सके। साथ ही उन्होंने उक्त जांच शिविर में आने वाले दिव्यांग को अपने साथ आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं आवश्यक मेडिकल दस्तावेज साथ लाने का निर्देश दिया गया है, ताकि जांच के उपरांत प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

## युवती के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

**नावकोठी।** थाने के पहसारा पूर्वी पंचायत के एक गांव से एक युवती पिछले एक पखवाड़ा से गायब है। इस संबंध में युवती की मां ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गांव के ही चार लोगों पर अपहरण करने तथा पचास हजार रुपए रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने थाने में दिए आवेदन में कहा कि उसकी पुत्री 20 दिसम्बर को घर से बखरी जाने की बात कहकर घर से निकली। शाम तक वापस नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन प्रारंभ किया। 29 दिसम्बर को पता चला कि गाँव के ही युवक ने बहला फुसला कर गलत नीयत से उसे अगवा कर लिया है। इसकी शिकायत उसके माता पिता से करने पर गाली गलौज करते हुए वापस करने के बदले में पचास हजार रुपए की मांग की। पुलिस प्रशासन कांड अंकित कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संत निरंकारी मंडल ने मनाया 12वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** संत निरंकारी मंडल सत्संग भवन रजाकपुर के 12 वां स्थापना दिवस पर संत समागम का आयोजन रविवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता जोनल इंचार्ज नवल किशोर सिंह तथा संचालन मुखी महात्मा प्रमोद पोद्दार ने किया। अध्यक्षीय उदबोधन में श्री सिंह ने कहा कि संत निरंकारी मंडल कोई धर्म नहीं है बल्कि एक विचार धारा है। इसमें धरती के सभी धर्मों तथा मानव का सम्मान करने की शिक्षा देता है। इन्होंने कहा कि इससे जुड़कर मानव अपना मानव धर्म को समझ सकने में समर्थ हो पाता है। इससे जुड़कर परम पिता परमात्मा का दर्शन हो जाता है एवं मानवीय जीवन के गुत्थी को समझ पाता है। इसे अपने जीवन में उतारने के बाद आवागमन चौरासी के बंधन से मुक्त हो जाता है। धरातल पर शांति स्थापित करने तथा विश्व बंधुत्व की स्थापना में कारगर साबित हुआ है। मानव का मानव के बीच प्रेम की सीख देता है। निरंकारी राज पति तथा माता सुदिक्षा महाराज के संदेश को सुनकर आह्लादित हुए। समागम में सुनील कुमार ईश्वर, विजय, केवल, चांदनी, जयदेव, विजय, सिकंदर, विशाल, भरत, राजकुमार झा, राजेन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र महतो, ष्णा, इन्द्र देव आदि ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया। सेवा दल की बच्चियों ने गुरु महिमा पर भाव नृत्य प्रस्तुत कर महात्माओं का मनमोह लिया। हंस कुमार हंस आदि द्वारा प्रस्तुत भजन से वातावरण भक्ति रस से सरोबार हो गया। सेवा दल द्वारा जयजय राम महतो तथा प्राण पासवान के मार्गदर्शन में पीटी, परेड तथा खेलकूद का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्त किया गया। मौके पर राजा राम महतो, मनोज महतो, श्रवण महतो, शिव नंदन पासवान, मुखिया राष्ट्रपति कुमार, श्वेता भारती, विजय पासवान, अभिषेक कुमार पिंटू, उमेश प्रसाद, हीरा लाल प्रसाद सिंह, अंशु, वंदना सहित काफी संख्या में निरंकारी मंडल के संत, महात्मा मौजूद थे।

# पटना के पशु चिकित्सा महाविद्यालय में नए छात्रों का ओरिएंटेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय में शुरू किए गए नए पारावेटरिनरी पाठ्यक्रमों को पूरे राज्य से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। इन पाठ्यक्रमों में बिहार के 38 में से 30 जिलों के छात्रों ने नामांकन कराया है, जो पशुपालन से जुड़े कौशल आधारित अध्ययन के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। यह पहल राज्य सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सहयोग से की गई है।

पशुधन विकास से संबंधित डिप्लोमा पाठ्यक्रम, जो पटना और किशनगंज स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में संचालित है, उसमें कुल 60 सीटों के विरुद्ध 54 छात्रों ने दाखिला लिया है। ये छात्र बिहार के 26 जिलों से आए हैं। वहीं पशु चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीक के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 30 सीटों के मुकाबले 21 छात्रों का नामांकन हुआ है, जिसमें 13 जिलों का प्रतिनिधित्व है। इसके अलावा कृत्रिम गर्भाधान प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम के दो बैचों में कुल 40 सीटों पर 27 छात्रों ने प्रवेश लिया



है, जो 17 जिलों से हैं। नवप्रवेशी छात्रों के लिए पटना स्थित बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह थे।

इस अवसर पर बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जे.के. प्रसाद, किशनगंज पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ। चंद्रहास, प्रवेश समिति के अध्यक्ष डॉ। अजीत कुमार तथा पारावेटरिनरी विज्ञान विद्यालय के प्रमुख डा. रमेश तिवारी सहित कई वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।

कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में पहली बार शुरू किए गए ये पारावेटरिनरी पाठ्यक्रम पशुपालन क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाले साबित होंगे। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में आधुनिक पशु चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ परंपरागत और घरेलू उपचार विधियों को भी शामिल किया गया है, ताकि किसानों को कम खर्च में उनके गांव और घर के पास ही बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं से पशुओं की नस्ल सुधार में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। दूध उत्पादन का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा पशुओं की आनुवंशिक क्षमता पर निर्भर करता है। सही ढंग से रिकॉर्ड रखने और वैज्ञानिक पद्धति अपनाने से किसान अपने ही पशुओं से उन्नत नस्ल विकसित कर सकेंगे और उन्हें बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा।

# अंडारी गांव के दलान से हथियार व शराब के साथ 11 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** गौरीचक थाना क्षेत्र के अण्डारी गांव में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियार और शराब के साथ 11 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव के एक दलान में कुछ लोग हथियारों के साथ एकत्र होकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई की गई। सूचना के सत्यापन के बाद गठित पुलिस टीम ने अण्डारी गांव में छापेमारी की।



इस दौरान मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में पुलिस ने 02 देशी कट्टा, 07 जिंदा कारतूस, 01 मिस फायर कारतूस, 02 मोटरसाइकिल तथा 11.155 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु कुमार, अमित कुमार, सोनू कुमार उर्फ रजनीश कुमार, अमलेश कुमार, गौतम कुमार, सन्दु कुमार, रौशन कुमार, सुरजीत कुमार, बन्टी कुमार, मो। गुलाम और मनीष कुमार शामिल हैं। अधिकांश आरोपी अण्डारी गांव, थाना गौरीचक के निवासी बताए जा रहे हैं। मामले को लेकर सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार एवं गौरीचक थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो कोई बड़ी आपराधिक घटना हो सकती थी। उन्होंने कहा कि बरामद हथियार और शराब को लेकर आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि इसके पीछे के नेटवर्क और सप्लाई चैन का खुलासा किया जा सके। इस घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दलान में संदिग्ध गतिविधियां पहले भी देखी जा रही थीं, जिससे लोगों में भय का माहौल था। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस का कहना है कि अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# बर्फीली हवाओं से कांप रही राजधानी, अगले 4-5 दिन और चुनौतीपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** राजधानी पटना से लेकर उत्तर और पूर्वी बिहार के जिलों तक भीषण ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है. रविवार को पूरे दिन ठिठुरन भरी ठंड और बर्फीली पछुआ हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया. मौसम विभाग की चेतावनी ने साफ कर दिया है कि फिलहाल इस कड़ाके की ठंड से निजात मिलने वाली नहीं है। पटना समेत पूरे बिहार में घना कोहरा और कड़ाके की ठंड से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और ठंडी पछुआ हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और मौसम विभाग के अनुसार अगले चार से पांच दिनों तक शीत दिवस व घने कोहरे से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। रविवार की सुबह पटना समेत कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। कुछ इलाकों में थोड़ी देर के लिए धूप निकली, लेकिन बादलों की मोटी चादर ने उसे जल्द ही ढक लिया। दिनभर 11 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली ठंडी हवाओं ने तापमान को और नीचे धकेल दिया, जिससे दिन में भी कनकनी बनी रही। राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों में मौसम के मिजाज में आए अचानक बदलाव से कड़ाके की ठंड बढ़ गई है। उत्तर भारत में पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पछुआ हवाओं के असर से बिहार का तापमान लगातार नीचे जा रहा है। बीते 24 घंटों के दौरान दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे दिन में भी लोगों को स्वेटर, जैकेट और अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। शनिवार और रविवार को पटना, गया, नालंदा, नवादा, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, सहरसा और मधेपुरा समेत कई जिलों में दिनभर धूप निकलने के बावजूद ठंडी हवाओं के कारण कोई खास राहत नहीं मिली। पटना में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान में भी लगातार गिरावट का दौर जारी है। ठंड के साथ-साथ घने कोहरे ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह और देर रात को दृश्यता बेहद कम होने के कारण सड़क और रेल यातायात पर असर पड़ा है। कई जगहों पर वाहन चालकों को धीमी गति से चलने को मजबूर होना पड़ा। पटना समेत उत्तर और पूर्वी बिहार के जिलों में सुबह के समय कोहरे के कारण आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। पटना एयरपोर्ट पर भी कोहरे का असर देखा गया, जहां कुछ उड़ानों के आगमन और प्रस्थान में देरी की सूचना है। हालांकि हालात सामान्य बनाए रखने के लिए एयरपोर्ट प्रशासन सतर्क है।

# जैविक खाद को लेकर गांवों में जागरूकता अभियान

## मसौढ़ीके जगपुरा में सीताराम सिंह दे रहे हैं प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता/शशि तुलस्यान



**मसौढ़ी।** खेतों में लगातार हो रहे रासायनिक खाद के प्रयोग से न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है, बल्कि खाद से उपज होने वाले फसल भी हानिकारक हो रहे हैं। ऐसे में अब गांव-गांव में जैविक खाद के प्रति किसानों को जागरूक किय जा रहा है। मसूरी के जगपुरा गांव के सीताराम सिंह जो अपने खेतों में तकरीबन 500 क्विंटल जैविक खाद तैयार कर रहे हैं। इसे बनाने के लिए कई महिला किसान भी प्रशिक्षण ले रही हैं। तकरीबन, 2 दर्जन से अधिक गांव में अब तक जाकर जैविक खाद के प्रति लोगों को वो जागरूक कर चुके हैं। लगातार सरकार भी रासायनिक खाद के बदले जैविक खाद के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चला रही है. जैविक खाद में प्रयोग में आने वाले गाय का गोबर, मूत्र, मछली एवं कुक्कुट का मल मूत्र, केचुआ सब को मिलाकर एक बड़े से गड्ढे में डालकर उसमें पानी डालकर केवल 6 महीने तक उन्हें दबाकर तैयार किया जाता है. उसके बाद तैयार खाद को खेतों में डाला जाता है, जिससे पैदावार अच्छी होती है.रासायनिक खाद का प्रयोग खेतों में होने से खेतों की उर्वरा शक्ति एवं कार्बनिक पदार्थों में कमी आ जाती है। ऐसे में सरकार भी जैविक खेती के लिए लगातार किसानों को जागरूक कर रही है. किसानों को भी जैविक खेती करनी चाहिए, जिससे फसल अच्छी होगी और खेत की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ किसानों की सेहत भी अच्छी होगी।

# धारदार वस्तु से साला को मार कर किया जख्मी, जीजा गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार की है जहां पर दहेज प्रताड़ना मामले में आरोपित पति जेल से छूटने के बाद रविवार की शाम को अपने ससुराल पुरानी बाजार गया था, इस दौरान ससुराल वालों से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई, उसके बाद कुछ देर के लिए अखाड़ा बन गया जहां जमकर दोनों तरफ से मारपीट हुई। इस दौरान विकास कुमार पिता धर्मेंद्र चौहान को गंभीर रूप में जख्मी कर दिया जिसे आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक बार फिर से आरोपी जीजा देवराज जो धीराबिगहा टेहटा निवासी को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल बताया जाता है कि कुछ महीने पहले देवराज की पत्नी ललिता देवी ने अपने पति पर दहेज एवं प्रताड़ना मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। उस मामले में गिरफ्तार होकर देवराज को जेल भेज दिया गया था और हाल ही में देवराज जेल से छूटा था और एक बार फिर से रविवार को अपने ससुराल चला गया था जहां किसी बात पर फिर से जमकर मारपीट हुई थी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## पुनपुन पुलिस ने 500 लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को पुनपुन पुलिस ने खैरूद्दीन चक गांव में सघन छापेमारी की, जहां तकरीबन 500 लीटर महुआ शराब को नष्ट किया गया। इसके अलावा 30 लीटर देसी शराब को भी जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि खैरूद्दीन चक गांव में बड़े पैमाने पर शराब बनायी जा रही है। टीम गठित करते हुए छापेमार की गई जहां छापेमारी के दौरान धडल्ले से शराब ध बनाई जा रही थी।

# वरिष्ठ नागरिकों की प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर की गतिविधियों में भागीदारी की मांग

## पेंशनर समाज की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी रामनगर स्थित पेंशनर भवन में बिहार पेंशनर समाज सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मसौढी विधायक अरुण मांझी, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंकज प्रभु और वार्ड पार्षद उर्वशी कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, संचालन प्रोफ़ेसर सुबोध कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर समाज के सचिव रमाकांत रंजन किशोर ने विधायक अरुण मांझी से मांग की बैंक में जब भी वरिष्ठ नागरिक जाते हैं उन्हें घंटो लाइन लगानी पड़ती है। बुजुर्गों को काफी परेशानी होती है ऐसे में विधायक ने संबोधन के दौरान उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही सभी बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक करके उन सबों को दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए एक अलग से विंडो बनाने की बात करेंगे। इसके अलावा पेंशनर समाज भवन के निचले तल्ले पर मरम्मती का भरोसा जताया। इसके साथ ही अरुण मांझी ने संबोधन के दौरान कहा है कि हम विधायक बनकर यहां राज करने नहीं बल्कि आपका बेटा बनकर सेवा करने आए हैं। आप सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद मिले तो मसौढी विधानसभा में 5 सालों में चौहमुखी विकास करके हम दिखाएंगे। पूर्व मुख्य पार्षद पंकज प्रभु ने कहा की मसौढी का पेंशनर समाज के सभी सदस्य काफी जागरूक हैं और काफी सक्रिय भूमिका में रहते हैं ऐसे में इन सबों का अनुभव का लाभ लेना चाहीए। कार्यक्रम में बिहार पेंशनर समाज के सभी सदस्यों का जुटान रहा।

# मसौढ़ी प्रीमियर लीग क्रिकेट का आगाज, 15 दिनों तक चलेगा टूर्नामेंट

## 10 टीमें हुईं शामिल, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को मसौढ़ी प्रीमियर लीग क्रिकेट सीजन-2, का शानदार आगाज हुआ। जिले के विभिन्न हिस्सों से क्रिकेट खिलाड़ी इस प्रीमियर लीग का हिस्सा बन रहे हैं। ये टूर्नामेंट 15 दिनों तक चलेगा। 10 टीमों को इसमें एंट्री दी गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद मसौढी के मुख्य पार्षद पिंकी देवी एवं कांग्रेस के नेता धुरी शर्मा ने संयुक्त रूप से किया, मौके पर मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती एवं कई गण्यमान्य भी शामिल रहे। पहले दिन सूर्या लीजेंड्स और पैंथर्स लीजेंड्स के दिग्गज आमने सामने हुए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्या लीजेंड्स की टीम ने 14 ओवर्स में 181 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया जिसमें कप्तान विकाश ने 27 गेंद में 43 रन बनाए गेंदबाजी में आलोक कुमार और मुस्कान ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। जवाब में विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैंथर्स लीजेंड्स के दिग्गजों ने मात्र 11.3 ओवर्स में ही 182 रनों के लक्ष्य को 1 विकेट गवाकर आसानी से जीत लिया। पैंथर्स लीजेंड्स के तरफ से मनीष कुमार ने धमाकेदार पारी खेली और मात्र 34 गेंदों में नाबाद 102 रन बना डाले जिसमें 15 लम्बे- लम्बे छक्के जड़े। इस मैच को पैंथर्स लीजेंड्स ने आसानी से 9 विकेट से जीत लिया। मनीष कुमार को शानदार शतक के लिए मैन ऑफ दी मैच चुना गया। इस अवसर पर लीजेंड क्रिकेट लीग के संयोजक मुकुल कुमार शर्मा, अध्यक्ष राधे यादव, सचिव मोहम्मद अरफराज साहिल, महासचिव पालटन सिंह, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, के अलावा खुशबूरानी, विकास यादव, मृत्युंजय पेरियार, मृत्युंजय पांडेय, इंद्रमणि देवी, आशा किरण सिंह, सीपी मंडल, शाहिद आलम, सदन मोहन मांझी, लालमोहन सिंह, संतोष कुमार अनमोल, समदर्शी, मसूद राजा, सुरेंद्र गुप्ता, मेराज अंसारी, उदय चंद्रवंशी, अनामी शरण सिंह छोटू इराकी आदि शामिल रहे।

# जरूरतमंदों को कंबल देकर की गई राहत देने की कोशिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के नदवां स्थित आरडीआरसी मेमोरियल शिक्षण संस्थान, बीएड कॉलेज में रविवार को जहानाबाद के पूर्व सांसद चन्देश्वर चन्द्रवंशी की माता स्व. रामदेई देवी एवं पिता स्व. रामचंद्र प्रसाद की 17वीं पुण्यतिथि पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर फुलवारी के विधायक श्याम रजक मसौढी की विधायक अरुण मांझी समेत कई गण्यमान शामिल रहे। पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि प्रत्येक साल ठंड के दिनों में जरूरतमंद लोगों के बीच उन्हें ठंड से बचाने के लिए अपने पिता और माता जो स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं उनके याद में यह कार्यक्रम किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत में मसौढी एवं फुलवारी विधायक ने दिवगंत स्वतंत्रता सेनानियों के तैलचित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किए। इस अवसर पर लालती देवी एजुकेशनल एण्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग एवं असहाय लोगो के बीच कम्बल वितरण आयोजित कार्यक्रम मे असहाय व गरीबों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

# कारा प्रशासन एवं बंदियों के बीच वॉलीबॉल मैच का आयोजन, बंदियों ने मारी बाजी

## बंदियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करना उद्देश्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** नव वर्ष के आगमन के मौके पर कारा प्रशासन और बंदियों के बीच वॉलीबाल मैच का आयोजन कराया गया जिसमें बंदी की टीम ने बाजी मारी। बंदी टीम की तरफ से निक्कू कुमार को बेहतर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जेलर गौतम कुमार ने बताया कि इस खेल का आयोजन के माध्यम से जेल प्रशासन ने सुधारात्मक एवं सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। प्रतियोगिता को देखने और प्रोत्साहित करने के लिए कारा के सभी कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। जेल परिसर को इस अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया था। बंदियों को टीमों में बांटकर मैचों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के बीच जीत की चाह के साथ-साथ अनुशासन और आपसी समन्वय देखने को मिला, जो इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था। जेलर गौतम अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम बंदियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने बताया कि खेल गतिविधियाँ तनाव कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बंदियों के प्रदर्शन की सराहना की और भविष्य में ऐसे और भी आयोजन करने की बात कही।

# लापता किशोर का सातवें दिन भी नहीं मिला सुराग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी थाना क्षेत्र के ब्रह्मर्षी कॉलोनी के रहने वाले इंटर कक्षा का छत्र किशू शर्मा उर्फ रोहित पिछले 7 दिनों से लापता है लेकिन अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है जिसको लेकर परिजनों में दहशत का माहौल है। दरअसल वह अपने घर से कोचिंग करने के लिए बीते 29 दिसंबर को निकाला था। उसके बाद वह घर नहीं लौट पाया है थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर दी गई है लेकिन अभी तक पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों को सिर्फ आश्वासन ही मिला है ऐसे में रविवार को थाना में पहुंचकर भारी संख्या में लोग पहुंचे

## परिजनों ने बरामदगी के लिए लगाई गुहार

और गुहार लगाई हैं लापता हुए किशु शर्मा के नाना डॉ सतीश कुमार ने बताया कि मुझे आशंका है कि उसे कोई अपहरण कर लिया है पूरा परिवार दहशत में है बीते 29 तारीख से ही वह लड़का गायब है सुबह में 10:30 बजे वह घर से निकला था लेकिन अभी तक कोई पता नहीं मिल पाया है हम इन सब लोग चिंतित हैं। पुलिस भी सिर्फ आश्वासन देते नजर आ रही है इस पूरे मामले में थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिसिया खोजबीन की जा रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सोमनाथ : अटूट आस्था...

है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे। इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्ज़ागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा। ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया। सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के. एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया लेकिन उसकी चेतना अमर रही। इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। अनादि काल से सोमनाथ जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को जोड़ता आया है। सदियों पहले जैन परंपरा के आदरणीय मुनि कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य यहां आए थे और कहा जाता है कि प्रार्थना के बाद उन्होंने कहा, भवबीजाङ्कुरजनना रागाद्याः क्षयमुपगता यस्य। अर्थात उस परम तत्व को नमन जिसमें सांसारिक बंधनों के बीज नष्ट हो चुके हैं। जिसमें राग और सभी विकार शांत हो गए हैं। आज भी दादा सोमनाथ के दर्शन से ऐसी ही अनुभूति होती है। मन में एक ठहराव आ जाता है, आत्मा को अंदर तक कुछ स्पर्श करता है, जो अलौकिक है, अव्यक्त है। 1026 के पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद 2026 में भी सोमनाथ का समुद्र उसी तीव्रता से गर्जना करता है और तट को स्पर्श करती लहरें उसकी पूरी गाथा सुनाती हैं। उन लहरों की तरह सोमनाथ बार-बार उठता रहा है। अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं, जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। ये विश्वास का वो स्वर है, जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है। अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है, तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सभ्यतागत ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। जय सोमनाथ!

### बिहार की पांच पत्थर ...

रकवा करीब 37.5 एकड़ है। बता दें कि गयाजी में एक जबकि शेखपुरा जिले की सात खदानों से पत्थर खनन की स्वीकृति पांच साल के लिए दी गई थी। गयाजी जिले के इकलौते खदान के पट्टे की समयसीमा 15 दिसंबर 2025 को समाप्त हो गई है। शेखपुरा जिले के चार में से एक खदान के पट्टे की समयसीमा 26 नवंबर 2025 व तीन अन्य खदानों के पट्टों की अवधि दिसंबर 2025 में अलग-अलग तिथि को समाप्त चुकी है। शेष बची तीन खदानों से ही पत्थर खनन हो रहा है। इन तीनों खदानों में से दो के पट्टे की समय-सीमा 13 जून 2026 और एक खदान के पट्टे की समयसीमा 16 अगस्त 2026 को समाप्त होगी।

### बिहार में तीन लाख ...

सहायिका को मिलाकर कुल लाभार्थियों की संख्या तीन लाख से अधिक है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों और जमीनी स्तर पर सेवा देने वाले कर्मियों को गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। सरकार के इस फैसले को सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

# स्वामी विवेकानंद स्वास्थ्य यात्रा के तहत पालीगंज में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

## पटना एम्स एवं पीएमसीएच के डॉक्टरों ने दिया सहयोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पालीगंज (पटना)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग की ओर से स्वामी विवेकानंद स्वास्थ्य यात्रा के अंतर्गत दानापुर जिले के नगर और विभिन्न प्रखंडों में कुल 25 स्थानों पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में पटना एम्स, आईजीआईएमएस और पीएमसीएच के डॉक्टरों की टीम ने सहयोग किया। संघ की ओर से बताया गया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर हर वर्ष सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में रविवार को पालीगंज के खपुरा पैक्स गोदाम स्थित महादलित टोला में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां बीमार और जरूरतमंद लोगों का मुफ्त इलाज किया गया तथा आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। इस शिविर में सैकड़ों लोगों का इलाज पटना एम्स के डॉ. भव्या, डॉ. किशोर, पप्पू कुमार तथा पीएमसीएच के रिद्धि सुमन और अक्षित द्वारा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार दानापुर जिले में दानापुर नगर में 11, नौबतपुर में 2, मसौढ़ी में 2, नंदवा में 1, पुनपुन में 1, फुलवारी में 2, मनेर में 2, बिहटा में 1, बिक्रम में 1, दुल्हिनबाजार में 2 और पालीगंज में 1 स्थान पर स्वास्थ्य शिविर लगाए गए।

### स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का किया गया इलाज

**मसौढ़ी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मसौढ़ी, के द्वारा, स्लम बस्ती दाउद्पुर के पीएलएस कॉलेज के पास सेवा भारती स्वामी विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत लगाया गया सेवा कैंप। जिसमें पटना एम्स के डॉक्टरों डॉ लावण्या एवं डॉ सौम्या और उनके सहयोगी के द्वारा लोगों का मुफ्त इलाज एवं दवा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के मसौढ़ी नगर कार्यवाह संतोष कुमार गुप्ता और खंड शारीरिक प्रमुख लव प्रकाश एवं कार्यक्रम के कार्यकर्ता सुजीत कुमार और जय किशोर मौजूद रहे।यह शिविर संघ के सेवा कार्यों और स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहाँ स्थानीय समुदाय को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

# स्मैक, नशीली दवाएं व इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** परसा बाजार थाना पुलिस ने इलाके में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को स्मैक और नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नशीला सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बीरेंद्र कुमार, पिता साधु यादव, तथा अमन कुमार, पिता कृष्णा प्रसाद, दोनों निवासी कुर्थाल, थाना परसा बाजार के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से स्मैक की 10 पुड़िया कुल वजन लगभग 3 ग्राम, एविल के 55 इंजेक्शन, 220 सुई (निडिल), एक भेन पाइप, दो मोबाइल फोन तथा 1300 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। थाना अध्यक्ष मेनका रानी का कहना है कि दोनों युवक इलाके में नशे के अवैध कारोबार से जुड़े हो सकते हैं. बरामद सामान को जब्त कर लिया गया है और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# राष्ट्रीय अधिवेशन में कसौंधन जाति के उत्थान पर जोर

## कसौंधन जाति को केन्द्र में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग और बिहार में अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** कसौंधन जाति (वैश्य जाति की उपजाति) को भारत सरकार की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने एवं बिहार सरकार की पिछड़ा वर्ग की सूची से अति पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग ने एक बार फिर से जोर पकड़ ली है। इसके लिए रविवार को औरंगाबाद के दाउदनगर स्थित संस्कार विद्या नॉलेज सिटी के परिसर में भारत के दर्जनों राज्यों से आए हजारों की संख्या में लोग एकजुट हुए। यहां राष्ट्रीय युवा कसौंधन वैश्य महासभा और राष्ट्रीय कसौंधन महिला महासभा का दसवां स्थापना दिवस समारोह के तत्वाधान में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया था। इस दौरान सभी ने कसौंधन जाति का पूर्ण रूप से उत्थान करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्रा, विधान पार्षद जीवन कुमार, राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष संतोष कसौंधन, नगर परिषद औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, जिला पार्षद श्वेता गुप्ता, वैश्य चेतना समिति के अध्यक्ष इं सुंदर साहू आदि शामिल हुए। राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा पुरूष सुरेश गुप्ता ने की। ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्रा ने सभी को एकजुट करने के लिए आनंद प्रकाश की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को एक दूसरे से मिलने-जुलने और समाज को जानने-पहचानने का मौका मिला है। विधायक ने कसौंधन जाति को भारत सरकार की राष्ट्रीय पिछड़े वर्ग की सूची एवं बिहार सरकार की पिछड़े वर्ग की सूची से अति पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग को विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष संतोष कसौंधन ने कहा कि हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में बिखरी हुई कसौंधन समाज की माला को पिरोने का काम करना है। वहीं विधानसभा, राज्यसभा और लोकसभा में हमारे समाज का कोई प्रतिनिधि नहीं है, ऐसे में अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और शिक्षा देना जरूरी है ताकि वे समाज का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को भी जोड़ कर संगठन को मजबूत करने का काम किया गया है। इससे हमारी नेतृत्व क्षमता में विकास होगा। भारत में रक्तदान करने में भी अपना समाज आगे रहता है और सबको मदद करता है। राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश ने कहा कि इस कार्यक्रम में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, नई दिल्ली के कसौंधन समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी और उसमें कई प्रस्ताव पारित किया जाएगा। कार्यक्रम में कलाकार नम्रता ओझा की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद कसौंधन, राष्ट्रीय वरीय उपाध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव प्रसाद कसौंधन, श्रवण कसौंधन, महिला अध्यक्ष रचना कसौंधन आदि मौजूद रहे।





# ट्रक-पिकअप की टक्कर में चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित ट्रक और पिकअप की टक्कर में ट्रक चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया। घटना गोह थाना क्षेत्र के कोसडिहरा मोड़ की है। जहां शनिवार की रात यह हादसा हो गई। मृतक की पहचान देव थाना क्षेत्र के खजूरी बिगहा निवासी बृजनंदन प्रजापति के 50 वर्षीय पुत्र राजनाथ प्रजापति जबकि पिकअप चालक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के असेयास गांव निवासी लालहरी यादव के 25 वर्षीय पुत्र रूपेश यादव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार ट्रक गया की ओर जा रहा था। जबकि विपरीत दिशा से आ रही पिकअप के बीच उस जगह सीधे टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक सड़क किनारे पलट गया और दबने से ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। इस दौरान दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से पिकअप चालक को पिकअप से बाहर निकाला गया और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में भर्ती करवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गयाजी रेफर कर दिया गया है, जहां वह फिलहाल जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि ट्रक और पिकअप की भीषण टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जबकि इस घटना में जख्मी पिकअप चालक मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाजरत है। फ़िलहाल, मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# दो मासूम बच्चों की हत्या करने वाली कलयुगी मां गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खुदवां थाना क्षेत्र के पथरा गांव में लड्डू खाने से दो बच्चों की हुई संदिग्ध मौत मामले में घटना के 27 दिन बाद पुलिस ने कलयुगी मां को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की पहचान उस गांव निवासी रवि भारती की पत्नी संयुक्ता कुमारी के रूप में की गई है। घटना 8 दिसंबर 2025 की है। इस दिन 6 साल के दिव्यांशु कुमार और उसकी आठ माह की बहन अंशिका कुमारी की लड्डू खाने के बाद संदिग्ध मौत हो गई थी। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही थी। आखिर मासूम बच्चों के मौत का ज़िम्मेदार कौन है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी क्रम में रविवार को पुलिस ने कलयुगी मां को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि दो बच्चों के मौत मामले में उनके मां को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में महिला ने बताया कि घरेलू विवाद में पति के अक्सर झगड़े होते थे। घटना के दिन भी पति से फोन पर विवाद हुआ था। इसके बाद गेहूं में देने के लिए छत पर सल्फास की गोली रखा हुआ था जिसे खुद भी खाई और बच्चों को भी खिलाई। कुछ समय बाद अंशिका की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद दिव्यांशु की हालत भी गंभीर हो गई। उसे रात में दाउदनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन मध्य रात्रि में उसकी भी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के उपरांत महिला को जेल भेज दिया गया।

# टीम भावना को विकसित करता है खेल : त्रिविक्रम

## औरंगाबाद में अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के गेट स्कूल में रविवार से पन्द्रहवां अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रारंभ हो गया है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने फीता काट कर एवं फुटबॉल कीक कर किया। दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के आरंभिक मैच में पंजाब की टीम ने झारखंड के धनबाद फुटबॉल क्लब को दो-शून्य से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। विधायक ने खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन में महत्वपूर्ण अंग है। साथ ही उन्होंने खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के आयोजन होने से खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान होगा। खेल न केवल शारीरिक क्षमता को मजबूत करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का भी विकास करता है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ क्षेत्र में खेल संस्कृति को भी सशक्त करते हैं। इस दौरान विधायक ने सभी खिलाड़ियों, आयोजकों एवं खेल प्रेमियों को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं। टूर्नामेंट को लेकर खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखी जा रही है। इस दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की। यह टूर्नामेंट 4 से 11 जनवरी तक आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर रवींद्र सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि सूर्यजित सिंह, वार्ड पार्षद सिकंदर हयात, सचिव मो. फकरुद्दीन सहित कई अन्य मौजूद रहे। टूर्नामेंट के दूसरे दिन आज सोमवार को जमालपुर 11 स्टार एवं दुर्गापुर के बीच खेला जायेगा।



# भीषण ठंड व शीतलहर को लेकर 7 जनवरी तक सभी स्कूल बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला दंडाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनज़र महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार सुबह और शाम के समय तापमान अत्यंत न्यूनतम रहने की संभावना जताई गई है, जिससे विशेष रूप से छोटे बच्चों के बीमार पड़ने का खतरा बढ़ गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत यह एहतियाती कदम उठाया गया है। आदेश के अनुसार औरंगाबाद जिला के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों, निजी कोचिंग संस्थानों, प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में कक्षा 8वीं तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर दिनांक 05 से 07 जनवरी 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के सभी सरकारी/निजी विद्यालयों एवं निजी कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों पर उक्त अवधि में पूर्वाह्न 11:00 बजे से पहले तथा अपराह्न 03:30 बजे के पश्चात प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा हेतु संचालित की जाने वाली विशेष कक्षाओं को इस आदेश से मुक्त रखा गया है। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड एवं मौसम की स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा परिस्थितियों के अनुरूप अग्रेतर निर्णय लिया जाएगा।

# एससी-एसटी कर्मचारी संघ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कर्मचारियों के स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्ति के कारण अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ इकाई कुटुंबा के खाली पदों को भरने के लिए रविवार को अंबा में बैठक का आयोजन किया गया। संघ के संरक्षक सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश कुमार की देखरेख में आयोजित बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष सह जिला कोषागार पदाधिकारी औरंगाबाद ई. महंत स्वरूप तथा संचालन प्रधानाध्यापक उदय कुमार ने किया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार को संघ के कुटुंबा इकाई का संरक्षक, राजकीय मध्य विद्यालय सिकरिया के प्रधानाध्यापक उदय कुमार को अध्यक्ष, मध्य विद्यालय गंगहर के शिक्षक अवधेश प्रसाद को सचिव, बीसीएम अक्षय कुमार एवं शिक्षा सेवक मिथिलेश कुमार को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। संघ के नव मनोनीत सदस्यों ने संगठन के प्रति निष्ठा रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की शपथ ली। बैठक में धर्मेंद्र प्रधान, कृष्ण राम, दिनेश राम, प्रमोद कुमार रवि, गोपाल राम, जितेंद्र राम, राम कुमार राम, नंदलाल राम, सुजीत कुमार राम, अशोक कुमार राम, गोपीचंद बैठा, सिन्हा कॉलेज के प्रोफ़ेसर प्रोफ़ेसर राम प्रकाश राम समेत दर्जनों लोग शामिल थे।



# धान खरीद नहीं होने से किसान मायूस

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पैक्स अध्यक्षों पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि धान बिक्री करने को लेकर जहां एक ओर किसान परेशान है। दूसरी ओर पैक्स के द्वारा बिचौलिया की मिलीभगत से विभिन्न तरह का बहाना बनाकर किसानों का धान खरीद नहीं किया जा रहा है जिससे किसानों को उचित मूल्य पर धान का बिक्री नहीं होने पर किसानों में मायूसी छाई हुई है। सरकार से मांग करता हूं कि किसानों की समस्या पर गंभीरता पूर्वक विचार किए जाएं। उन्होंने जिलाधिकारी और कोऑपरेटिव अध्यक्ष से भी धान खरीद में तेजी लाने की मांग की है। इस दौरान जो पैक्स किसानों के धान खरीद में आनाकानी कर रहे है। उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएं।

# विस्थापित दुकानदारों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दुकानदारों ने रविवार को सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह को मांग पत्र देकर दुकान का निर्माण कराने की मांग की है। दरअसल, शहर के शहीद जगतपति मार्केट ब्लाक सी के छह दुकानों को तोड़ने के बाद विस्थापित हुए दुकानदारों ने मांग पत्र सौंपा है। विधायक को मांग पत्र देते हुए मो. जहीर, नागेंद्र राय, शब्बीर अहमद, मो. शब्बीर खां, सीताराम मेहता एवं गिरजा राम ने कहा कि सदर अस्पताल के गेट से सटे पूरब की ओर उनकी दुकान थी जिससे घर परिवार चलता था। मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के दौरान नोटिस देकर उनकी दुकानों को तोड़ दिया गया। बाद में मौखिक आश्वासन दिया गया कि उनकी दुकानों को बनाया जाएगा। विस्थापित दुकानदारों ने कहा कि उनका आय का साधन वहीं था। इस विधायक ने मांग के संदर्भ में दुकानदारों को आश्वासन दिया है।



# पटवन करने गये किसान की मौत, ठंड लगने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के इसरौर गांव में रविवार को खेत में पटवन करने गये एक 60 वर्षीय किसान की मौत हो गयी। आशंका जतायी जा रही है कि ठंड लगने से उनकी मौत हुई है। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी सिद्धेश्वर राम के रूप में हुई है। बता दें कि लगातार कई दिनों से चल रही शीतलहरी व घने कोहरा के कारण लोगों का घरो से निकलना मुश्किल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार की सुबह में सिद्धेश्वर राम प्याज के खेत में सिंचाई के लिए गये थे। जहां अचानक खेत में ही बेहोश होकर गिर गये। घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से स्वजनों में कोहराम मच गया है।

# यात्री बन मस्जिद से मोबाइल चोरी कर फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद में चोरी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक चोर यात्री बनकर मस्जिद में देर रात रूकने का आग्रह किया और मस्जिद केयर टेकर की भावना का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी कर भाग गया। घटना की जानकारी जब मस्जिद कमेटी और स्थानीय लोगों को मिली तो उन्होंने चिंता जताई और कहा कि अब धार्मिक स्थलों पर भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। दरअसल, एक व्यक्ति शनिवार की देर रात मस्जिद पहुंचा और गाड़ी छुटने की बातें बता रात भर रुकने का आग्रह किया। इस दौरान केयर टेकर मदनपुर निवासी मो. अरमान अंसारी ने यात्री को न सिर्फ ठहरने का जगह दिया बल्कि ओढ़ने के लिए कंबल भी दिया लेकिन अहले सुबह वह व्यक्ति कंबल देने मस्जिद के कार्यालय में गया। यहांकार्यालय में सोए हुए मो. अरमान अंसारी का रखा हुआ मोबाइल फोन जिसकी कीमत चालिस हज़ार रूपये बताया जाता है उसे चुरा कर फरार हो गया। हालांकि चोरी का खुलासा तब हुआ जब मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज को खंगाला गया। चोर की पहचान रफीगंज थाना के पचार गांव निवासी मो. हैदर के पुत्र मो तौसिफ अंसारी के रूप में की गई है। घटना की शिकायत थाना में दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर।** बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन परियोजना कमिटी के तत्वावधान में पंचायत स्तरीय कमिटी गठन कार्य की शुरुआत रामनगर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र महुअरी में बैठक आयोजित कर की गयी। इस दौरान रामनगर पंचायत की सेविकाओं ने नवीनगर परियोजना कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया। इसके बाद संगठन के महासचिव श्रीकांत कुमार सिंह ने प्रत्येक केंद्र की सेविका से परिचय प्राप्त किया, उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सेविकाओं की जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान किया जायेगा। उन्होंने सभी से कहा कि केंद्र का संचालन पारदर्शी तरीके से करें और सरकार द्वारा दिये गये सभी कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करें। बैठक में पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन परियोजना कमेटी की पर्यवेक्षक रूपा कुमारी की देखरेख में किया गया। उपस्थित सभी सेविकाओं ने सर्वसम्मति से कलावती कुमारी (केंद्र महुअरी) को अध्यक्ष पद के लिए चुना। सचिव पद पर केंद्र शिव बिगहा की पिंकी कुमारी को मनोनीत किया गया। लहंग करमा की सेविका सुधा देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। उनके सहयोग के लिए उपकोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सूर्यपूरा की सेविका चंचल कुमारी को सौंपी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवीनगर परियोजना की अध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष विपिन कुमार ने संभाला। उपकोषाध्यक्ष अरुण कुमार, कलावती कुमारी, पिंकी कुमारी, चिंतामणि कुमारी, स्नेह लता देवी, सुधा देवी, मीना देवी, लाल मुनी देवी, सुनीता कुमारी और ललिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में सेविकाओं ने सक्रिय भागीदारी दिखायी और केंद्र के विकास एवं सुचारु संचालन में सहयोग का संकल्प लिया।

# देव सूर्य मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल देव स्थित त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। कड़ाके की ठंड के बीच माघ मास और नववर्ष के पहले रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य का दर्शन-पूजन किया। सुबह के समय ठंड अधिक होने के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गयी। ज्ञात हो कि देव सूर्यमंदिर के गर्भगृह में भगवान सूर्य ब्रह्मा, विष्णु और महेश के स्वरूप में विराजमान हैं। मंदिर में स्थापित प्रतिमा अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व की है। न्यास समिति के सचिव विश्वजीत राय ने बताया कि ठंड से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए हर संभव उपाय किये गये हैं।